3 राजधानी
पीजीआई एम्स की तर्ज पर विकसित करें

9 राष्ट्रीय
चंद्रबाबू नायडू मिले प्रधानंत्री मोदी से

11 विदेश
दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमला

12 स्पोर्ट्स
वेस्टइंडीज पर दक्षिण अफ्रीका की 239 रन की बढ़त

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 294
लखनऊ, रविवार, 18 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कुछ लोग राजनीतिक हित को राष्ट्र हित से ऊपर रखते हैं
राष्ट्रीय-10

## आईएमए के आह्वान पर देश भर में ठप रहीं स्वास्थ्य सेवाएं




नई दिल्ली में शनिवार को आरएमएल अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करते हुए।

सौम्या शुक्ला। नई दिल्ली

**देश भर में** शनिवार को स्वास्थ्य सेवाएँ ठप हो गईं क्योंकि सरकारी, निजी और यहाँ तक कि कुछ कॉर्पोरेट अस्पतालों के डॉक्टर और अन्य चिकित्सा कर्मचारी कोलकाता में अपने एक सहकर्मी के साथ कथित बलात्कार और हत्या के विरोध में आज सुबह 6 बजे से 24 घंटे की हड़ताल पर चले गए। ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और आईपीडी सेवाएं बंद रहीं। हालाँकि, इस कदम के कारण राष्ट्रीय राजधानी में अस्पतालों ने मरीजों, मुख्य रूप से गरीब मरीजों को दूर कर दिया, क्योंकि कई लोगों ने कहा कि हालांकि वे इस कारण से सहानुभूति रखते हैं, लेकिन वे आवश्यक चिकित्सा उपचार प्राप्त करने के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है।

### ● कोलकाता मामले के विरोध में 24 घंटे की हड़ताल पर डॉक्टर, भटकते रहे मरीज

कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और नृशंस हत्या के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा गैर-आवश्यक सेवाओं को 24 घंटे के लिए बंद करने के आह्वान के बाद यह विरोध प्रदर्शन हुआ। आईएमए, जिसके पूरे देश में 4 लाख से अधिक सदस्य हैं और चिकित्सा पेशेवरों का सबसे बड़ा संगठन है, ने रेजिडेंट और जूनियर डॉक्टरों और यहां तक कि मेडिकल छात्रों के लगातार छह दिनों तक काम बंद करने और सड़क पर आने के बाद हड़ताल का आह्वान किया। चूंकि वरिष्ठ डॉक्टर भी हड़ताल में शामिल हो गए और मरीजों को लौटा दिया, कई राज्यों में चिकित्सा सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गईं, जिससे मुख्य रूप से गरीब मरीज प्रभावित हुए, जो एम्स, सफदरजंग अस्पताल और राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल जैसी केंद्र संचालित सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए लंबी दूरी तय करके देश के विभिन्न हिस्सों से आते हैं।

एम्स में ओपीडी के लिए आए 60 वर्षीय हृदय रोगी ने कहा कि उनके पास नियमित जांच के लिए आज की तारीख थी, लेकिन हड़ताल के कारण वह नहीं मिल सकी। उन्होंने कहा, आज मेरा चेकअप हुआ था लेकिन मुझे बताया गया कि विरोध के कारण इसे रद्द कर दिया गया है। मैं डॉक्टरों की चिंताओं को समझता हूं लेकिन हमने कुछ भी गलत नहीं किया है। मुझे उम्मीद है कि हड़ताल जल्द खत्म होगी।' एक अन्य मरीज के रिश्तेदारों ने कहा कि कोलकाता में जो हुआ वह गलत था, लेकिन हड़ताल ने हम पर भी असर डाला है, साथ ही (शेष पृष्ठ 9)




## कोलकाता मामले में सीबीआई 40 लोगों से करेगी पूछताछ

पीटीआई। कोलकाता

**कोलकाता स्थित** आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष एक महिला चिकित्सक से कथित बलात्कार एवं उसकी हत्या के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को लगातार दूसरे दिन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश हुए। सीबीआई अधिकारियों ने चिकित्सकों एवं पुलिस अधिकारियों समेत करीब 40 लोगों की सूची तैयार की है, जिनसे वह पूछताछ करेगी। अभी तक 13 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। एजेंसी अस्पताल के पूर्व प्राचार्य को पूछताछ के लिए शुक्रवार को अपने साथ ले गई थी और उनसे देर रात एक बजकर 40 मिनट तक पूछताछ की गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि घोष को यहां सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय के एक कमरे में रात साढ़े नौ बजे तक बैठाया गया, जिसके बाद उनसे पूछताछ शुरू हुई। घोष दूसरी बार पूछताछ के लिए शनिवार सुबह साढ़े दस बजे से कुछ पहले सीबीआई कार्यालय पहुंचे।

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के पहले दौर में पूर्व प्राचार्य घोष से महिला चिकित्सक की मौत की खबर मिलने के बाद उनकी पहली प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया। उनसे सवाल किए गए कि उन्होंने परिवार को सूचित करने का निर्देश किसे दिया था तथा कैसे और किसने पुलिस से संपर्क किया था। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, कुछ जवाब घुमा फिरा कर दिए गए थे। उन्होंने बताया कि घोष से शुक्रवार देर रात तक पूछताछ की गई और फिर उन्हें घर जाने की अनुमति दे दी गई। घोष को शनिवार सुबह फिर से सीबीआई अधिकारियों के सामने पेश होने को कहा गया, जिसके बाद वह सीबीआई कार्यालय पहुंचे। अधिकारी के मुताबिक, घोष से साप्ताहिक रोस्टर के बारे में भी पूछा गया, जिसके अनुसार पीड़िता की 36 घंटे या कभी-कभी 48 घंटे तक की ड्यूटी लगाई गई थी। शव मिलने के दो दिन बाद इस्तीफा देने वाले डॉ. घोष ने अपने ऊपर हमला होने की आशंका जताई थी, जिसके बाद उनके वकील ने कलकत्ता उच्च न्यायालय से उन्हें सुरक्षा मुहैया कराए जाने का अनुरोध किया था। अदालत ने उन्हें एकल पीठ से संपर्क करने (शेष पृष्ठ 9)

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ चलेगा भ्रष्टाचार का केस

पीएनएस/एजेंसी। बेंगलुरु

**कर्नाटक के** राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसुरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। वहीं सिद्धरमैया ने राज्यपाल के फैसले को 'संविधान विरोधी और कानून के खिलाफ' करार देते हुए अपने इस्तीफे से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है। सिद्धरमैया ने यह भी कहा कि राज्यपाल के फैसले पर अदालत में सवाल उठाया जाएगा और वह इसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'यह चुनी हुई सरकार को हटाने की एक बड़ी साजिश है। उन्होंने (भाजपा) दिल्ली, झारखंड समेत कई राज्यों में ऐसा किया है।'



राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई से कहा, राज्यपाल ने मुख्यमंत्री के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला टी जे अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमई कृष्णा की ओर से दायर तीन अर्जी पर आधारित है। राज्यपाल सचिवालय ने प्रदीप कुमार एस पी, टी जे अब्राहम और स्नेहमई कृष्णा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 17 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 218 के तहत अर्जी में उल्लिखित कथित अपराधों के लिए सिद्धरमैया के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी के अनुरोध पर प्राधिकरण के निर्णय के बारे में सूचित किया। सिद्धरमैया ने कई बार कहा है कि यदि राज्यपाल उन्हें जारी कारण बताओ नोटिस वापस लेने की कैबिनेट की सलाह को अस्वीकार कर देते हैं तथा अभियोजन की अनुमति दे देते हैं तो उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार कानूनी और राजनीतिक (शेष पृष्ठ 9)



कानपुर और भीमसेन स्टेशन के बीच हादसे के बाद बचाव कार्य में लगे पुलिस के जवान।

## कानपुर के पास पटरी से उतरे साबरमती एक्स. के 20 डिब्बे

### ● हादसे में जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं

एजेंसी। लखनऊ, कानपुर

**वाराणसी से** अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस के कम से कम 20 डिब्बे कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात पटरी से उतर गए। हालांकि, इस हादसे में जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने बताया कि यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि यह दुर्घटना है या शरारती तत्व का काम है। उन्होंने कहा कि यह कुछ भी हो सकता है। उत्तर-मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि देर रात करीब ढाई बजे साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे कानपुर और भीमसेन रेलवे स्टेशन के बीच पटरी से उतर गए। त्रिपाठी के मुताबिक, ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी और इस हादसे में किसी के मारे जाने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, ड्राइवर ने बताया कि ट्रेन के इंजन से कोई बड़ा पत्थर टकराया, जिससे इसके अगले हिस्से में जानवरों से बचाव के लिए लगा कैटल गार्ड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर मुड़ गया। उन्होंने बताया कि (शेष पृष्ठ 9)

## तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने के लिए अमेरिकी कोर्ट की हरी झंडी

पीटीआई। वाशिंगटन

**अमेरिका की** एक अदालत ने मुंबई में 2008 हुए भीषण आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के आरोपी एवं पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसाई तहव्वुर राणा को बड़ा झटका देते हुए फैसला सुनाया है कि उसे प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत को प्रत्यर्पित किया जा सकता है। अमेरिका की नाइंथ सर्किट संबंधित अपीलीय अदाल ने 15 अगस्त को सुनाए अपने फैसले में कहा, (भारत अमेरिका प्रत्यर्पण) संधि राणा के प्रत्यर्पण की अनुमति देती है। राणा (63) ने कैलिफोर्निया में अमेरिकी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ इस अपीलीय अदालत में याचिका दायर की थी। कैलिफोर्निया की जिला अदालत ने उसकी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अस्वीकार कर दिया था। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में मुंबई में आतंकवादी हमलों में राणा की कथित संलिप्तता के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने के मजिस्ट्रेट न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी। अपीलीय अदालत के न्यायाधीशों के पैनल ने जिला अदालत के फैसले की पुष्टि की।

राणा फिलहाल लॉस एंजलिस की एक जेल में बंद है और वह 26/11 के मुंबई हमले में अपनी भूमिका को लेकर आरोपों का सामना कर रहा है। बताया जाता है कि उसका संबंध



लश्कर-ए-तैयबा में पाकिस्तान मूल के अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से है। हेडली 2008 में मुंबई में 26 नवंबर को हुए हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में एक था। राणा के पास मौजूदा फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उसके पास अब भी भारत को प्रत्यर्पित किए जाने से बचने के लिए कानूनी विकल्प बंद नहीं हुए हैं। प्रत्यर्पण आदेश संबंधित बंदी प्रत्यक्षीकरण समीक्षा के सीमित दायरे के तहत, पैनल ने माना कि राणा पर लगाए गए आरोप अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आते हैं। इस संधि में प्रत्यर्पण के लिए किसी व्यक्ति को एक अपराध के लिए दो बार दंडित नहीं किए जाने का सिद्धांत का अपवाद शामिल है।

पैनल ने संधि की विषय वस्तु, विदेश मंत्रालय के तकनीकी विश्लेषण और अन्य सर्किट अदालतों में इस प्रकार के मामलों पर गौर करते हुए माना कि अपराध शब्द अंतर्निहित कृत्यों के बजाय आरोपों को संदर्भित करता है तथा इसके लिए प्रत्येक अपराध के तत्वों का विश्लेषण आवश्यक है। तीन न्यायाधीशों के पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि सह-साजिशकर्ता की दलीलों के आधार पर किया गया समझौता किसी अलग नतीजे पर पहुंचने के लिए बाध्य नहीं करता। पैनल ने माना कि अपवाद इस मामले पर लागू नहीं होता, क्योंकि भारतीय आरोपों में उन आरोपों से भिन्न तत्व शामिल हैं, जिनके लिए राणा को अमेरिका में बरी कर दिया गया था। पैनल ने अपने फैसले में यह भी माना कि भारत ने मजिस्ट्रेट न्यायाधीश के इस निष्कर्ष का समर्थन करने के लिए पर्याप्त सक्षम सबूत पेश किए हैं कि राणा ने वे अपराध किए हैं, जिनका उस पर आरोप लगाया गया है। पैनल के तीन न्यायाधीशों में मिलन डी स्मिथ, ब्रिजेट एस बेड और सिडनी ए फिट्जवाटर शामिल थे। पाकिस्तानी नागरिक राणा पर अमेरिका की एक जिला अदालत में मुंबई में बड़े पैमाने पर आतंकवादी हमले करने वाले एक आतंकवादी संगठन को समर्थन देने के आरोप में मुकदमा चलाया गया था। (शेष पृष्ठ 9)

### कलश यात्रा



जयपुर में शनिवार को सावन के महीने में कलश यात्रा में भाग लेने जाते श्रद्धालु।

## गुरुग्राम, नोएडा के मॉल में बम की सूचना से हड़कंप

संजय मेहरा/रिंकू यादव। गुरुग्राम/नोएडा

**शनिवार की** सुबह 09.27 बजे गुरुग्राम के एंबियंस मॉल में बम रखा होने की धमकी भरा ईमेल मिला। जैसे ही यह सूचना मॉल स्टाफ व अन्य लोगों को मिली तो हड़कंप मच गया। सुबह के समय लोगों की भीड़ कम थी। ऐहतियात के तौर पर जो भी लोग मॉल में थे, उन्हें तुरंत बाहर निकाल दिया गया। इसके बाद पुलिस ने मॉल में चप्पे-चप्पे की तलाश ली। जांच पूरी होने के बाद पुलिस की ओर से कहा गया कि ऐसी कोई वस्तु उन्हें मॉल में नहीं मिली। इससे साफ है कि यह मेल सिर्फ अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने के लिए की गई थी। नोएडा के डीएलएफ मॉल में भी बम होने की सूचना संबंधी एक मेल आया, जिसमें जांच के बाद कुछ नहीं निकला।

### ● दोनों स्थानों पर पुलिस ने मॉल खाली कराकर की जांच, जिसमें कुछ नहीं निकला

एंबियंस मॉल में बम होने की सूचना मिलते ही पुलिस अधिक दल-बल सहित मौके पर पहुंचे। बम निरोधक दस्ते की टीमें भी मॉल में पहुंची। मॉल की बिल्डिंग को खाली करवा लिया गया। पुलिस के मुताबिक एंबियंस मॉल प्रबंधन को बम विस्फोट की धमकी ईमेल के जरिये सुबह 9.27 बजे मिली थी। यह मेल नोएडा के मॉल ऑफ इंडिया व पुणे समेत कई अन्य पतों पर भेजा गया था। मेल में लिखा है कि- मैंने बिल्डिंग में बम लगाए हैं। बिल्डिंग के अंदर मौजूद हर व्यक्ति मारा जाएगा, आप में से कोई भी बच नहीं पाएगा। आप मौत के लायक हैं। मैंने बिल्डिंग में बम इसलिए लगाए, क्योंकि मुझे अपनी जिंदगी से नफरत है। मेल में यह भी लिखा है कि-इस हमले के पीछे पैगी और नोरा हैं। एसीपी डीएलएफ विकास कौशिक के मुताबिक पुलिस टीमों ने मॉल के कोने-कोने की जांच कर ली है। (शेष पृष्ठ 9)

## पेरिस से वतन लौटने पर विनेश फोगाट के स्वागत में बिछाए पलक पांवड़े

पीटीआई। नई दिल्ली

**पेरिस ओलंपिक** में महिलाओं के 50 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बावजूद अधिक वजन होने के कारण पदक नहीं जीत पाने वाली भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक जैसे स्टार खिलाड़ियों के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। विनेश फूल मालाओं से लदी थी। उन्होंने खुली जीप में सवार होकर लोगों का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा विनेश के साथ थे और उन्होंने इस पहलवान को मिठाई खिलाई। विनेश ने हाथ जोड़कर कहा, मैं पूरे देश का आभार व्यक्त करती हूं। इसके बाद यह विशाल काफिला विनेश के साथ हरियाणा में उनके गांव बलाली रवाना हुआ। पूरे रास्ते में लोग उनके स्वागत के लिए खड़े थे और इस पहलवान ने भी उनका आभार व्यक्त किया। हुड्डा ने विनेश को विजय का प्रतीक गदा भेंट की जिसे देखकर विनेश भावुक हो गईं और उनके पति सोमवीर ने उन्हें सांत्वना दी। हुड्डा ने ट्विटर पर कई पोस्ट डालर 29 वर्षीय विनेश के जुझारूपन की तारीफ की। उन्होंने ट्वीट किया, हमारी नजर में आप पहले भी विजेता रही हैं और भविष्य में भी विजेता रहेंगी। आपके साहस, संघर्ष और दृढ़ संकल्प ने ना केवल करोड़ों देशवासियों का दिल जीता है, बल्कि



नई दिल्ली में आईजीआई एयरपोर्ट पर भावुक दिखी पहलवान विनेश फोगाट।

आप देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

अपने गांव रवाना होने से पहले विनेश ने दिल्ली के द्वारका में एक मंदिर में पूजा अर्चना भी की। इस दौरान उनके लगभग 50 समर्थक उनकी जीप के पीछे चल रहे थे। विनेश के आगमन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले किए गए वजन में उनका वजन 100 ग्राम अधिक निकला था जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। विनेश ने संयुक्त रूप से रजत पदक दिलाने के लिए खेल पंचाट में अपील की थी जिसके कारण वह पेरिस में रुकी रही। खेल पंचाट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया था। साक्षी मलिक ने कहा, वह लंबे समय बाद स्वदेश लौटी है। वह काफी भावुक है। वह कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताएगी और खुद को शांतचित्त रखेगी। विनेश ने महिलाओं के लिए जो कुछ किया है वह सराहनीय है। वह भले ही पदक हासिल नहीं कर पाई लेकिन हमारे लिए वह चैंपियन है। लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता गगन नारंग ने विनेश को चैंपियन करार दिया। यह दोनों एक ही उड़ान से दिल्ली पहुंचे थे। नारंग ने पेरिस हवाई अड्डे पर विनेश के साथ खींची गई तस्वीर को एक्स पर पोस्ट किया। (शेष पृष्ठ 9)

ललित व राजकुमार को मिलेंगे एक-एक करोड़.. (पृष्ठ 2)

## लखनऊ हवाईअड्डे पर रेडियोधर्मी पदार्थ से संबंधित अलार्म बजने से हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चौधरी चरण सिंह** (अमौसी) हवाईअड्डे पर कैंसर रोगियों के लिए दवाइयों से भरी एक खेप से रेडियोधर्मी पदार्थ का अलार्म सक्रिय होकर बज गया, जिससे शनिवार को हड़कंप मच गया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के मुख्य परिचालन अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने एक बयान में बताया, कैंसर रोगियों के लिए दवाइयों से भरी एक खेप ने लखनऊ हवाईअड्डे के कार्गो क्षेत्र में रेडियोधर्मी पदार्थ के लिए अलार्म सक्रिय कर दिया। अलार्म बजने के कारण का पता (शेष पृष्ठ 9)

# इंडियन हॉकी का परचम लहराने वाले ललित व राजकुमार को एक-एक करोड़ का पुरस्कार

● पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को मिलेगी 10-10 लाख की सहायता धनराशि

● राजकुमार पाल को पुलिस में सीधे डिप्टी एसपी के पद का सौंपा जाएगा नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री ने गाजीपुर में आयोजित भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में की घोषणा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गाजीपुर

**पेरिस** ओलंपिक में इंडियन हॉकी का परचम लहराने वाले कांस्य पदक विजेता उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय और राजकुमार पाल को राज्य सरकार की ओर से एक-एक करोड़ रुपये की सहायता धनराशि दी जाएगी। साथ ही पेरिस ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपये की सहायता धनराशि दी जाएगी। कार्यक्रम में पेरिस ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाली मेरठ की पारूल चौधरी, प्रियंका गोस्वामी, अनु रानी और प्राची सभी को आमंत्रित किया जाएगा और उन्हे सम्मानित किया जाएगा। उन्हे यह धनराशि उनके सम्मान में लखनऊ में आयोजित समारोह में दी जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गाजीपुर में आयोजित भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में की। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले राजधानी लखनऊ में टोक्यो ओलंपिक के विजेताओं और प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजीपुर में मेघबरन स्टेडियम और स्व. तेज बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में खेल की दीक्षा लेकर 1980 के बाद फिर से भारतीय हॉकी का वैश्विक मंच पर परचम लहराने वाले हॉकी खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय और राजकुमार पाल का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक में भारत ने 1 रजत और 5 कांस्य पदक जीते, जिसमें उत्तर प्रदेश के इन दो खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी के साथ प्रदेश के इन खिलाड़ियों ने दुनिया को बता दिया कि ओलंपिक में फिर से भारतीय हॉकी के दिन आने वाले हैं। इसकी शुरुआत इन्होंने कर दी है। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ी युवा ऊर्जा के धनी हैं। उनकी प्रतिभा और ऊर्जा देश के गौरव को बढ़ाने वाली है। सीएम योगी ने कहा कि ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व चैंपियनशिप, एशियन गेम्स समेत विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से अलग से पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इसमें ओलंपिक में एकल में गोल्ड मेडल जीतने पर 6 करोड़, रजत मेडल पर 4 करोड़, कांस्य पदक पर 2 करोड़ रुपये की राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाती है जबकि ओलंपिक में टीम गेम्स में स्वर्ण पदक पर तीन करोड़, रजत पदक पर 2 करोड़ और कांस्य पदक पर एक करोड़ रुपए की धनराशि दी जाती है। इसी तरह एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक पर 3 करोड़, रजत पर डेढ़ करोड़ और कांस्य पर 75 लाख रुपए सरकार उपलब्ध कराये जाते हैं। इसके अलावा कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक पर डेढ़ करोड़, रजत पर 75 लाख और कांस्य पदक पर 50 लाख रुपए की राशि खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से दी जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में पहले की सरकारें खेल को अपना पूरा जीवन देने वाले एवं देश का गौरव दुनिया में बढ़ाने वाले खिलाड़ियों के भविष्य की चिंता नहीं करती थी। वहीं हमने खेल पॉलिसी बनायी और खेल नीति के तहत इसे लागू कर खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित किया। वहीं प्रधानमंत्री की प्रेरणा से देश में खेलो इंडिया, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल के प्रति जागरूकता पैदा हुई। इतना ही नहीं खेल और खिलाड़ी के प्रति सम्मान का भाव जागृत हुआ। हर जनपद में खेल और खिलाड़ियों के खेल की गतिविधियों के लिए नई-नई व्यवस्थाएं प्रारंभ हुई। इसी के तहत उत्तर प्रदेश ने तय किया कि निजी खेल अकादमी को भी सहायता दी जाएगी। इसी के तहत मेघबरन सिंह स्टेडियम के नवनिर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से पांच करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गयी। इतना ही नहीं प्रदेश में अवकाश ग्रहण कर चुके अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को कोच के रूप में नियुक्त किया जा रहा है। इसके तहत कई खिलाड़ियों का चयन डेढ़ लाख रुपए प्रति माह पर किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि हॉकी खिलाड़ी ललित कुमार उपाध्याय को एक वर्ष पहले टोक्यो ओलंपिक में मेडल जीतने पर सीधे डिप्टी एसपी के पद पर नौकरी दी गयी थी। अब वह खेल भी रहे हैं और साथ में उत्तर प्रदेश पुलिस बल का भी मान बढ़ा रहे हैं। इतना ही नहीं वह प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि क्रिकेट के लिए दीप्ति शर्मा, एथलेटिक्स के लिए पारूल चौधरी, शूटिंग के लिए अखिल शेवरान, कबड्डी के लिए अर्जुन देशवाल आदि को सीधे डिप्टी एसपी बनाया गया है। इसके अलावा विजय कुमार यादव और दिव्या काकरान को नायब तहसीलदार की नियुक्ति दी है। वहीं अर्जुन सिंह को यात्री कर अधिकारी, प्राची और पुनीत कुमार को जिला युवा कल्याण अधिकारी के पद पर नियुक्ति भी प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसे 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिये गये हैं।

## कांग्रेस में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा से प्रेरित होकर प्रदेश के जनपद आज़मगढ़ से पीआर गौतम ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश महासचिव व प्रभारी संगठन अनिल यादव के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

# महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबन से जोड़ने के लिए उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदम

## 18 हजार महिलाओं को निशुल्क ई-रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने की पहल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश की बेटियों और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मिशन शक्ति के तहत योगी सरकार प्रदेश की 18 हजार बहनों को निशुल्क ई रिक्शा प्रशिक्षण के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस और सस्ती ब्याज दरों पर ई रिक्शा दिलाने का प्रबंध कर रही है। यही नहीं, सरकार की तरफ से ई रिक्शा पर 50 हजार रुपए तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। प्रत्येक जनपद से 250 और प्रदेश भर से 18 हजार बहनें सरकार की इस योजना से जुड़कर स्वरोजगार की ओर बढ़ रही हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर योगी सरकार ने इन सभी प्रशिक्षण केंद्रों में राखी के इस त्योहार को सेलिब्रेट करने का निर्णय लिया है।

योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें स्वरोजगार उन्मुख ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ रही है। यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत ई रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित किया गया है। इसके तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम को यूपीकॉन द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत प्रत्येक जनपद से 250 महिलाओं का चयन किया गया और उनको ई रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं प्रैक्टिकल के साथ साथ क्लास रूम ट्रेनिंग भी दी गई, जिसमें उन्हें ई रिक्शा और ड्राइविंग रूल्स के विषय में बताया गया। यही नहीं योजना के अंतर्गत महिलाओं को ई रिक्शा की पिंक ड्रेस भी प्रदान की जा रही है और सेफ्टी किट भी उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं को आरटीओ के सहयोग से ड्राइविंग लाइसेंस भी दिलाने में मदद की गई है। इसके अतिरिक्त उनको मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंक से सस्ती दरों पर ई रिक्शा के लिए लोन दिलाने और 50 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रदान करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की गई है। मिशन शक्ति के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पार्ट में आयोजित किया गया। पहले चरण में 56200 महिलाओं (प्रति जनपद 750) को 6 दिन का प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें तीन दिन महिलाओं के वर्क प्लेस से संबंधी सेफ्टी, सिक्योरिटी, और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई थी। इसके बाद तीन दिन उनको उद्यमिता विकास की ट्रेनिंग कराई गई थी। फेज 2 में 250 महिलाएं प्रति जनपद के हिसाब से 18000 महिलाओं को ई रिक्शा ट्रेनिंग दी गई है। ड्राइविंग डोमेन में स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण की अवधि 6 माह की है। प्रशिक्षण के लिए महिलाओं का चयन मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की गाइडलाइंस के तहत किया गया। इसमें 10वीं पास 18 से 40 वर्ष की महिलाओं का चयन किया गया।

प्रवीण सिंह ने बताया कि योजना के तहत ई रिक्शा की स्टैंडर्ड कॉस्ट 1.98 लाख रुपए निर्धारित की गई है। हमने जेम पोर्टल के माध्यम से ई रिक्शा कंपनीज का चयन किया है। ये कंपनियां लिथियम आयन बैटरी वाले ई रिक्शा बनाती हैं जो सबसे उच्चतम क्वालिटी के होते हैं। 1.98 हजार में योजना के अंतर्गत योग्य पाई जाने वाली महिलाओं को 49 हजार 500 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। बाकी की राशि के लिए बैंकों से सस्ती दरों पर लोन दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम नवंबर 2023 से शुरू हुआ है। अभी बैचवार यह कार्यक्रम चल रहा है।

इस परियोजना का उद्देश्य चयनित महिला उम्मीदवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उपयुक्त कौशल में प्रशिक्षित कर सशक्त बनाना है। इससे न सिर्फ वो अपने परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकेंगी, बल्कि सड़क पर महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की रोल मॉडल के रूप में महिलाओं को प्रेरित करेंगी। यही नहीं, इससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट के साधनों में पुरुष एकाधिकार भी समाप्त होगा और परिवहन के लिए महिलाओं को अपनी सुविधानुसार वाहन चालक चुनने का विकल्प भी मिलेगा।

# प्रदेश में बिजली दरें बढ़ने का रास्ता फिलहाल बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में बिजली दरें बढ़ाने का रास्ता फिलहाल बंद हो गया है। राज्य विद्युत नियामक आयोग की पांच अगस्त को हुई पिछली बैठक में बिजली दरों में कटौती किए जाने के प्रस्ताव को दर्ज कर लिया गया है। अब आयोग अगले माह इस पर अपना फैसला सुनाएगा।

विद्युत विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि गत पांच अगस्त को राज्य विद्युत नियामक आयोग की संवैधानिक कमेटी और राज्य सलाहकार समिति की बैठक हुई थी। बैठक की लिखित कार्यवाही में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा प्रस्तुत बिजली दरों में कटौती के प्रस्ताव को शामिल कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब नियामक आयोग द्वारा इस प्रस्ताव पर अगले महीने तक फैसला लिए जाने की उम्मीद है। तब तक राज्य में बिजली दरों में बढ़ोतरी का रास्ता बंद हो गया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने एक बयान में बताया कि बिजली कंपनियों को वर्ष 2015-16 में केंद्र सरकार द्वारा लाई गई उदय योजना का लाभ उपभोक्ताओं को देना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस हिसाब से बिजली कंपनियों को राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं को 33 हजार 122 करोड़ रुपए लौटाने हैं। वर्मा ने कहा, इसे (33 हजार 122 करोड़ रुपए) समायोजित करने के लिए बिजली कंपनियां या तो बिजली दरों में एक साथ 40 प्रतिशत की कमी लाएं या फिर अगले पांच वर्षों तक दरों में हर साल आठ फीसद की कटौती करें। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता परिषद ने पांच अगस्त को हुई राज्य सरकार समिति की बैठक में यही प्रस्ताव पेश किया, जिसे कार्यवाही में दर्ज कर लिया गया है और अब नियामक आयोग इस पर फैसला करेगा।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

सूचित हो कि मेरी आयुर्विज्ञान व शल्य विज्ञान स्नातक 1987 की मार्कशीट प्रथम प्रोफेशनल, द्वितीय प्रोफेशनल, तृतीय प्रोफेशनल एवं डी० ओ०एम०एस० 1991 की मार्कशीट कही खो गई है। डा. जमील अहमद S/o स्व० अब्दुल खान R/o खुर्रमनगर विकास नगर लखनऊ 226022

### सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र पंकज कुमार व उसकी पत्नी सुसुमा देवी (सुषमा देवी) को उनका चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। मदन लाल पुत्र जराखन लाल निवासी–ग्राम मातिनपुर फत्तेपुर,परगना–हरगांव,तहसील व जिला–सीतापुर

### सूचना

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंग्रेजी में (Moeen Uddeen) की जगह (Moin Uddin) होना चाहिए था अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए मोईन उद्दीन पुत्र हसन अख्तर निवासी मकान नंबर 43 ए हाता बसारत पूरा वलदी कीडगंज प्रयागराज।

### सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने बड़े पुत्र अनिल व उसकी पत्नी खुशबू को उनका चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। गुड्डी पत्नी हिमांचल निवासी–मोहल्ला लोनियन पुरवा,थाना–कोतवाली नगर,तहसील व जिला–सीतापुर

### सूचना

### सार्वजनिक सूचना

मैं श्रुति प्रसाद पत्नी श्री शैशव गौर निवासिनी–फ्लैट नं0–टी–07/901, 9वां तल, एल्डिको सौभाग्यम, वृन्दावन लखनऊ, विक्रय विलेख दिनांक– 20.07.2017, बही सं0–1, जिल्द 22562 पृष्ठ 375 से 406 क्रमांक सं–10505 जो विकास श्रीवास्तव व अनुपमा तिवारी के पक्ष मे निष्पादित है जो फ्लैट नं0–टी–07/901 है, जोकि नवे तल, एल्डिको सौभाग्यम, वृन्दावन लखनऊ के सम्बन्ध मे है, मै आगे बताती हूँ की मैं एस0बी0आई शाखा–लखनऊ यूनीवर्सिटी से सम्पत्ति पर न्याय संगत बंधक बनाना चाहती हूँ, यह सार्वजनिक सूचना एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0, 51, कस्तूरबा रोड, बैंगलुरु, दिनांक–22.12.2021 पहले ही डेली न्यूज पेपर न्यू इण्डियन एक्सप्रेस मे प्रकाशित कर चुकी हूँ।
यदि किसी को कोई आपत्ति है तो कृप्या एस0बी0आई0 की उपरोक्त शाखा से सम्पर्क करे मो0–7600066799, 9908002242

# दलगत राजनीति से ऊपर उठें राजनीतिक दलः मायावती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कोलकाता में चिकित्सक के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म करने और फिर उसकी हत्या की घटना पर शनिवार को राजनीतिक दलों से दलगत राजनीति से ऊपर उठने का आग्रह किया। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, बंगाल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और फिर हत्या की घटना से पूरा देश चिंतित और आक्रोशित है, फिर भी तृणमूल कांग्रेस सरकार अपने बचाव में इसे धार्मिक और राजनीतिक रंग देने में लगी है, वहीं विपक्ष भी इस मामले में कम नहीं। ऐसे में दोषियों को सख्त सजा और पीड़ित परिवार को न्याय कैसे मिले इसकी चिंता जरूरी। उन्होंने कहा, अतः इस मामले में आरोप-प्रत्यारोप आदि को त्याग कर असली दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आगे आना होगा। पीड़ित परिवार ने मुआवजा नहीं लेने और न्याय की बात कही है, उनकी पीड़ा और घटना को लेकर इंसाफ के तकाजे पर सभी को गंभीर होने की जरूरत। बसपा नेता ने कहा, इस घटना को लेकर चिकित्सकों और मेडिकल छात्रों का आंदोलन भी अपनी जगह सही है जिसका समर्थन भी है, लेकिन इस दौरान गरीब मरीजों के इलाज की तरफ भी जरूर ध्यान दिया जाए तो यह उचित होगा। साथ ही, सरकार अस्पतालों और चिकित्सकों की भी सुरक्षा और सम्मान का विशेष ध्यान रखें।

# आरक्षण विरोधी है भाजपा सरकारः अजय राय

● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, 69000 शिक्षक भर्ती मामले में न्याय और संविधान की जीत हुई



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

69000 शिक्षक भर्ती मामले में हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सभी चयन सूचियां को रद्द कर नई चयन सूची बनाकर आरक्षण नियमावली 1994 में निहित प्रावधानों के अनुसार नियुक्ति किए जाने का आदेश दिया है।

उक्त मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी है। दलित और पिछड़ों के हक के लिए सिर्फ जबानी जमा खर्च करने वाली भाजपा सरकार हर कदम पर उनके साथ छल करती है, इतना ही नहीं भाजपा सरकार दलित और पिछड़ों को उनके जायज हक से महरूम रखने का रखने का हर संभव प्रयास करती है।

राय ने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट की सिंगल और डबल बेंच से सरकार के आरक्षण विरोधी चेहरे को बेनकाब किया गया है। हालत यह हैं कि सरकार के अपने मंत्री और सहयोगी दल, सरकार को आरक्षण के मुद्दे पर आइना दिखा रहे हैं। सच तो यह है कि सरकार के वे मंत्री जो आज फैसले को सही बता रहे हैं वो भी इस अन्याय पर चुप थे जबकि पीड़ित अभ्यर्थियों ने इन सभी के दरवाजों पर न्याय की गुहार लगाई थी। यह तब भी चुप थे जब न्याय मांगने पर अभ्यर्थियों को लाठियां से पीटा जा रहा था। अजय राय ने कहा कि जब अभ्यर्थी मुख्यमंत्री आवास से लेकर इको गार्डन तक न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इशारे पर उनका दमन किया जा रहा था तब केशव मौर्य जी जैसे सरकार के मंत्री जो आज अपनी राजनीति बचाने के लिए उनके शुभेच्छु बन रहें है उस वक्त मौन की चादर ओढ़े हुए थे। इतना ही नहीं भाजपा के सहयोगी दल सुभाषपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी अभ्यर्थियों को लात मारने का सुझाव दे रहे थे।

सच तो यह है कि इस भाजपा सरकार और उसके सहयोगी दलों का आरक्षण के मामले पर यही चाल, चरित्र और चेहरा है। अजय राय ने कहा कि योगी सरकार तत्काल हाई कोर्ट द्वारा सुझाए गए एवं आरक्षण के सभी नियमों का पालन करते हुए नई सूची जारी करे एवं पिछले 5 साल से इन अभ्यर्थियों का दमन करने के कारण एवं न्याय की आवाज दबाने की कोशिश के लिए इन अभ्यर्थियों से माफी मांगे।

# अपने हक के लिए 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने लंबा संघर्ष कियाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए लेकिन सरकार को जो काम करना चाहिए बीजेपी की सरकार ने उसे नहीं किया। अखिलेश यादव ने कहा कि अपने हक के लिए 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने बहुत लम्बा संघर्ष किया। हमें उम्मीद है कि उन बच्चों को न्याय मिलेगा। बच्चों की मांग पूरी होगी। उनके साथ नाइंसाफी नहीं होगी। उनको हक मिलेगा। ये शिक्षक भर्ती अभ्यर्थी बहुत परेशान हुए हैं। सरकार ने इनको बहुत अपमानित किया। मुख्यमंत्री आवास गये हों, या मंत्रियों के आवास, जहां भी गये हैं उन्हें अपमानित होना पड़ा। उम्मीद हैं कि सरकार उनके साथ भेदभाव और अन्याय नहीं करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। समाजवादी सरकार में पूर्वांचल को आजमगढ़, जौनपुर, चंदौली समेत कई जिलों में मेडिकल कॉलेज दिये गये थे लेकिन भाजपा सरकार उन्हें सुचारू ढंग से नहीं चला पा रही है। मेडिकल कॉलेजों में न मेडिकल स्टाप पूरे है न दवा और टेक्निकल स्टाप नहीं है। मशीन चलाने वाले नहीं है। मेडिकल कॉलेज खण्डहर की तरह दिखाई दे रहे है। गरीबों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। अखिलेश यादव ने 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में हाईकोर्ट के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अपने हक के लिए शिक्षक अभ्यर्थियों ने लम्बी लड़ाई लड़ी। हाईकोर्ट का धन्यवाद देता हूॅं। कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया। पिछड़े और दलित वर्ग के अभ्यर्थियों का संघर्श कामयाब रहा। सरकार से कहना चाहता हूॅं कि जो अधिकार संविधान में मिले हुए हैं उसे न छीने और पिछड़े, दलित शिक्षक अभ्यर्थियों को उनका अधिकार दे। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताएगी। आने वाले समय में जो भी चुनाव होंगे पार्टी ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती की आखिरकार भाजपाई घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार की शिकार साबित हुई। हमारी मांग है कि नये सिरे से न्याय पूर्ण तरीके नई सूची बने जिससे पारदर्शी और निष्पक्ष नियुक्तियां सम्भव हो सके और भाजपा काल में प्रदेश में बाधित हुई शिक्षा व्यवस्था पुनः पटरी पर आ सके। हम नई सूची पर लगातार निगाह रखेंगे और किसी भी अभ्यर्थी के साथ कोई हकमारी या नाइंसाफी न हो सके।

# कॉरपोरेट के सहयोग से प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने में मिला हिंदुजा का साथ

● हिंदुजा ग्रुप ने शुरू किया 'रोड टू स्कूल' प्रोजेक्ट

## पहले चरण में गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालय शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**प्राथमिक** शिक्षा के कायाकल्प में लगातार काम कर रही योगी सरकार कॉरपोरेट सेक्टर के सहयोग से शिक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ कर रही है। कॉरपोरेट के सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से जहां कई विद्यालय अत्याधुनिक संसाधनों से संपन्न होकर स्मार्ट बने हैं तो वहीं अब प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, ड्राप आउट रोकने, बच्चों में पठन पाठन के प्रति अभिरुचि बढ़ाने, उनके स्वास्थ्य देखभाल और उन्हें खेल एवं कौशल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए भी संजीदगी से प्रयास हो रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक इस काम तो कर ही रहे हैं, अब इसमें कॉरपोरेट सेक्टर ने भी दिलचस्पी दिखाई है। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार के प्रयासों के मुरीद हुए हिंदुजा ग्रुप ने बच्चों के समग्र विकास के लिए 'रोड टू स्कूल' को यूपी में भी शुरू किया है। इसका औपचारिक शुभारंभ 20 अगस्त को गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

बड़े औद्योगिक घराने हिंदुजा ग्रुप की इकाई अशोक लीलैंड लिमिटेड ने अपने कार्यान्वयन भागीदारी लर्निंग लिंक फाउंडेशन के साथ मिलकर 'रोड टू स्कूल' प्रोजेक्ट में प्रथम चरण में गोरखपुर के चरगांवा ब्लॉक के सभी 78 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों को सम्मिलित किया है। इस ब्लॉक में प्रोजेक्ट के तहत काम शुरू भी हो चुका है। चरगांवा ब्लॉक में रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट का फायदा कक्षा एक से आठ तक के 17781 छात्रों को मिलेगा। जबकि दूसरे चरण में भटहट ब्लॉक के सभी 90 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों को शामिल किया जाएगा। दूसरे चरण में 16434 छात्र लाभान्वित होंगे। अशोक लीलैंड लिमिटेड और लर्निंग लिंक फाउंडेशन के इस साझा पहल को उत्तर प्रदेश में पहली बार लागू किया जा रहा है। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कुछ राज्यों और कश्मीर में इसके सफल परिणाम आए हैं। रोड टू स्कूल सरकारी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों के छात्रों के बीच सीखने के अंतराल के मुद्दों पर कार्य करता है। इसमें छात्रों के समग्र विकास के लिए एक आधारभूत ढांचा तैयार करने पर खासा जोर है। रोड टू स्कूल में एक ऐसे मापनयोग्य मॉडल पर काम किया जाता है जिससे बच्चों के शैक्षिक और सह शैक्षिक, दोनों के विकास के साथ विद्यालय में उनकी उपस्थिति में सुधार किया जा सके और ड्राप आउट की समस्या दूर हो सके। रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट का लक्ष्य बच्चों के बीच आधारभूत शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और कला शिक्षा में सुधार करना है। यह प्रोजेक्ट निपुण भारत मिशन के अनुसार बुनियादी शिक्षा स्तरों में सुधार करने के लिए काम करेगा। मसलन बच्चों में विज्ञान और गणित को लेकर दिलचस्पी बढ़े और उनमें विषय की अभिव्यक्ति विकसित हो। बच्चों के समग्र स्वास्थ्य विकास को लेकर इस प्रोजेक्ट में शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण आधारित पाठ्यक्रम चलेंगे। चयनित विद्यालय में बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया कार्यक्रम को लागू किया जाएगा। जबकि कौशल विकास के लिए बच्चों में निहित हुनर को तलाश कर उसे तराशा जाएगा।

प्रोजेक्ट 'रोड टू स्कूल' के तहत प्रत्येक दो विद्यालय के लिए एक रिसोर्स पर्सन की तैनाती की व्यवस्था है। चरगांवा ब्लॉक में सभी 78 विद्यालयों के सापेक्ष 50 रिसोर्स पर्सन की तैनाती कर दी गई है। दूसरे चरण में भटहट ब्लॉक में भी 50 रिसोर्स पर्सन तैनात किए जाएंगे। रिसोर्स पर्सन को दिए गए दायित्व की निगरानी व मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक ब्लॉक के लिए पांच वरिष्ठ रिसोर्स पर्सन की तैनाती रहेगी। इसके अलावा विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण कार्यक्रम गतिविधियों को लागू करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में पांच प्रोजेक्ट एसोसिएट रहेंगे। रोड टू स्कूल प्रोजेक्ट में प्रत्येक विद्यालय को शिक्षण सहायक सामग्री और बच्चों को गणितीय योग्यता में दक्ष बनाने के लिए गणित किट प्रदान की जाएगी। खेलो इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप बच्चों में खेल की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए एक खेल किट भी दी जाएगी।

गोरखपुर के जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश बताते हैं कि मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुदृढ़ता आ रही है। इसमें 'रोड टू स्कूल' प्रोजेक्ट भी भागीदार बन रहा है। इससे गुणात्मक और संख्यात्मक दोनों लिहाज से शिक्षा क्षेत्र में और भी मजबूती आएगी। यह प्रोजेक्ट 100 प्रतिशत छात्रों के नामांकन बनाए रखने और छात्रों को आगे की कक्षा में बढ़ाने के लिए कार्य करेगा। साथ ही इसमें खेल, कौशल विकास के अलावा सभी छात्रों को स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं से अवगत कराकर उनके समग्र विकास पर जोर दिया जाएगा।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 18 अगस्त 2024



# पूरी संवेदना व करुणा भाव से उपचार करें चिकित्सकः आनंदीबेन

## केजीएमयू के 20 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने मेधावियों को प्रदान कीं 1152 उपाधियां व 47 पदक

● एमबीबीएस की छात्रा देवांशी कटियार को चांसलर गोल्ड व हीवेट गोल्ड सहित मिले 15 मेडल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्यपाल** व राज्य विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ का 20 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में राज्यपाल ने चिकित्सा विश्वविद्यालय में कुल 1152 उपाधियों एवं 15 मेधावियों को 47 पदकों का वितरण किया, जिसमें 36 स्वर्ण पदक, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक शामिल हैं। कुलाधिपति द्वारा सभी 1,152 उपाधियों को बटन दबाकर डिजिलॉकर पर अपलोड किया गया। एमबीबीएस की छात्रा देवांशी कटियार को चांसलर गोल्ड मेडल तथा केजीएमयू का सबसे प्रतिष्ठित हीवेट गोल्ड मेडल सहित 15 मेडल से नवाजा गया। उन्होंने छात्राओं द्वारा छात्रों से अधिक मेडल प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह नारी सशक्तिकरण एक उत्तम उदाहरण है। समारोह में डॉ. राजीव बहल एवं न्यूरोलॉजिस्ट प्रो. आशुतोष तिवारी को डीएससी की मानद उपाधि से कुलाधिपति ने सम्मानित किया तथा प्रो. मानचंद्र को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड एवं विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षकों को भी प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे सभी पीढ़ी के लिए एक आदर्श बनने के साथ ही नव भारत के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति को विश्व कल्याण एवं वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति बताते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिकों से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सक रोगियों के स्वास्थ्य एवं प्राण रक्षक की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से रोगियों का पूरी संवेदना और करूणा भाव से उपचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को अपना आदर्श व मार्गदर्शक बनाएं तथा अपने कार्यों से चिकित्सा के पेशे को गौरवान्वित करें। चिकित्सकों को उन्होंने रोगियों के मददगार के साथ-साथ उनका मित्र भी बताते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा की सार्थकता तब है जब उनमें मानवीय संवेदना शामिल हो। कुलाधिपति ने युवा चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेडिकल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में शामिल है। मेडिकल शिक्षा और पेशेवर नैतिकता के उच्च मानकों को बनाये रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास से चिकित्सा क्षेत्र में भी तकनीकी प्रयोगों से वृहद परिवर्तन की संभावना है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस रोबोटिक सर्जरी तथा अत्याधुनिक तकनीकों से स्वास्थ्य क्षेत्र को नयी दिशा प्राप्त होगी। दीक्षांत समारोह में आमंत्रित बच्चों के बारे में उन्होंने कहा कि यह उनके भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने में सहायक हो सकता है। उन्होंने बच्चों से खुली आंखों से सपने देखने तथा उसे पूरा करने के लिए मेहनत और लगन से जुट जाने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि मरीजों को भगवान एवं माता-पिता तुल्य समझकर उनकी सेवा करें। उन्होंने कहा कि मानव मात्र के कल्याण के लिए तथा समाज के अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करें। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग एवं महानिदेशक भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, भारत सरकार डॉ. राजीव बहल ने युवा चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चिकित्सक को सत्यनिष्ठा एवं मानवता के सेवा भाव को मन में रखकर कार्य करना चाहिए।

# गैर सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों का शुल्क निर्धारित करें: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



● शुल्क निर्धारण समिति का गठन न करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई का भी आदेश

**वर्ष** 2024-25 सत्र के लिए गैर सहायता प्राप्त व सम्बद्ध मेडिकल कॉलेजों की शुल्क निर्धारण का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने दिया है। पीठ ने कहा है कि शुल्क निर्धारण की कार्यवाही चार हफ्ते में पूरी कर ली जाए। पीठ ने इसके साथ ही मुख्य सचिव को उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का भी आदेश दिया है जिन्होंने शुल्क निर्धारण समिति का गठन करने में विलम्ब किया है।

जस्टिस आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश यूपी अन-एडेड मेडिकल एंड अलॉयड साइन्सेज कॉलेज वेलफ़ेअर एसोसिएशन व 17 अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। पीठ ने अपने निर्णय में राज्य सरकार के 11 जुलाई 2024 के उस शासनादेश को भी निरस्त कर दिया है, जिसके द्वारा इन कॉलेजों के लिए सत्र 2023-24 में निर्धारित शुल्क को 2024-25 के लिए बढ़ा दिया गया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार को संबंधित प्राविधान के तहत शुल्क निर्धारण का अधिकार नहीं है। शुल्क निर्धारण समिति ही विचार के उपरांत शुल्क का निर्धारण कर सकती है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से याचिका का विरोध किया गया। पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात शुल्क निर्धारण समिति को सत्र 2024-25 के लिए शुल्क निर्धारण प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया। साथ ही इन संस्थानों को एक हफ्ते में शुल्क वृद्धि के संबंध में आवश्यक दस्तावेज समिति के समक्ष पेश करने को कहा। पीठ का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में छह माह पूर्व ही शुल्क का निर्धारण हो जाना चाहिए था। बावजूद इसके निर्धारण समिति का गठन ही नहीं किया गया।

# कोलकाता घटना के विरोध में यूपी में ठप रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

**लखनऊ।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में उत्तर प्रदेश में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से जुड़े निजी डॉक्टरों ने शनिवार को काम पूरी तरह से ठप रखा। निजी डॉक्टरों की हड़ताल से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई।

उधर, घटना को लेकर लखनऊ में लगातार प्रदर्शन कर रहे किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के जूनियर डॉक्टरों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर काला रक्षा बंधन मनाया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से केजीएमयू में ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से बाधित रहीं। सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों के संगठन प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ (पीएमएस) ने हड़ताली डॉक्टरों को नैतिक समर्थन देते हुए अस्पतालों में काम जारी रखा। निजी डॉक्टरों की हड़ताल के कारण सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। आईएमए की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल ने कहा, हमारे युवा डॉक्टर रात में मरीजों की जान बचाने के लिए अस्पतालों की आपात सेवाओं में काम करते हैं, लेकिन कब उनके साथ बलात्कार हो जाए, कब उनकी हत्या कर दी जाए, कुछ पता नहीं। हम डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए सरकार से कानून बनाने और अस्पतालों को अनिवार्य सुरक्षा अधिकारों के साथ सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने की मांग करते हैं। पालीवाल ने कहा कि शनिवार सुबह से शुरू हुआ डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार रविवार सुबह छह बजे तक जारी रहेगा, जिससे इस अवधि में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहेंगी।

# मंत्री सुरेश खन्ना ने वार्डों का औचक निरीक्षण कर देखी सफाई व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● गंदगी देखकर भड़के, जोनल अधिकारी का वेतन काटने का नगर आयुक्त को दिया निर्देश



**प्रदेश** के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को प्रात: 7 बजे नगर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के जोन 6 के चार वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के लिए जाते समय रास्ते में बुद्ध विहार शांति उपवन के पास दोपहिया वाहन के एक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखकर अपनी फ्लीट को रुकवा दिया। उन्होंने घायल व्यक्ति का हाल जाना एवं तुरंत उसे अपनी फ्लीट से गाड़ी उपलब्ध कराते हुए घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचवाया। अधिकारियों को उसके इलाज हेतु निर्देशित भी किया। प्रभारी मंत्री ने शनिवार को हैदरगंज वार्ड 2 एवं 3, कल्याण सिंह वार्ड एवं कन्हैया माधोपुर वार्ड का निरीक्षण किया। मंत्री वार्डों में सफाई व्यवस्था को लेकर काफी असंतुष्ट दिखे। उन्होंने हैदरगंज वार्ड में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए जोनल अधिकारी का वेतन काटने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया। उन्होंने कहा कि सभी जोनों के जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन में नियमित निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था एवं नालियों की सफाई को सुनिश्चित कराएं। खन्ना ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि खाली पड़े प्लाटों को चिन्हित कर उनके मालिकों को नोटिस देकर उनकी बाउंड्री वॉल कराई जाए। उन्होंने कहा कि खाली पड़े प्लाटों पर कूड़ा एवं गंदगियां होती हैं जिससे बीमारियां फैलती हैं और मच्छर इत्यादि पैदा होते हैं। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड के सभी गलियों में सफाई कर्मी नियुक्त हो तथा उनका नाम व नंबर भी डिस्प्ले किया जाए जिससे क्षेत्र वासियों को उनके बारे में जानकारी हो। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पूरे नगर निगम में सफाई का माहौल रहे। लखनऊ प्रदेश की राजधानी होने के नाते सभी के लिए एक रोल मॉडल है इसलिए यह रोल मॉडल जैसा दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार जब से आई है तब से सबसे ज्यादा फोकस जन सुविधाओं एवं साफ-सफाई पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि साफ सफाई एवं शुद्ध पेयजल से तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है की शहर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि इस पर लोगों को जागरूक करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि किसी को भी किसी भी प्रकार की समस्या चाहे वह स्वच्छता हो, पेयजल हो या सड़क हो नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान लखनऊ नगर निगम की मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म के आरोप में 10 वर्ष की सजा

**लखनऊ (विसं)।** एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोप में पॉक्सो की विशेष अदालत ने अभियुक्त गोविंद रावत को दोषी करार दिया है। विशेष जज मोहम्मद कमरुज्जमा खान ने इसे 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। 19 अक्तूबर 2017 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना विकासनगर में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील शैलेश कुमार सिंह के मुताबिक आरोपी पांच रुपए का लालच देकर आठ वर्षीय पीड़िता के साथ गंदी हरकत करता था। उसे गंदी गंदी पिक्चर दिखाता था। तबियत खराब होने पर पीड़िता ने यह बात अपने घरवालों को बताई। पीड़िता के पिता ने जब आरोपी से पूछताछ की, तो उसने औकात में रहने की धमकी दी।

## पति व सास को 10 वर्ष की जेल

**लखनऊ (विसं)।** दहेज हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए गए आरोपी पति अनिल यादव व सास अमिता यादव को 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। एडीजे पुष्कर उपाध्याय ने इन पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोंका है। 12 सितंबर 2018 को इस मामले की एफआईआर सुरेंद्र कुमार यादव ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। करीब 10 माह पहले सुरेंद्र की बहन सीमा की शादी अनिल से हुई थी। सरकारी वकील एमपी तिवारी के मुताबिक सीमा को ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। उससे दहेज में 10 लाख रुपए की मांग हो रही थी। 12 सितंबर की सुबह सूचना मिली कि ससुराल में सीमा की मौत हो गई है।

# एम्स की तर्ज पर विकसित करें पीजीआई: ब्रजेश पाठक

● उपमुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अफसरों को दिए निर्देश, उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** ब्रजेश पाठक ने शनिवार को एनक्सी सभागार में आहूत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि एसजीपीजीआई को हमें एम्स की तर्ज पर विकसित करना है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पीजीआई में नए विभाग भी खुलेंगे। हमारी प्राथमिकता प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और हम इस दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि इस बैठक की तर्ज पर प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्थानीय स्तर पर विभागीय समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएं। जहां भी कुछ कमी मिले, उसका तत्काल निस्तारण हो।

उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, स्टेट इनोवेशंस इन फैमिली प्लानिंग सर्विसेज प्रोजेक्ट एजेंसी, सांचीज एवं उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैसिलिटी के कार्यों की भी डिप्टी सीएम ने समीक्षा की। मिशन निरामया की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में हम अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एड्स की जांच और इलाज की हमारे पास सबसे अच्छी व्यवस्था है। एक मिशन की तरह जांच अभियान चलाए जाएं ताकि कोई मरीज न छूटे। चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों के साथ आहूत बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित है, उनका लाभ सीधे आमजन को मिलना चाहिए। किसी भी अस्पताल में दवाओं की कमी नहीं है। यूपी देश में अकेला ऐसा राज्य है, जो चिकित्सकों को पांच लाख रुपए तक वेतन दे रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को इलाज मुहैया कराया जाए। उन्होंने पीजीआई में बेड की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश भी दिए। कहा कि अस्पताल में आने वाला कोई भी मरीज बगैर इलाज के न लौटे।

बैठक में राज्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार मयंकेश्वर शरण सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा, एसजीपीजीआई, लखनऊ व कल्याण सिंह कैंसर इंस्टिट्यूट के निदेशक प्रो. आरके धीमान, यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, सैफई के कुलपति प्रो. पीके सिंह, राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, पीजीआईसीएच, नोएडा के निदेशक प्रो. एके सिंह, जीआईएमएस, ग्रेटर नोएडा के निदेशक ब्रि. प्रो. राकेश गुप्ता, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. संजीव मिश्रा, सीबीएमआर, लखनऊ के निदेशक प्रो. आलोक धवन एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में सात साल से फरार दो अभियुक्त महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**हत्या** के मुकदमे में लगभग 7 वर्षों से फरार और 50- 50 हजार रुपए के दो पुरस्कार घोषित अभियुक्तों प्रशांत उर्फ मोनू और विभाश शुक्ला उर्फ रजत उर्फ प्रभात शुक्ला को एसटीएफ ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया। दोनों प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

थाना मेजा जनपद प्रयागराज पर धारा 302, 504, 506 भादवि के अंतर्गत दर्ज मुकदमें दोनों वांछित थे। एसटीएफ का सूचना मिली कि महाराष्ट्र प्रान्त के थाणे शहर में छिपकर रह रहे हैं। जिसके बाद एक टीम महाराष्ट्र रवाना की गई। अभियुक्तों को नीलकंठ वुड्स, मुल्ला बाग थाणे शहर से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त प्रशान्त उर्फ मोनू उर्फ विभास शुक्ला ने बताया कि वह वर्ष 2017 में अपने गांव का ग्राम प्रधान था। उसके पट्टीदार शंकर शुक्ला से चुनावी रंजिश चल रही थी। इसी बात को लेकर 18-06-2017 को शंकरजी शुक्ल परानीपुर घाट से बालू खरीद कर आ रहे थे, तभी बाबा महाराज और भृंगारी के बीच ओवरटेक कर रोकते हुए यह और इसका भाई रजत उर्फ प्रभात शुक्ला द्वारा कट्टे से फायर करके गोली मार दिये थे। जिससे शंकरजी शुक्ल घायल हो गये और उनकी बाद में मृत्यु हो गयी। उसके बाद यह लोग भदोही और लखनऊ में छिपकर रह रहे थे। इसके बाद परिवार के साथ वर्ष-2021 में मुम्बई आकर रहने लगे और थाणे में बाउंसर का काम करने लगे। इनको जानकारी हुई कि इनके विरुद्ध जो मुकदमा पंजीकृत हुआ था उसमें पुरस्कार हो चुका है। तब यह लोग गिरफ्तारी के भय से और सतर्क रहने लगे।

# कुकरैल के विरासत वृक्ष वाटिका में रक्षाबंधन पर भाई-बहन लगाएंगे 'एक पेड़ मां के नाम'

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में पर्यावरण वनाच्छादन बढ़ाने की पहल तेजी से रंग ला रही है। वन विभाग की पहल पर अब रक्षाबंधन पर भाई-बहन के रिश्ते को और प्रगाढ़ता देते हुए पौधरोपण कराया जाएगा। रक्षाबंधन पर भाई-बहन पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लेंगे। 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनअभियान-2024' के तहत सोमवार को लखनऊ में कुकरैल स्थित विरासत वृक्ष वाटिका में भाई-बहन 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौध रोपण करेंगे। वन विभाग ने इस पुनीत अवसर के लिए कई भाई-बहनों से संपर्क भी साधा है। वहीं पौधों को रक्षासूत्र बांधकर पेड़ बनाने तक का संकल्प लिया जाएगा। यहां आम लोग भी पौधरोपण कर सकेंगे। सीएम योगी के हरित आवरण को बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर लखनऊ के साथ ही अन्य वन प्रभागों में भी इस पहल को मूर्त रूप दिया जाएगा।

रक्षाबंधन पर लखनऊ में कुकरैल स्थित विरासत वृक्ष वाटिका के पास पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए वन विभाग अपनी तैयारी कर रहा है। लखनऊ के प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय ने बताया कि कुछ युवाओं (भाई-बहनों) से भी संपर्क साधा गया है। कुकरैल स्थित विरासत वृक्ष वाटिका में भाई-बहन पौधरोपण करेंगे। यहां पौधरोपण के लिए लगभग अब तक दो सौ भाई-बहनों से संपर्क साधा जा चुका है।

उन्हें बुलाकर यहां पौधरोपण कराया जाएगा। इस दिन वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी पौधरोपण करेंगे। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधरोपण अनिवार्य है। पौधरोपण के उपरांत यहां पौधों को रक्षासूत्र भी बांधा जाएगा। फिर युवा संकल्प लेंगे कि इस पौधे को पेड़ बनने तक रक्षा करेंगे। इसमें सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। वन विभाग के मुताबिक हरे पौधों को रक्षासूत्र बांधकर इनकी सुरक्षा व संरक्षा का संकल्प लिया जाएगा। पेड़ छाया और ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। जिस तरह बहनें भाई को राखी बांधती हैं तो भाई सुरक्षा का विश्वास दिलाता है, उसी प्रकार पेड़ लगाकर उसे सुरक्षा का विश्वास दिलाते हुए प्रकृति के रूप में सार्थक उपहार दिया जाएगा।

पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत एक दिन (20 जुलाई) में 36.51 करोड़ पौधे लगाए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में पौधरोपण किया था। 30 सितंबर तक यह अभियान चलेगा। इसके तहत रक्षाबंधन पर भी पौधे लगाए जाएंगे।

# कूटरचित ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड बनाने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कूटरचित** ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड तैयार कर बेचने वाले गिरोह के 2 सक्रिय सदस्यों एसटीएफ ने मथुरा से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से कलर प्रिन्टर, मोबाइल फोन, कूटरचित ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों में रूप किशोर निवासी नरसीपुरम् कालोनी, थाना रिफाइनरी, मथुरा और पुरूषोत्तम उर्फ पवन शर्मा निवासी नगला काजी रावल वॉगर बल्देव रोड, थाना जमुनापार, मथुरा शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तो ने पूछताछ पर बताया कि यह लोग आस-पास के दलालों से आधार कार्ड व फोटो लेकर कूटरचित ड्राइविंग लाइसेंस तैयार करते हैं। उक्त लाइसेंस के कार्ड यह लोग इंकजैट पीवीसी चिप कार्ड फिलिप कार्ड व अमेजॉन से ऑनलाइन मंगवाते हैं एवं ऑनलाइन ही क्यूआर जेनरेटर की साइड पर जाकर क्यूआर कोड तैयार कर आरटीओ के पूर्व में बने कार्डों पर हस्ताक्षर को छोड़कर अन्य डाटा इरेज करके दूसरा डाटा टाइप कर वहीं हस्ताक्षर बने रहने देते है और प्रिन्ट निकाल कर अपने एजेन्टों को दे देते है। जो देखने में ऑरिजनल (वास्तविक) कार्ड जैसे प्रतीत होते हैं। उक्त लाइसेंस को बनाने के एवज में यह लोग 2000-3000 रुपए प्रति लाइसेंस लेते हैं।

# सरोजनीनगर विधायक की फ्री बस सेवा से अयोध्या पहुंचे श्रद्धालु

रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा

● रामलला के दर्शन को जाते वृद्धजनों के चेहरों की खुशी अनमोलः डॉ. राजेश्वर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**डीलक्स** बस में बैठकर टीवी पर धार्मिक कथाओं का आनंद लेते रामभक्त, नाश्ता, पानी की सारी सुलभ व्यवस्था, एक आवाज पर पास खड़े वालंटियर, ये नजारा है विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा महीने में दो बार सरोजनीनगर के अलग अलग गावों या शहरी वार्डों के निवासियों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की नगरी अयोध्या के दर्शन कराने वाली रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा (नि:शुल्क बस सेवा) का, जिसके माध्यम से शनिवार को आशियाना सेक्टर एफ के निवासियों को अयोध्या के दर्शन कराया गया।

रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा के 27वें चरण में विधायक द्वारा संचालित बस सुबह-सुबह आशियाना सेक्टर एफ पहुंच गई, जहां पर अयोध्या जाने को उत्साहित महिलाओं और बुजुर्गों का विधायक की टीम के सदस्यों ने पटका पहनाकर स्वागत किया और बस में बिठाया, रस्ते में उनकी जरूरतों का ध्यान रखा, अयोध्या पहुँचने पर उन्हें शहर के अंदर बैटरी रिक्शा पर बिठाकर राम जन्मभूमि, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, राम की पैड़ी और अन्य दर्शनीय स्थलों का दर्शन कराया गया। अंत में देर शाम पुन: सभी तीर्थयात्रियों को सकुशल उनके घर तक पहुंचाया गया। रास्ते में सभी श्रद्धालयों को भोजन उपलब्ध कराया गया, इस दौरान सभी को प्रसाद और राम चरित मानस की प्रति भी भेंट की गयी।

बता दें कि सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह अपनी मां तारा सिंह की पुण्यस्मृति में महिलाओं और बुजुर्गों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा संचालित करते हैं, पहले इस फ्री बस सेवा का संचालन महीने में एक बार किया जाता था परन्तु सरोजनी नगर की जनता की बढ़ी मांग के कारण इस बस सेवा को महीने में दो बार संचालित किया जाता है। इस सम्बन्ध में सरोजनीनगर विधायक का मानना है, वृद्धजनों के चहरे की मुस्कान, उनकी संतुष्टि और उनका आशीर्वाद सबसे अनमोल है। यह बस सेवा हर गांव- हर वार्ड के अभिभावक तुल्य वृद्धजनों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए निरंतर चलती रहेगी।

# पुलिस भर्ती में 60 हजार से अधिक नौजवानों को मिलेगा अवसरः योगी

## अंबेडकरनगर में बोले सीएम, पुलिस में नियुक्ति पाने वाली बेटियां सड़कों पर तैनात होकर करेंगी शोहदों का इलाज

● मुख्यमंत्री ने 6752 से ज्यादा युवाओं को प्रदान किया नियुक्ति पत्र, 13866 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अंबेडकरनगर



**उत्तर** प्रदेश में अगस्त महीने की 5 तारीखें बेहद महत्वपूर्ण होने जा रही हैं। प्रदेश में 23, 24, 25 व 30 तथा 31 अगस्त को पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा और ऐसा पहली बार हो रहा है जब प्रदेश में इतने बड़े स्तर पर पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित हो रही है। प्रदेश के हर जिले के युवा को इस पूर्ण पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अंबेडकर नगर कटेहरी स्थित स्थित देव इंद्रावती महाविद्यालय में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेले में ये बातें कहीं। इस अवसर पर उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेश में होने वाली पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत बेटियों को भी नियुक्ति दी जाएगी। वे प्रदेश की सड़कों पर उतरकर शोहदों का सही इलाज करेंगी। अपराधियों, माफिया और अराजक तत्वों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी को भी खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वो समय गया, जब प्रदेश में चाचा-भतीजा की गैंग वसूली करने निकलती थी। अब तो जो भी ऐसा करेगा उनकी संपत्ति जब्त कराकर जरूरतमंद में बंटवा दी जाएगी। प्रदेश में किसी बेईमान को, अपराधी को और अराजकता को बढ़ावा देने वाले तत्वों को छूट नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में कुल 6752 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 13866 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिए गए। वहीं 14 बैंकों के माध्यम से 12774 लाभार्थियों को कुल 211 करोड़ रुपए के ऋण का वितरण किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि श्रावण मास में मुझे श्रवण की इस पावन स्थली पर युवाओं के साथ संवाद का अवसर प्राप्त हुआ है। इस पावन धरा को नमन करते हुए यहां के अन्नदाता किसानों समेत सभी नागरिकों का अभिवादन करता हूं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में 46 कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टॉल को देखा, महिला स्वयंसेवियों की कार्यप्रणाली को देखा और उद्यमियों के प्रयास देखे। ये देखकर संतोष हो रहा है कि कभी अपराधिक व अराजक तत्वों समेत माफिया के लिए कुख्यात अंबेडकरनगर आज अपनी छवि बदल चुका है। यहां नए उद्योग आ रहे हैं, युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। आज हमारा अंबेडकरनगर किसी मायने में कम नहीं है। अंबेडकर नगर अयोध्या धाम की परिवर्तन यात्रा का न केवल साक्षी है बल्कि लाभ भी पा रहा है। अंबेडकर नगर से पूर्वांचल व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे भी यहां से होकर गुजर रहे हैं। यहां हम औद्योगिक गलियारा भी बना रहे हैं और दोनों एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक टाउनशिप भी बनाएंगे। इससे यहां के युवाओं को उनके जनपद में ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। सीएम योगी ने कार्यक्रम में कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित सबसे बड़े इन्वेस्टर समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो कि प्रदेश के 1.35 करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर की गारंटी है। उन्होंने कहा कि अंबेडकर नगर में भी इन्वेस्टर समिट के माध्यम से 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो धरातल पर उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा कार्यक्रम में 46 कंपनियां हिस्सा ले रही हैं जो कि जनपद के 21 हजार युवाओं को रोजगार देंगी और उनके प्लेसमेंट के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यहां सभी बैंक यहां आए हैं जिनके जरिए स्वरोजगार की आकांक्षा रखने वाले लोगों को मध्यम, सूक्ष्म व लघु उद्योगों की स्थापना के लिए ओडीओपी, पीएम विश्वकर्मा समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं के ब्याजमुक्त ऋण का अवसर उपलब्ध कराएगा। इससे रोजगार सृजन के अवसर बढ़ेंगे।

# कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिएः आनंदीबेन पटेल



● राज्यपाल ने केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में हरदोई की 200 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए वितरित की किट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में शनिवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ में आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हरदोई जिले के लिए 200 आंगनबाड़ी किटों का वितरण किया गया, जिसमें 100 किट केजीएमयू, लखनऊ तथा 100 किट जिला प्रशासन, हरदोई द्वारा प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने विशेष रूप से 10 अति कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान की। यह प्रयास बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के सामने एक आदर्श व्यवहार प्रस्तुत करना चाहिए क्योंकि बच्चे अपने शिक्षकों से बहुत कुछ सीखते हैं और जो वे इस उम्र में देखते हैं, वह उनके मानस पटल पर स्थायी रूप से अंकित हो जाता है। राज्यपाल ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बच्चों को सही दिशा दिखाने का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां छोटे बच्चों, गर्भवती माताओं और किशोरियों के मार्गदर्शन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राज्यपाल ने चिकित्सकों को ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने का निर्देश दिया, जो गर्भावस्था और शिशु के विकास के विभिन्न चरणों को प्रदर्शित करती हो। इसमें गर्भवती महिला के आहार, वातावरण, और इन कारकों का शिशु पर पड़ने वाले प्रभावों को दर्शाना चाहिए। इस फिल्म का प्रसारण समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाया जाए ताकि लोग जागरूक हो सकें। राज्यपाल ने यह भी संकल्प लेने का निर्देश किया कि कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। साथ ही, आंगनबाड़ी के विकास में डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन और डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर बच्चों को नवीनतम जानकारियाँ प्रदान करनी चाहिए।

राज्यपाल ने जिलाधिकारी हरदोई मंगला प्रसाद सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी को राजभवन उत्तर प्रदेश में किए गए नवाचारों पर आधारित पुस्तक 'हमारा राजभवन' भेंट करते हुए कहा कि सबको अपने कार्यक्षेत्र में इसी प्रकार के रचनात्मक प्रयास करते रहना चाहिए। इसके साथ ही राज्यपाल जी ने जिलाधिकारी, हरदोई को एक विशेष फर्स्ट एड बॉक्स प्रदान किया। इस बॉक्स में डेटॉल, साबुन, सुई-धागा, दवाइयां, कंघी, नेल कटर, रूमाल जैसी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं, जो आंगनबाड़ी के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## रामनगरी में आज रोजगार मेले में हिस्सा लेंगे योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार को रामनगरी अयोध्या के दौरे पर रहेंगे। वे सुबह 10.20 बजे आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विवि कुमारगंज पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत डीएवी स्कूल ग्राउंड आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विवि कुमारगंज में 3415 से अधिक युवाओं को टैबलेट वितरित करेंगे। सीएम जनपद स्तरीय रोजगार मेला एवं युवा सम्मेलन के अन्तर्गत युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण आदि कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेंगे। मुख्यमंत्री का एक पखवाड़े के भीतर अयोध्या का तीसरा दौरा है। वे छह अगस्त को अयोध्या के विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। यहां सीएम ने देर रात तक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इसके उपरांत 10 अगस्त को सीएम ने अयोध्या विद्यापीठ में श्रीराम दरबार व अशर्फी भवन में पूज्य आचार्यों की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

# प्रदेश सरकार पशुधन क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे रहीः धर्मपाल सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पशुधन,** दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह तथा उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह की गरिमामई उपस्थिति में आज यहां तेलीबाग के परिकल्प भवन में भारतीय पशु चिकित्सा संघ (96/1967) की आम सभा, संघ द्वारा प्रकाशित इंडियन वेटरनरी जर्नल के 100 वर्ष पूरे होने और उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ के भी शताब्दी वर्ष के अवसर पर अखिल भारतीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने पशु चिकित्सा सेवा संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वेटरनरी डॉक्टर का पशुधन की सुरक्षा और पशुजन्य उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादकता को बनाए रखने और बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। पशु चिकित्सा संघ पशु चिकित्सा विज्ञान को उन्नत कर रहा है। हम सभी पशु चिकित्सकों के शोध, चिकित्सा और पशु चिकित्सा के कल्याण में उनके काम की सराहना करते हैं। यह संघ पशु चिकित्सकों के कल्याण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पशुधन क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। श्री सिंह ने इस अवसर पर आईवीए द्वारा फील्ड में कार्यरत पशु चिकित्सकों को लेटेस्ट जानकारी और नवीनतम शोध उपलब्ध कराने के अंतर्गत प्रकाशित होने वाली अंतरराष्ट्रीय जर्नल के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। भारतीय पशु चिकित्सा संघ 1967 से पंजीकृत देश की पशु चिकित्सको की सर्वोच्च संस्था है, जिसके सदस्य सभी प्रदेशों के सेवा संघ विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद वैज्ञानिक संस्थानों के वैज्ञानिकगण, आरवीसी के अधिकारी, बैंक, इंश्योरेंस कंपनियां आदि के सेवारत और सेवानिवृत अधिकारीगण आदि है। पशुधन मंत्री ने अपने संबोधन में पशुधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पशुधन हमारे जीवन का आधार हैं और इन्हें संरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पहले पशुपालन सामूहिक रूप से किया जाता था, लेकिन समय के साथ इसमें परिवर्तन आया है। आज पशुधन से लोगों को न केवल लोगों को पौष्टिक आहार की पूर्ति हो रही है बल्कि बड़े पैमाने पर पशुजन्य उत्पादों के व्यवसाय से स्वरोजगार उत्पन्न हो रहा है।

# कांग्रेस अधिकार विभाग की बैठक में पदाधिकारियों को सौंपा गया अहम जिम्मा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) के प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन विभाग के उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा पिछले एक माह में मांगी गई जन सूचना की रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया साथ ही मंडल वार कार्यशाला पर चर्चा हुई। बैठक में जोन, मण्डल एवं जिला स्तर पर प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, अमित उठवाल, रफत अली खान, अरुण सोनी, हाजी मुगीस जिलानी एवं महेन्द्र श्रीवास्तव को जोनल प्रभारी नियुक्त किया गया एवं विभाग के महासचिवों को मण्डल वार तथा सचिवों को जिलावार प्रभार का उत्तर दायित्व सौंपा गया। बैठक में विभाग के महासचिव संगठन प्रभारी सीमा देबनाथ एवं उपाध्यक्ष रामानंद राजपूत, अजय भाटी, मनोज कुमार शुक्ला, प्रदेश सचिव कीर्ति प्रकाश शुक्ला, ओमप्रकाश, निर्मला सिंह यादव, देशराज सिंह, इश्तियाक अली, विनोद कुमार भारती, मंसूर अली सलमानी, सैय्यद मकसूद अब्बास रिजवी, राहुल अरोरा, अमित पंडित, राजेश त्रिपाठी, शिव प्रताप सिंह, रिफाकत चौधरी, महेन्द्र पाल सिंह लोधी, पुनीत भाटी, राजेश कुमार, अमरनाथ वाल्मीकि, राजेन्द्र कुमार मौर्या सहित विभाग के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महाकुंभ के लिए 4000 सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित करेगा पर्यटन विभाग

● पर्यटन के दृष्टिकोण से महाकुंभ हमारे किए एक अवसरः जयवीर सिंह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि महाकुंभ-2025 के भव्य एवं दिव्य आयोजन के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न सेवा प्रदाताओं जैसे- टूर गाइड-टूर एस्कॉर्ट, ऑटो-टैक्सी चालक, वेंडर्स एवं नाविकों के लिए प्रयागराज सिविल लाइंस स्थित राही इलावर्त होटल में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें मा. कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान, लखनऊ द्वारा 4,000 सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम बैच में 12 से 16 अगस्त तक आयोजित ट्रेनिंग में कुल 55 लोगों ने हिस्सा लिया।

जयवीर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण में एमकेआईटीएम के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री प्रखर तिवारी ने प्रतिभागियों को प्रयागराज क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे मंदिर, चर्च, पार्क, ऐतिहासिक स्थल, संग्रहालय, शॉपिंग आदि महत्वपूर्ण स्थानों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा, उन्होंने महाकुंभ का इतिहास, महत्व, रीति-रिवाजों के साथ-साथ प्रयागराज क्षेत्र के अनछु, गंतव्य स्थलों जैसे ग्रामीण पर्यटन, हंडिया, झांसी, शंकरगढ़, कौंधरिया, मेजा, जसरा, श्रृंगवेरपुर, सरस्वती कूप, मिंटो पार्क आदि के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के पर्यटन सर्किट एवं प्रयागराज के आसपास के स्थानों जैसे अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट, मिर्जापुर, सारनाथ और लखनऊ के साथ-साथ हेरिटेज वॉक, संगम एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के भ्रमण रूट की भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की समस्याओं और सुझावों पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे आवास, होटल, रेस्तरां और यात्रा के विकल्प-हवाई, रेल, सड़क मार्ग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। शाही स्नान की महत्वपूर्ण तिथियां, टेंट की सुविधा और जॉयराइड के बारे में भी बताया गया। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल एवं गाइडिंग स्किल्स के बारे में भी जानकारी दी गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बचाव प्रबंधन, आपदा प्रबंधन और भीड़ प्रबंधन के बारे में जानकारी जल पुलिस के सेवानिवृत्त सूबेदार राम निरंजन द्वारा दी गई। बुनियादी यातायात और परिवहन नियमों के बारे में प्रयागराज यातायात निरीक्षक पवन पांडे ने जानकारी दी। इसी प्रकार, डिजिटल भुगतान के बारे में बड़ौदा यूपी बैंक, प्रयागराज के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. धनेश्वर मोहराणा ने जानकारी दी। प्राथमिक चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में डॉ. ललित प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को अवगत कराया। जयवीर सिंह ने बताया कि स्टोरी टेलिंग वर्कशॉप में कुंभ, भारद्वाज ऋषि आश्रम, अक्षय वट, दीन-ए-इलाही, आनंद भवन, पातालपुरी मंदिर, नाग-बासुकी मंदिर, बेनी महादेव मंदिर और चर्च जैसे प्रमुख स्थलों के बारे में बेवजह समिति के गौरव श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को कहानी सुनाई और स्टोरी टेलिंग की बारीकियां भी सिखाई। प्रमुख सचिव, पर्यटन, मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का लगातार विकास हो रहा है। इसका सकारात्मक असर पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या के रूप में देखने को मिल रहा है। महाकुंभ-2025 हमारे लिए एक अवसर है। पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## बेसिक शिक्षामंत्री ने 'सतर्क रहें-सुरक्षित रहें' पुस्तक का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बेसिक** शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड की परियोजना 'चुप्पी तोड़ – हल्ला बोल' के तहत इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड और समाधान अभियान द्वारा प्रकाशित 'सतर्क रहें सुरक्षित रहें' पुस्तक का लोकार्पण अपने माल एव्न्यू स्थित आवास पर किया। यह पुस्तक बाल यौन शोषण से बचाव और पोक्सो एक्ट की जानकारी पर आधारित है। साथ ही, आईपीएल, समाधान अभियान और नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (छ।ठ) द्वारा 'दृष्टिबाधित बच्चों के च्व्ब्ैव् एक्ट के संवेदीकरण सामग्री' का शुभारंभ भी किया गया। माननीय मंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास बाल यौन शोषण के प्रति जागरूकता और दृष्टि बाधित बच्चों की सुरक्षा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर इण्डिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सी.एस.आर एवं ई.इस.जी प्रमुख श्री रामकृष्णन सुब्रमण्यम, समाधान अभियान की डायरेक्टर्स श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री, शीलम बाजपेई, सौम्या द्विवेदी, नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड की हेड डॉक्टर अमिता दुबे, डॉक्टर स्तुति एवं जस्ट लर्न की डायरेक्टर आकृति चौधरी उपस्थित रहीं।

# क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर को प्रदर्शित करेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

## इंडिया एक्सपो मार्ट 25 से 29 सितंबर तक

● ब्रज, पूर्वांचल, अवध समेत प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के 12 कलाकार अपनी प्रस्तुति के माध्यम से पेश करेंगे यूपी की सांस्कृतिक झलक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का दूसरा संस्करण दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के वायब्रेंट क्राफ्ट (शिल्प), कुजीन (व्यंजन) और कल्चर (संस्कृति) को प्रदर्शित करेगा। इस साल बड़ी संख्या में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सम्मिलित होने वाले बायर्स और विजिटर्स को यूपी की समृद्ध संस्कृति का एक जीवंत उत्सव देखने को मिलेगा। यह मेगा इवेंट उन्हें एक गहन सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें पारंपरिक हस्तशिल्प, स्वादिष्ट व्यंजन और यूपी के विभिन्न क्षेत्रों की प्रस्तुतियों को प्रदर्शित करने वाले इंटरएक्टिव सेशन शामिल होंगे।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के दूसरे संस्करण में आने वाले विजिटर्स उत्तर प्रदेश की विभिन्न संस्कृतियों की सुंदरता का दर्शन करेंगे और लाइव संगीत, नृत्य प्रदर्शन इसका सशक्त माध्यम बनेंगे। 25 सितंबर को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाली एक जीवंत सांस्कृतिक झांकी की प्रस्तुति के साथ अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। इस मनमोहक झांकी में 12 कुशल लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। यह कलाकार ब्रज, पूर्वांचल, अवध, रोहिलखंड, बुंदेलखंड सहित विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली झलकियां पेश करेंगे। यह प्रस्तुति उत्तर प्रदेश की अनूठी सांस्कृतिक पहचान का उत्सव मनाने और उसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है जो एक समृद्ध और यादगार आयोजन के लिए मंच तैयार करेगा। इसके बाद शाम को%स्वर संगम% नाम से कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें सूफी संगीत और जुगलबंदी प्रस्तुत की जाएगी। उपस्थित लोगों को सूफी कलाकारों की आत्मा को छू लेने वाली सुर लहरियों का अनुभव करने का आनंद मिलेगा।

इसके बाद, 26 से 29 सितंबर तक इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के रंग, लोक के संग, का आयोजन किया जाएगा, जो राज्य की समृद्ध कलात्मक विरासत का उत्सव मनाने वाला एक जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन होगा। इस दौरान विविध प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें क्षेत्र की पारंपरिक ध्वनियों को प्रतिबिंबित करने वाले लोक गीत और रामायण की कहानियों का वर्णन करने वाली कथक नृत्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

कार्यक्रम में भगवान राम को समर्पित मधुर धुनें भी शामिल होंगी, जो उपस्थित लोगों के लिए सांस्कृतिक अनुभव को और भी यादगार बनाएंगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की कलात्मक समृद्धि और सांस्कृतिक विविधता को लोगों के समक्ष उजागर करना है। इस साल का इंटरनेशनल ट्रेड शो परंपरा और नवाचार का एक जीवंत संगम बनने जा रहा है, जो सभी को यूपी की गौरवशाली विरासत से जुड़ने और उसकी सराहना करने के लिए आमंत्रित करेगा।

## घनश्याम राव सपा अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव बने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती द्वारा गोरखपुर के घनश्याम राव को समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी की राट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय महासचिव नामित किया गया हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति से समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मो. इक़बाल ख़ां क़ादरी द्वारा मशकूर आलम निवासी चंदोसी जनपद सम्भल को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया गया हैं।

# ईओ पर अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप, सभासदों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

सम्पूर्ण समाधान दिवस

● डीएम सूर्यपाल गंगवार ने एडीएम एफआर को सौंपी जांच, दिए कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता। मोहनलालगंज



**अधिशाषी** अधिकारी पर अभद्र भाषा के प्रयोग का आरोप लगाकर मोहनलालगंज नगर पंचायत के कुछ सभासदों ने डीएम सूर्यपाल गंगवार से शिकायत की है। सुनवाई नही होने पर सभासदों ने सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने एडीएम एफआर को पूरे मामले की जांच सौंपी है। वहीं नगर पंचायत के मऊ गांव में सीसी रोड के घटिया निर्माण और नगर पंचायत अमेठी में सरकारी नाले पर अतिक्रमण की शिकायत पर तहसील प्रशासन को जांच सौंपी गई है।

मोहनलालगंज नगर पंचायत के कुछ सभासदों ने अधिशाषी अधिकारी पर ऊंची पहुंच का हवाला देकर अभद्र भाषा प्रयोग करने का आरोप लगाकर शनिवार को डीएम सूर्यपाल गंगवार से शिकायत दर्ज कराई। नाराज सभासदों ने शिकायत पर कार्रवाई नही होने पर सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का अल्टीमेटम दिया।

डीएम ने एडीएम वित्त एवं राजस्व को मामले की जांच सौंपकर समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत के सभासद हिमांशु तिवारी ने मऊ गांव में लाखों की लागत से निर्मित सीसी रोड में घटिया निर्माण का आरोप लगाकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने तीन माह में ही रोड उखड़नी शुरू होने का भी आरोप लगाया। शिकायत पर डीएम सूर्यपाल गंगवार ने एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा को जांच के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत के गौरा गांव में तालाब उफनाने से मंदिर के रास्ते में गंदा पानी भरने की शिकायत पर डीएम ने ईओ को जलनिकासी के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। जबकि नगर पंचायत अमेठी में सरकारी नाले पर अवैध कब्जे की शिकायत पर डीएम ने तहसीलदार को जांच सौंपी है। पहाड़नगर टिकरिया से नाली विवाद की शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों को डीएम ने आबादी के मामले गांव में आपसी सहमति से निपटाने की नसीहत दी।

### कांग्रेस ने की बाजार दरों पर मुआवजे की मांग

**मोहनलालगंज** तहसील में दो दर्जन से अधिक गांव के किसानों की जमीनों का एलडीए द्वारा अधिग्रहण की अधिसूचना को लेकर शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में किसानों ने अधिग्रहण के दायरे में आ रही भूमि का सर्किल रेट के बजाए बाजार दरों पर मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भूमिहीन होने वाले किसानों के परिवार को सरकारी नौकरी देने समेत मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपकर मांगें पूरी कराने की मांग की।

### दीवार में करंट और घूस मांगने की शिकायत पर फटकारा

**भट्ठी** बरकत नगर निवासी अरुण कुमार ने डीएम सूर्यपाल गंगवार को बताया कि उनके मकान से सटाकर विद्युत विभाग ने पोल लगा दिया है। जिसकी वजह से उनके मकान में करंट उतरने लगा है। डीएम ने एक्सइएन एसके अग्रवाल को तलबकर नाराजगी जताई और समस्या दूर कराने के निर्देश दिए। सठवारा की रामादेवी ने घूस नही देने पर बिजली कनेक्शन लटकाने का आरोप लगाकर डीएम से शिकायत की। डीएम ने फटकार लगाकर एसडीओ को जांच सौंपी है।

# छात्राओं की शिक्षा के लिए नामांकन अभियान

## मुक्त विश्वविद्यालयः कुलपति प्रो. सत्यकाम ने समारोह में किया झंडारोहण



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रो सत्यकाम ने ध्वजारोहण किया। कुलपति ने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का अवसर है। उनका बलिदान हमें देश प्रेम की शिक्षा देता है और हमें अपने कर्तव्यों की प्रेरणा मिलती है। कुलपति ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय ने पूरे प्रदेश में यह अभियान चलाया है कि इंटर पास करने वाली कोई छात्रा अब उच्च शिक्षा से वंचित न रहें। इसके लिए मुक्त विश्वविद्यालय छात्राओं के नामांकन के प्रति बहुत गंभीर है। उन्होंने छात्राओं का उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए महिला अध्ययन केंद्र को अतिरिक्त जिम्मेदारी देते हुए केंद्र की नवनियुक्त प्रभारी प्रो श्रुति को भी अभिप्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में लड़कियों को पढ़ाने लिखाने की मुहिम में मुक्त विश्वविद्यालय शामिल होकर सभी संकल्प पूरा करना चाहता है। कुलपति ने कहा कि उनका उद्देश्य विश्वविद्यालय को भारत का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय ए डबल प्लस की तैयारी में अभी से जुट गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस मौके पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि देश के विकास में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विवि कर्मियों को सीजीएचएस रेट पर मिलेगी इलाज की सुविधा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय एवं विनीता हॉस्पिटल के मध्य उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सत्यकाम की उपस्थिति में कुलसचिव कर्नल विनय कुमार तथा विनीता हॉस्पिटल के निदेशक डा बिंदु विश्वकर्मा ने समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षरित किया। समझौता पत्र का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को बीमारियों के मकड़जाल से बचाना है। विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के द्वारा समय समय पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। अब दोनों संस्थानों में अनुबंध होने से विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ जन सामान्य को मिल सकेगा। अस्पताल के निदेशक डा बिंदु विश्वकर्मा ने पहल की है कि अब विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को सीजीएचएस की दर पर अस्पताल में इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो सत्यकाम ने इसकी सराहना।

## रैगिंग सभ्य समाज के लिए अभिशाप

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा बारह से 18 अगस्त के बीच एंटी रैगिंग सप्ताह आयोजित करने के निर्णय के अंतर्गत एंटी रैगिंग समिति द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। रैगिंग मुक्त परिसर मित्रता युक्त परिसर विषयक वेबिनार के मुख्य वक्ता प्रो सत्यपाल तिवारी निदेशक मानविकी विद्या शाखा ने कहा कि रैगिंग सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। भारत में आजादी के बाद रैगिंग की शुरुआत दिखाई पड़ती है। रैगिंग को रोकने के लिए त्रिस्तरीय व्यवस्था की बात की गई है। प्रथम स्तर पर सरकारों से कहा गया कि नियम कानून बनाकर जागरूकता चला कर राइटिंग को रोक दूसरे व्यवस्था के तहत संस्थान रैगिंग के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाएं।अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो सत्यकाम ने कहा कि रैगिंग शिक्षण संस्थानों एवं समाज से खत्म होनी चाहिए।

## जीएम रेल विद्युतीकरण अशोक कुमार वर्मा ने किया ध्वजारोहण



**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कोर प्रयागराज मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाप्रबंधक कोर अशोक कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जीएम कोर अशोक कुमार वर्मा ने आरपीएफ गारद की सलामी दी। महाप्रबन्धक अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक एक सौ छह रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण नौ ट्रैक्शन सब स्टेशन 46 एसपी और एसएसपी नौ टावर वैगन शेड चार ओएचई डिपो और दो सौ दस स्टाफक्वार्टर का कार्य पूर्ण किया गया और साथ ही 33 विक्रेताओं को विकसित किया गया। महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने विद्युतीकरण कार्यों के दौरान सुरक्षा एवं संरक्षा से संबन्धित सभी पहलुओं को ध्यान में रखने पर विशेष बल दिया। इसके साथ हिन्दी के प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया। उन्होंने कोर द्वारा विद्युतीकरण कार्यों को समयबद्ध तरीके से सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। इस अवसर पर रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन की सदस्य उपस्थित रहीं। इस मौके पर रेल विद्युतीकरण की विभिन्न परियोजनाओं में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। यह जानकारी कोर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कल्याण सिंह और जनसंपर्क अधिकारी विमल कुमार ने दी।

## उपचुनाव की तैयारी को लेकर हुआ गहन मंथन



**मिर्जापुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मझवा विधानसभा उपचुनाव की बैठक मोहनलाल उत्सव वाटिका कछवा टाउन नगर में हुआ बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं मंडल के प्रभारी मनीष मिश्रा ने कहा कि मझवा विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन मजबूती से लड़ेगी श्री मिश्रा ने कहा कि जब यहां कांग्रेस पार्टी के विधायक थे तभी का विकास हुआ है श्री मिश्रा ने कहा कि हम सबके नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के संदेश को लेकर मझवा विधानसभा क्षेत्र में घूम जाएगा अब जनता का झुकाव कांग्रेस पार्टी की तरफ बढ़ रहा है जनता अब विकास चाहती है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर इस उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को मजबूती से जिताया जाएगा जब से केंद्र एवं प्रदेश में जब से बीजेपी की सरकार आई है क्षेत्र का विकास रूप किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं मिर्जापुर की प्रभारी सरिता पटेल ने कहा कि हम सब लोग मिलकर न्याय पंचायत स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाएगा इस उप चुनाव में एक.एक कार्यकर्ता को बुथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत किया जाएगा तभी जाकर हम सब लोग चुनाव जीतेंगे श्री पटेल ने कहा कि यह उपचुनाव 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर असर पड़ेगा।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मिर्जापुर के प्रभारी बृजेन्द्र मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि न्याय पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए गांव गांव जाया जाएगा हर बुथ पर भी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को खड़ा किया जाएगा तभी मझवा विधानसभा के उपचुनाव में जिताया जाएगा श्री मिश्रा ने कहा कि लोग अब बदलाव चाहते हैं। बैठक का संचालन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिव कुमार सिंह पटेल ने कहा कि न्याय पंचायत एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और न्याय पंचायत अस्तर पर मजबूत किया जाएगा मझवा विधानसभा क्षेत्र की तमाम समस्याओं को लेकर संघर्ष किया जा रहा है इस विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी मजबूती से लड़ेगी।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक

**सोनभद्र।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष मनोज देव पाण्डेय की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सन्तोष पाण्डेय एंव प्रदेश उपाध्यक्ष व मिर्जापुर मण्डल कोआर्डिनेटर राजेश यादव रहे। श्री पाण्डेय ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की यह पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है जहाँ किसी के साथ भेद-भाव नहीं है बल्कि सबको सामान अधिकार है। उन्होंने कहा की गाँव स्तर पर टीम तैयार की जाएगी और दो से तीन महीने के अंदर सभी फ्रंटल के सभी बूथों का गठन पूरा कर लिया जाये। मिर्जापुर मण्डल कोआर्डिनेटर राजेश यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी मिलकर ज्यादा से ज्यादा सक्रिय सदस्य बनाए और गाँव-गाँव जाकर जनचौपाल लगाकर योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि विभाग के उन लोगों को भी चिन्हित किया जाये जो जनता के काम में दिलचस्पी नहीं दिखाते और जिनके वजह से सत्कार और विभाग कि छवि ख़राब हो रही है। वही बैठक कि अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष मनोज देव पाण्डेय ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। महिला सभा कि निवार्तमान जिलाध्यक्ष सोनमती ने अतिथियों का स्वागत किया और ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को संगठन में जोड़ने कि बात कही। बैठक मे लाल बहादुर कोल अनुराग बियार सोनमती मंजु पुष्पा शेषमणि अमरेश यादव जितेंद्र निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक राखी सैनिक के नामः केन्द्रीय विद्यालय की बच्चियों ने सीआईएसएफ जवानों को बांधी राखी



**गाजीपुर।** जनपद के केन्द्रीय विद्यालय में रक्षाबंधन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय के कक्षा एक से आठवीं तक के छात्र.छात्राओं ने स्वयं राखियां बनाईं। बच्चों ने तिरंगे के रंग की तथा सुरक्षा बलों को समर्पित एक से बढ़कर एक सुंदर राखियों का स्वयं निर्माण किया। इसके उपरांत विद्यालय में रक्षाबंधन समारोह के अंतर्गत ष्एक राखी सैनिक के नामष् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को विद्यालय परिसर में आमंत्रित किया गया था। विद्यालय की बच्चियों ने कार्यक्रम की संयोजिका व विद्यालय की शिक्षिका गुंजन के मार्गदर्शन में सुरक्षा बल के जवानों का रोली अक्षत से तिलक कर तथा उनकी आरती उतार कर स्वागत किया। इसके उपरांत सभी जवानों की कलाई पर स्वयं निर्मित राखियां बांधकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मृत्युंजय राय ने केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों का विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के संचालक विद्यालय के शिक्षक नीरज राय ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्र रक्षा में दिन रात लगे हुए सेना और अर्धसैनिक बलों के प्रति सदैव सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखता है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुरक्षा बलों के जवानों के लिए विद्यालय में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने केन्द्रीय औद्योगिक बल के सहायक कमांडेंट संजीव कुमार चौहान के प्रति तथा सीआईएसएफ की तरफ से पधारे सभी महानुभावों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तरफ से हेड कांस्टेबल के के सिंहए मृत्युंजय रायए रूपेश कुमारए आर के लायकए एस बी के चौधरीए कांस्टेबल पराग के बीए एस सैकिया तथा विद्यालय के आलोक रायए अमृता किरणए अनामिकाए सूरज शुक्लाए अभिषेक सिंहए दिलीप शर्माए मनीष वर्मा आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे। अंत में बच्चों द्वारा निर्मित राखियां एकत्र कर एक बॉक्स में रखकर आगंतुक जवानों के माध्यम से शेष जवानों के लिए भेंट की गई तथा उनसे आग्रह किया गया की रक्षाबंधन के दिन बच्चों द्वारा निर्मित यह राखियां सभी जवान अपनी कलाइयों पर अवश्य बांधे।

## नाजरेथ अस्पताल में एसडीएम अभिषेक सिंह ने फहराया तिरंगा




**प्रयागराज।** नाज़रेथ अस्पताल में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अस्पताल परिसर को भव्य रूप से तिरंगे में सजाया गया था। समारोह के मुख्य अतिथि अभिषेक कुमार सिंह एसडीएम सदर प्रयागराज रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ नाजरेथ अस्पताल की गायक मंडली द्वारा आत्म जागृत प्रार्थना गीत के साथ किया गया। नाजरेथ अस्पताल के सहायक निदेशक रेव्ह फादर मेल्विन विल्सन डिसूजा ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित लोगों के सम्मान में स्वागत भाषण दिया। साथ ही रेव्ह फादर विपिन डिसूजा निदेशक नाजरेथ अस्पताल ने मुख्य अतिथि आईएएस अभिषेक सिंह को दिया। अस्पताल के प्रशासक रेव्ह फादर इसीडोर डिसूजा ने अतिथि को शाल भेंट किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने अस्पताल में ध्वाजारोहण किया। मुख्य अतिथि आईएएस अभिषेक सिंह ने अस्पताल के डॉक्टर्स रेव्ह सिस्टर्स स्टाफ एवं नाजरेथ स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्राओं को सम्बोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस का महत्व एवं विशेषताओं को समझाया। कहा कि हम सभी का सौभाग्य है कि हम लोग स्वतंत्र भारत में पैदा हुए जिसकी स्वतंत्रा की लड़ाई में हमारे अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जिन्दगी का हर सुख त्याग कर देश के लिए स्वतंत्रा हासिल की और खासतौर से हम लोगों को उन्हें नमन करना चाहिए। जिन्होंने अपनी जान को न्यौछावर किया। पूरे विश्व में हर व्यवसायी भारतीयों को उनकी कार्यकुशलता एवं प्राचीन भारतीय संस्कृति और उससे जुड़ी मूल परम्पराओं को मान्यता मिली है। जिसका हम सभी भारतीयों को गौरवान्वित करता है। अस्पताल के निदेशक ने मुख्य अतिथि को अस्पताल का स्मृति चिह्न भेंट किया। समारोह के अंत में रेव्ह सिस्टर रोशनी सीएसएन ने मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित लोगों को उत्कृष्ट एवं भावनात्मक धन्यवाद ज्ञापन दिया। यह जानकारी रेव्ह फादर इसीडोर डिसूजा प्रशासक नाजरेथ अस्पताल की ओर से दी गई।

## मेडिकल कॉलेज बाहर दिया धरना, जोरदार प्रदर्शन

**गाजीपुर।** पश्चिम बंगाल के राधागोविंद मेडिकल कॉलेज की जूनियर डॉक्टर के साथ हुए रेप के बाद हत्या मामले के साथ मेडिकल कॉलेज के कैम्पस में भीड़ पहुचने व मारपीट के साथ तोड़फोड़ करने को लेकर आईएमए के आह्वान पर देश भर के मेडिकल कॉलेज व अस्पताल इमरजेंसी सेवा छोड़कर ओपीडी समेत अन्य सेवा को 24 घंटे के लिए बंद कर हड़ताल पर है। इसी क्रम में विश्वामित्र स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर व जूनियर डॉक्टर के साथ पूरा मेडिकल स्टाफ भी इमरजेंसी सेवा छोड़कर कर ओपीडी सेवा समेत अन्य सेवा 24 घंटे के लिए बंद कर हड़ताल पर है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरए जूनियर डॉक्टर व पूरा मेडिकल स्टाफ ओपीडी के बाहर बैनर पोस्टर लेकर हड़ताल पर है। इस दौरान मेडिकल स्टाफ द्वारा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही वहां पर मेडिकल कालेज के छात्र.छत्राओं द्वारा कैम्पस में विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कैम्प के अंदर घुसी बाहरी भीड़ के द्वारा मेडिकल स्टाफ के साथ मारपीट व तोड़ फोड़ की है। जिसके लिए जनपद के मेडिकल कॉलेज के छात्र.छत्राए व स्टाफ ने प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की है। इस दौरान ू म ूदज रनेजपबम और जब तक न्याय नहीं तब तक सेवा नहीं के नारे बुलंद किए।



## अवैध परिवहन करने वाले दो वाहनों का हुआ चालान



**सोनभद्र।** जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को मारकुण्डी व टोलप्लाजा के पास ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने के दृष्टिगत वाहनों की जॉच किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओवरलोडिंग वाले वाहनों का स्वयं प्रपत्रों को देखा, उन्होंने कहा कि ओवर लोडिंग व अवैध वाहनों का परिचालन हर हाल में बन्द किया जाये और मानक के अनुरूप नम्बरप्लेट भी लगायी जाये, इस तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इस तरह प्लेट भी लगायी जाये, इस तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, इस तरह से संचालित वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इसमें किसी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। इस मौके पर 02 वाहन ओवरलोडिंग करते हुए पकड़े गये, जिसे चालान की कार्यवाही करने के निर्देश खान अधिकारी को दियें गये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि टैम्पर्ट नम्बर बिना लगे प्लेटों का प्रयोग न किये जाये और नम्बर प्लेट फिक्स अवस्था में रहें, इसकी विशेष जॉच की जाये, अगर इस तरह की कोई वाहन पाये जाते हैं तो उनके विरूद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

# लम्बे समय से तैनात कर्मचारियों का किया जाय स्थानान्तरण-डा. रजनीश

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 18 शिकायतों का हुआ निस्तारण



**सोनभद्र।** जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अगस्त महीने के तीसरे शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में राजस्व परिषद के अध्यक्ष डॉ0 रजनीश दूबे, मण्डलायुक्त मीरजापुर डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने शिकायतकर्ताओं को सुना और शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश सम्बन्धित को दियें। अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ0 रजनीश दूबे ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाये, भूमि सम्बन्धी विवाद मामलों में मौके पर जाकर निष्पक्ष जॉच करते हुए पीड़ित पक्ष को हर हाल में न्याय दिलाया जाये। इस दौरान अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ0 रजनीश दूबे ने तहसील ओबरा के न्यायालय उप जिलाधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालय कक्ष में मुकदमों से सम्बन्धित पत्रावलियों व रजिस्टर को देखा और उप जिलाधिकारी ओबरा को निर्देशित करते हुए कहा कि 05 वर्ष से अधिक समय से लम्बित मुकदमों का प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करके निस्तारित किये जाये, उन्होंने कहा कि तहसील में लम्बे समय से तैनात कर्मचारियों की स्थानान्तरण भी किये जाये, राजस्व से सम्बन्धित कार्यालयों कार्यालयों में राजस्व परिषद के लोगो को लगाया जाये और कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की तस्वीर भी लगायी जाये, इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका, चरित्र पंजिका आदि रिकार्ड को देखा, इस दौरान कृषक दुर्घटना बीमा योजना से सम्बन्धित पत्रावलियों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना से सम्बन्धित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये, यह शासन की महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाली योजना है, इसके माध्यम से कृषक परिवार को समय से मुआवजा प्राप्त होने पर उन्हें राहत मिलती है। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में 54 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 05 मामलें निस्तारित किया गया, बाकी 49 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। तहसील राबर्ट्सगंज में उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद तिवारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में 83 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 07 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 76 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील घोरावल में उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर 75 शिकायतें सुनते हुए,मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 71 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# दो साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या

## पुलिस हिरासत से भाग रहा आरोपी पकड़ा गया

**मेरठ।** (भाषा) उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र में परिवार के साथ सो रही दो साल की एक बच्ची को एक युवक कथित तौर पर उठाकर ले गया और दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस मामले में पकड़ा गया आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया था जिसे पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर गोली चलाई, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी में उसके दोनों पैरों में गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विपिन टाडा ने शनिवार रात बताया कि शुक्रवार देर रात सदर बाजार थाना क्षेत्र में परिवार के साथ सो रही दो वर्षीय एक बच्ची को मोइश (20) नामक एक युवक उठा कर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी। एसएसपी ने बताया कि शाम करीब चार बजे पुलिस जब आरोपी मोइश को गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल परीक्षण कराने के लिए ले जा रही थी, तभी भैंसाली बस अड्डे के पास पुलिस को चकमा देकर वह फरार हो गया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम सवा छह बजे के करीब कंकरखेड़ा रेलवे प्लेटफार्म के पास खंडहर के निकट घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया तो वह पुलिस टीम पर गोलियां चलाने लगा।

एसएसपी ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्वाई में आरोपी के दोनों पैरो में गोली लगी और उसे पुनः गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के पास से एक तमंचा बरामद हुआ है और अब उसे गिरफ्तार कर पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि भागने के बाद किसने उसे हथियार उपलब्ध कराया। एसएसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है, जिसके आधार पर मुकदमे में भी दुष्कर्म की धारा जोड़ी गई है। उनके मुताबिक संगीन धाराओं में इस पर भी कार्वाई की जा रही है। टाडा के अनुसार घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके पहले शनिवार सुबह पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया था कि शुक्रवार देर रात सदर थाना क्षेत्र की झुग्गी बस्ती में एक युवक परिजनों के साथ सो रही दो साल की बच्ची को कथित तौर पर दुष्कर्म करने की नीयत से लेकर भागा, लेकिन परिजनों की आंख खुल गई। उन्होंने कहा था कि परिजन बच्ची को आरोपी के चंगुल से बचाने के लिए उसके पीछे दौड़े, तो पकड़े जाने के डर से वह बच्ची को पास में ही आबू नाले में फेंककर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि बच्ची का शव शनिवार सुबह नाले में मिला, उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मथुरा से चार अंतरराज्यीय लुटेरों को गिरफ्तार किया

**मथुरा।** जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद चार कथित अंतरराज्ईय लुटेरों को गिरफ्तार किया, जिनमें से तीन मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गए। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन्होंने नया गिरोह बनाया था और गोवर्धन मार्ग पर नहर पटरी के पास एक व्यापारी को लूटने की साजिश रच रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने जिले के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की मदद से शुक्रवार रात बदमाशों को घेर लिया। उन्होंने बताया कि इसके बाद लुटेरों ने पुलिस पर गोली चलानी शुरू कर दी, जवाबी कार्वाई में तीन आरोपी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पांडेय ने बताया कि गिरोह का सरगना अभिषेक तिवारी इंदौर (मध्यप्रदेश) का रहने वाला है और उसके खिलाफ वहां करीब 24 मुकदमे दर्ज हैं। उस पर मध्यप्रदेश पुलिस ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। पुलिस ने बताया कि अन्य तीन लुटेरों की पहचान आकाश, विशंभर और विष्णु राणा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पैर में गोली लगने से अभिषेक, विशंभर और विष्णु राणा घायल हो गए। उसने बताया कि अपराधियों के पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल, पुलिस की दो वर्दियां और कारतूस सहित अवैध हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि ए लोग पुलिस की वर्दी पहनकर लूटपाट करते थे।

## यमुना में डूबने से दो भाइयों की मौत

**आगरा।** आगरा में शनिवार को यमुना में स्नान के दौरान डूबने से दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इन दोनों की पहचान फिरोजाबाद जिले के नोसेरा गांव के आर्यन (17) और बंशी (18) के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि आर्यन और बंशी अपने चाचा राजेश (40) के साथ एक भंडारे में शामिल होने के लिए बटेश्वर मंदिर आए थे। वे पंचमुखी महादेव घाट पर यमुना में नहाने उतरे और इसी दौरान गहरे पानी में चले गए।

# एनसीएल ने सतर्कता जागरूकता अभियान का किया भव्य शुभारंभ



**सोनभद्र।** शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के उपलक्ष्य में निवारक सतर्कता हेतु सतर्कता जागरूकता अभियान की शुरुआत की। एनसीएल द्वारा यह अभियान 16 अगस्त, 2024 से 15 नवंबर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें क्षमता निर्माण, परिपत्रों, दिशानिर्देशों एवं मैनुअलों का नवीनीकरण, व्यवस्थित सुधार एवं उपायों के कार्यान्वयन और डायनामिक डिजिटल प्रेजेंस जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी रवींद्र प्रसाद और एनसीएल मुख्यालय के अन्य अधिकारियों ने ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों को बनाए रखने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करने हेतु शपथ ग्रहण किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर 2024 से 3 नवम्बर 2024 तक मनाया जाएगा। इस बार का विषय सत्यनिष्ठा कि संस्कृति से राष्ट्र कि समृद्धि रखा गया है।





# सीएम ने ओलम्पियन ललित और राजकुमार को किया सम्मानित

**गाजीपुर।** पेरिस ओलंपिक 2024 मे कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे यू0पी0 के दो खिलाड़ी जो जनपद से ही है ललित कुमार उपाध्याय एवं राजकुमार पाल का सम्मान समारोह कार्यक्रम मेघबरन सिंह स्टेडियम करमपुरए सैदपुर आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे दो खिलाड़ी ललित उपाध्याय व राजकुमार पाल को उनके परिजनो संग स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन मे कहा कि पेरिस ओलंपिक खेल का आयोजन 26 जुलाई से 11अगस्त तक चलाए जिसमे भारत ने एक रजत व पॉच कास्य पदक जीते जिसमे प्रदेश के दो हॉकी खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीतने मे अपनी अहम भूमिका निभाई जिनका आज सम्मान समारोह आयोजित हो रहा है। उन्होने खिलाड़ियो एवं उनके परिजनो को शुभकामना देते हुए दोनो खिलाड़ियों को 1.01 करोड़ रूपये देने की घोषणा की तथा खिलाड़ी राजकुमार पाल जो इस जनपद के निवासी है उन्हे सम्मान स्वरूप डिप्टी एसपी के पद पर चयन करने की घोषणा की। इसके साथ उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी जिन्होने ओलंपिक मे देश का प्रतिनित्व किया उन्हे 10.10 लाख की सम्मान राशि लखनऊ मे सम्मान समारोह के दौरान आयोजित कार्यक्रम मे दी जायेगीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ललित उपाध्याय एवं राजकुमार पाल की माता की साधना का नतीजा है कि वह आज इस मुकाम पर है। ललित उपाध्याय पहले ही डिप्टी एस पी बनाये जा चुके है तथा राजकुमार पाल जल्द ही डिप्टी एसपी होगें। उन्होने मेघबरन सिंह हॉकी एकेडमी के प्रबन्धक पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह एवं स्व तेजबहादुर सिंह जिन्होने हॉकी की नर्सरी को बढाने मे अपनी अहम भूमिका निभाई उनकी भूरि.भूरि प्रशंसा करते हुए कहां कि आज जो दो खिलाड़ी भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत का गौरव बढा रहे है यह उन्ही की साधना का परिणाम है।उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ष्खेला इण्डिया खेलोष् के लिए हर खिलाड़ी को खेलने के लिए प्रोस्ताहित करते है तो उसके पीछे भी एक भाव होता है कि अगर आप देश के लिए खेलेगे तो देश आपके लिए जान लगा देगा। कहा कि खेल को बढावा देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है ए खिलाड़ियो के लिए हर जिले मे एक स्टेडियमए ब्लाक स्तर पर मिनी स्टेडियम ग्राम पंचायत मे खेल का मैदान बनाया जा रहा है।




## बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**मुग़लसरायध्चन्दौली ।** कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी चिकित्सक के साथ हुए बलात्कार और हत्या के बाद से पूरे देश में उबाल है। लोग दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग कर रहे है। शनिवार नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका । इस दौरान उनके खिलाफ कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की ।बता दे कि 8.9 अगस्त की रात कोलकाता के आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में एक ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ हैवानियत हुई थी। वह वहां बेहोशी के हाल में मिली थीं । उसे तुरन्त उपचार के लिए लें जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। महिला चिकित्सक के शरीर पर चोटों के कई निशान थे । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार हत्या से पहले की प्रकृति और सेक्सुअल पेनेट्रेशन की बात कही गई थी। बताया गया कि बाद में पीड़िता की हत्या गला घोंटकर कर दी गई । महिला चिकित्सक की दर्दनाक मौत से लोगों ने आक्रोश है। लोग पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहे है । पुतला दहन के दौरान अभाविपा के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहे है । पुतला दहन के दौरान अभाविपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए । वही दूसरी तरफ दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस मौके पर तेजप्रताप सिंहए अंकित गुप्ताए विशाल जायसवालए चाहत सिंहए गोल्डी जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# भगवान के दरबार में चतुराई नहीं चलती



**लखनऊ।** धरती पर मनुष्य से ज्यादा चतुर कोई भी जीव नहीं है। लेकिन भगवान के दरबार में कभी भी चतुराई नहीं चलती है। भगवान के दरबार में चतुराई करने वाला व्यक्ति कभी भी सुखी नहीं रह पाता है। बात.बात में छल पूर्वक चतुराई करने वाला व्यक्ति अपने जीवन में कभी भी सुखी नहीं हो पाता है। भगवान की कथा से हमें यही शिक्षा मिलती है। उक्त बातें लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी, दयालबाग में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के आठवें दिन पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कहीं। सरस् श्रीराम कथा गायन के माध्यम से भारतीय और पूरी दुनिया के सनातन समाज में अलख जगाने के लिए जनप्रिय कथावाचक प्रेमभूषण जी महाराज ने चित्रकूट से भैया भरत की वापसी से आगे के प्रसंगों का गायन करते हुए कहा कि भगवान की कृपा प्राप्त करनी है तो हमें स्वयं अपने आहारए व्यवहार और विचार में परिवर्तन लाने की जरूरत है। हमें मानस जी की यह शिक्षा हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए . मनए कर्मए वचन छाड़ि चतुराईए भजत कृपा करि हहिं रघुराई। जीवन में कभी भी सज्जनता का त्याग नहीं करना चाहिए। क्योंकि भगवान भी सज्जनों की पीड़ा का हरण करने के लिए ही आते हैं। पूज्य श्री ने कहा कि सुख चाहते हैं तो बनावटी जीवन से बचने का प्रयास करें। जो व्यक्ति जीवन में बनावटीपन का आश्रय लेता है उसका जीवन स्वतः दुखों में घिरता चला जाता है। वह चाह कर भी उन दुखों से बाहर नहीं निकल पाता है। इस कथा के आयोजक उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पूजनीया माता जी ए सह आयोजक दयाल ग्रुप के चेयरमैन राजेश सिंह दयाल और खुशहाली फाउंडेशन के चेयरमैन सोनू सिंह ने व्यास पीठ पर उपस्थित भगवान का पूजन किया और भगवान की आरती की। कई विशिष्ट अतिथि कथा में उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोतागण को महाराज जी के द्वारा गाए गए दर्जनों भजनों पर झूमते हुए देखा गया। कथा की व्यवस्था में लगे देवेश राय ने बताया कि कल कथा पूर्णाहुति के बाद मंत्री जी की ओर से विशाल भंडारा सम्पन्न होगा।

# वृंदावन के आश्रय सदनों की विधवा महिलाओं ने प्रधानमंत्री को भेजीं हाथ से बनाईं राखियां

**मथुरा।** वृन्दावन के आश्रय सदनों में रहने वालीं विधवा और निराश्रित महिलाओं ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपने हाथों से बनाई राखियां भेजी हैं। सुलभ इंटरनेशनल के विधवा सहाय कार्यक्रम की उपाध्यक्ष विनीता वर्मा ने बताया कि इस परंपरा की शुरुआत इसके संस्थापक बिंदेश्वरी पाठक ने की थी। उन्होंने कहा कि उनका मानना था कि विधवाओं को भी अन्य महिलाओं की तरह सभी प्रकार के शुभ तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहार मनाने का अधिकार है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री को भगवान राम और ठाकुर बांकेबिहारी के चित्र वाली 551 राखियां भेजी जा रही हैं।

## ब्रास इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी को सौंपा पत्रक

**मीरजापुर ।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने व्यापारियों की समस्या को लेकर शुक्रवार की देर शाम गुडहट्टी स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में एक बैठक आहूत की।इस बैठक में मीरजापुर के दौरे पर पहुंचे मीरजापुर प्रभारी और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्या से कैबिनेट मंत्री को अवगत करायाएजिसके निस्तारण के लिए उन्होंने आश्वस्त करते हुए कार्यवाही का भरोसा भी दिलाया।इस दौरान पीतल उद्योग के उत्थान को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ मीरजापुर ब्रास इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आशीष सिंह ने एक.एक पत्रक सौंपा।इस पत्रक में उन्होंने ने पीतल उद्योग के लिए एक अलग क्लस्टर बनानेएमीरजापुर में अलग ब्रास सिटी पार्क बनानेएधातु हस्तशिल्प सेवा केंद्र मुरादाबाद के सहयोग से नौजवानों के लिए एक ट्रेनिंग सेंटर एवं गरीब कामगारों और उनके परिवार के आर्थिक उत्थान की मांग रखी है।जिससे गिरते हुए पीतल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार सृजन भी हो सकेगा।उन्होंने कहा की इस उद्योग से प्रत्यक्ष रूप से हजारों लोग जुड़े हैएउद्योग को आगे बढ़ाने के लिए यहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ी निफ्ट की प्रोफेसर डॉली कुमार ने कैबिनेट मंत्री को पीतल उद्योग के रोड मैप को लेकर विस्तृत जानकारी भी दी।

# नैनो उर्वरक समय के साथ बदलाव की मांग

## इफको घियानगर फूलपुर में मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**प्रयागराज।** इफ्को घियानगर फूलपुर में 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आर पी सिंह निदेशक एचआर एवं लीगल एवं विशिष्ट अतिथि शोभा सिंह रहे। मुख्य अतिथि आर पी सिंह ने ध्वजारोहण किया। इफ्को सुरक्षा गार्ड पीएसी बैण्ड के जवान केन्द्रीय विद्यालय स्कॉउट गाइड के बच्चों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। पीएसी बैण्ड द्वारा देशभक्ति के धुनों पर मनोहर प्रस्तुति दी जिसका नेतृत्व हवलदार केशव सिंह ने किया। आर पी सिंह ने कहा कि आज हम अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। यह हमें दो वर्षों अंग्रेजों की गुलामी नहीं बल्कि एक हजार वर्ष की गुलामी के उपरांत मिली है। जिन लोगों ने आजादी के लिए कुर्बानी दी है एवं संघर्ष किया है उनको हमारा नमन और श्रद्धांजलि एवं वो हमारे प्रेरणा है। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आजादी मिलना एक बात है लेकिन उसे कायम रखना उससे भी बड़ी बात है क्योंकि हमें तथा हमारे पड़ोसी मुल्कों को लगभग एक ही समय आजादी मिली थी लेकिन वहाँ जारी राजनैतिक अस्थिरता सैन्य शासन लोकतंत्र का आभाव मौलिक अधिकारों का हनन हिंसा आज चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब हम आजाद हुए थे तो हमारे लिए सबसे बड़ा संकट खाद्यान का संकट था लेकिन हरित क्रांति एवं आधुनिक खाद के उपयोग से आज हम कृषि आत्मनिर्भर देश है। लेकिन वर्तमान समय एक दूसरा संकट जैसे पर्यावरण मिट्टी की गुणवत्ता ग्लोबल वार्मिंग की समस्या एवं उसका विकल्प। इफ्को ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी लेकर आया जो इन चुनौतियों से निपटने में सहायक है। नैनो उर्वरक समय के साथ बदलाव की मांग है एवं आने वाले समय में यह मील का पत्थर साबित होगा। केन्द्रीय विद्यालय एवं ओम बाल विद्या मंदिर के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुझाव योजना के तहत विजेता कर्मचारियों मेधावी छात्र.छात्राएं एवं स्थानीय ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शरद अग्निहोत्री ने किया। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि आर पी सिंह ने नैनो संयंत्र का दौरा किया। अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन आईसीए के सहकारी कानून समिति सीएलसी के सदस्य बनने तथा फूलपुर इकाई आगमन पर इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन एवं इफ्को इम्पलाइज संघ के कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया महाप्रबंधक संजय वैश्य एम डी मिश्र ए पी राजेन्द्रनए संजय भंडारी पी के सिंह संयुक्त महाप्रबंधक डॉ अनिता मिश्रा पी के पटेल रत्नेश कुमार अरूण कुमार अरवेन्द्र कुमार एस के सिंह ए के गुप्ता विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयम प्रकाश इफ्को इम्प्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय और महामंत्री विजय कुमार यादव तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सोमवार को मनाया जायेगा रक्षाबंधन का पर्व

**प्रयागराज।** भाई बहनों के बीच खूबसूरत रिश्तों का जश्न मनाने वाला त्यौहार रक्षाबंधन भाई बहनों के प्यार हिफाज़त और ज़िंदगी भर के रिश्तों की एक मीठी याद दिलाता है। जी टीवी के कलाकार भी त्यौहार मना रहे हैं। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर एक पवित्र धागा यानी कि राखी बांधती हैं जो भाइयों की सलामती के लिए बहनों की प्रार्थना का प्रतीक है। असल में आजकल यह त्यौहार सिर्फ दो बहनों या भाइयों के बीच भी मनाया जाने लगा है। यह त्यौहार अपने रीति रिवाजों से परे है जो परिवारों को बांधे रखने वाले गहरे रिश्तों को दर्शाता है। यह परिवारों के लिए फिर से मिलने यादें ताजा करने और एक दूसरे के प्रति आभार जताने का भी समय है। रक्षाबंधन एक दिल छू लेने वाली याद की तरह है कि चाहे ज़िंदगी हमें कहीं भी ले जाए। इस खास दिन पर प्यार का पहला नाम राधा मोहन के मनित जौरा रब से है दुआ के धीरज धूपर कुमकुम भाग्य की सृष्टि जैन कुंडली भाग्य के शक्ति आनंद कैसे मुझे तुम मिल गए की प्रतीक्षा होनमुखे और भाग्य लक्ष्मी की ऐश्वर्या खरे जैसे जी टीवी के कलाकारों ने बताया कि उनके भाई बहन उनके लिए कितनी अहमियत रखते हैं।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीजपुर/सोनभद्र।** शुक्रवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से स्थानीय थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा डोड़हर निवासी 21 वर्षीय प्रेमचंद पुत्र रामगोविंद की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक प्रेमचंद इंटक बेल के पास किसी कार्य से गया हुआ था उसी दौरान तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली के गिरने से उसकी मौत हो गई। साथ ही साथ अन्य दो व्यक्ति के झुलसने की भी सूचना लोगों द्वारा बताया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बीजपुर पुलिस ने मृतक की परिजनों की उपस्थिति में शव का पंचनामा करवाकर उसे रात्रि हो जाने के कारण शनिवार की सुबह अन्त्य परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी भेजवा दिया।

## अनफिट वाहनों के पंजीयन 31 अगस्त तक नही तो होगा निरस्त

**गाजीपुर।** जनपद की सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने बताया है कि परिवहन आयुक्त कार्यालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा 08 जुलाई से 15 अगस्त तक अनफिट वाहनों के पंजीयन निलम्बित किये गये है अगले 15 दिनों मे 31 अगस्त तक सभी अनफिट वाहनों का फिटनेस न कराने पर इनका पंजीयन निरस्त कर दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में सभी स्कूल प्रबन्धकों एवं वाहन स्वामियों को अवगत कराना है कि उप संभागीय परिवहन कार्यालयए आकर फिटनेस सम्बन्धित स्लॉट बूक कराकर वाहनों का फिटनस करवाना सुनिश्चित करे। अन्यथा की दृष्टि में पंजीयन निरस्त होने पर कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

## लोन की राशि अदा न करने पर किसान की कुर्क हुई जमीन



**बाराबंकी।** आर्यावर्त बैंक के लखनऊ परिक्षेत्र की खैराकन्कू शाखा से लोन लेकर उसकी राशि को जमा न करना ग्राम.बाला खेड़ाए खैराकन्कूए जनपद.बाराबंकी के वीरेन्द्र कुमार पर भारी पड़ गया। राजस्व कर्मियों ने किसान की भूमि को कुर्क कर उस पर लाल झंडी लगा दी है। बुधवार को खैराकन्कू शाखा के शाखा प्रबंधक ने नायब तहसीलदार हैदरगढ़ बाराबंकी सुश्री नम्रता दुबे एवं अमीन श्री राजकुमार निगमए श्री राजेन्द्र कुमार व लेखपाल श्री राजेश सरोज टीम सहित ग्राम बाला खेड़ा पहुँचकर किसान वीरेन्द्र कुमार पुत्र देवीदीन की बंधक भूमि पर लाल झंडी लगाकर कुर्क करने की कार्यवाही की है। वीरेन्द्र कुमार पर बैंक का रु0 10०00 लाख और उसका ब्याज बकाया है। शाखा प्रबंधक खैराकन्कू शाखा ने बताया कि वीरेन्द्र कुमार को बकाया जमा करने की चेतावनी दी गयी थीए परन्तु उनके द्वारा बकाया जमा नहीं किया गयाए उसी के तहत यह कार्यवाही हुयी है।

# डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता।** अमेठी



**जनसामान्य** की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इस अवसर पर विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी ने भी जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील तिलोई में 33 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

# कार्यकर्ता की चमक हमारी चमकः सांसद केएल शर्मा



**अमेठी।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने आज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में न्याय पंचायत, महिला कांग्रेस व जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अध्यक्षता में संसदीय क्षेत्र के सभी 130 न्याय पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई ढ्ढ बैठक में उपस्थित न्याय पंचायत अध्यक्षों ने ग्राम सभा वार एक एक कर विकास पर एवं संगठन की मजबूती पर भी गहन चर्चा हुई लगातार 02 घंटे तक चली बैठक में सांसद ने ने सब की बातों को सुनकर जवाब देते हुए कहा कि अमेठी संसदीय क्षेत्र की जनता जितनी हमारे लिए सम्मानित है उससे अधिक आपके लिए भी होनी चाहिए संपूर्ण अमेठी की जनता एक परिवार की तरह है परिवार में आप जिम्मेदारी पूर्वक विकास कार्य को गति देने में साथ रहे। जिला कांग्रेस कमेटी की पहली बैठक में सांसद किशोरी लाल शर्मा ने जिला पदाधिकारियों को मजबूत संगठन और अनुशासन के जहां गुर सिखाये वही उपस्थित जिला कमेटी के नेताओं का हौसला अफ़ज़ाई करते हुए कहा कि कार्यकर्ता की चमक हमारी चमक है।

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक की अध्यक्षता

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद स्तर पर गठित परीक्षा चयन समिति एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता एवं अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा के संबंध में शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए बताया कि आगामी 23 अगस्त, 24 अगस्त, 25 अगस्त, 30 अगस्त व 31 अगस्त 2024 को दो पालियों में (प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक) आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा कुल 09 परीक्षा केन्द्रों पर करायी जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक स्तर पर सतर्कता, सजगता एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, एवं अतिरिक्त सहायक केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि परीक्षा से संबंधित प्रश्न पुस्तिकाओं को परीक्षा के दिन कंट्रोल रूम से प्राप्त करने तथा परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचाने एवं लाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के सकुशल संचालन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, एवं अतिरिक्त सहायक केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती परीक्षा केन्द्रवार की गई है।

# डीएम ने अविश्वास प्रस्ताव संबंधी प्रकरण में सीडीओ को सौंपी जांच

**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने अवगत कराया है कि प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सेमरियावां के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के आशय से श्रीमती हाजरा खातून, श्रीमती संगीता देवी, मनीष कुमार व श्रीमती बदरून्निशा सदस्य क्षेत्र पंचायत सेमरियावां द्वारा अपने संयुक्त हस्ताक्षर से विगत दिनाँक 27.07.2024 को 91 क्षेत्र पंचायत सदस्यों का नोटरी शपथ पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराया गया था। उक्त के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट ने बताया है कि श्रीमती मजहरून्निशा प्रमुख क्षेत्र पंचायत सेमरियावां ने अपने पत्र गत 30, जुलाई, 2024 द्वारा अवगत कराया कि उनके व्यक्तिगत एवं राजनैतिक विरोधी उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास कर रहे हैं तथा उनको जानकारी मिली है कि उक्त शपथ पत्र पर 35 की संख्या में वास्तविक सदस्य, क्षेत्र पंचायत के हस्ताक्षरअंगूठा लगवाया गया है और लगभग 60 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर/अंगूठा फर्जी बनाकर अविश्वास प्रस्ताव हेतु दिया गया है तथा उनके द्वारा अपने समर्थन में 10 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के नोटरी शपथ पत्र उपलब्ध कराया गया है। श्रीमती मजहरून्निशा प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सेमरियावां द्वारा अपने पत्र गत 05, अगस्त, 2024 द्वारा पुनः 65 क्षेत्र पंचायत सदस्यों का नोटरी शपथ पत्र कार्यालय में दिया गया। तत्क्रम में उक्त दोनों पक्षों के नोटरी शपथ पत्रों का मिलान कराया गया। मिलान में 47 क्षेत्र पंचायत सदस्यों का नोटरी शपथ पत्र दोनों के पक्ष में दिया गया है तथा हस्ताक्षर भी भिन्न हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने उक्त प्रकरण में सत्यता की जांच के दृष्टिगत उक्त दोनों पक्षों के नोटरी शपथ पत्रों की जांच हेतु सीडीओ की अध्यक्षता में जांच समिति गठित करते हुए समिति के सदस्यों को निर्देशित किया है कि दोनों पक्षों द्वारा उपलब्ध कराये गये नोटरी शपथ पत्रों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही हेतु अपनी स्पष्ट आख्या 15 दिवस में दें।

# न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में मनाया गया रक्षाबंधन, आयोजित हुए कार्यक्रम

**संवाददाता।** रायबरेली



**17** अगस्त 2024, न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में 'आजाद हाउस' के सौजन्य से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह जी द्वारा कृष्ण और सुभद्रा को माल्यार्पण करके किया गया। इस कार्यक्रम में प्राइमरी विंग की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कृष्ण (साक्षी) और सुभद्रा (तन्वी) के जीवन्त रूप की झांकी रही। रक्षाबंधन के इस प्रोग्राम में स्कूल की शिक्षिका पूजा वर्मा ने- कच्चे धागों से बनी पक्की डोर है राखी, गीत सुनाकर सभी का मन प्रमुदित कर दिया। इसी क्रम में स्कूल की छात्राएं अनुष्का, सानिया और उनके साथियों की संगीतमय प्रस्तुति सराहनीय रही । सुभद्रा संग मिलकर अन्य छात्राओं ने प्रधानाचार्य जी को रक्षा-सूत्र बांधकर उनके सुखद और स्वस्थ जीवन की कामना की। स्कूल की छात्रा इल्मा फातिमा ने प्रोग्राम का बड़ी ही कुशलता से बेहतरीन संचालन करके खूब वाहवाही बटोरी । इस संपूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक रूप देने में एक्टिविटी इंचार्ज प्रमांशु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में माधुरी शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, सार्थक शुक्ला, आदित्य मिश्रा, पूनम श्रीवास्तव, मंजू शर्मा एवं उनके अन्य सभी सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

अंत में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई भी अपनी बहन की रक्षा का वचन देते हैं।

## प्राथमिक विद्यालय से गैस सिलेंडर व खाद्य सामग्री चोरी

**ऊंचाहार।** रोहनिया ब्लॉक अंतर्गत कदलाबाद गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों ने कमरे में रखी मिड डे मील की चार बोरी खाद्य सामग्री तथा गैस सिलेंडर चुरा ले गए। शनिवार की सुबह प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## करणी सेना के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

**रायबरेली।** रायबरेली में हत्या के मामले में गलत नामजदगी व व सवर्ण बिरादरी के लोगों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने को लेकर करणी सेना के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा एसपी कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत धरई पिछवरिया गांव का है जहां 11 अगस्त को अर्जुन पासी नाम के एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में सात लोगों को नामजद किया गया था जिसमें पुलिस ने छह आरोपियों को मय आलाकत्ल के गिरफ्तार करके जेल भेज दिया, वहीं सातवें आरोपी की तलाश जारी है, लेकिन कल भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं द्वारा डीएम कार्यालय के सामने जमकर हंगामा काटा गया और सवर्ण बिरादरी के लोगों को गालियां देकर सोशल मीडिया पर कई पोस्ट वायरल की गई थी। इसी के विरोध में आज करणी सेवा ने एसपी कार्यालय पहुंचकर विशाल सिंह की नामजदगी को गलत बताते हुए व अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर विरोध जताया।

# जानलेवा हमले में घायल पूर्व प्रधान के परिवार को है जान-माल का खतरा

**रायबरेली।** जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल हुए पूर्व प्रधान के परिवार को जान - माल का खतरा बना हुआ है। मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्त पुलिस के लिए चुनौती साबित हो रहे हैं। हमलावर जान माल को क्षति पहुंचने की धमकियां दे रहे हैं। अपना दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस महानिदेशक को फरार अभियुक्त की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के साथ न्याय करने के लिए पत्र लिखा है। जनपद के डीह थाना क्षेत्र के गोंदवारा गांव के निवासी पूर्व प्रधान हंस कुमार चौरसिया पुत्र राम नरेश चौरसिया के ऊपर बीती 6 अगस्त की रात करीब 9:30 बजे भट्टे से वापस घर लौटे समय नहर मोड पर जबरन रास्ते में रोककर रंजिशन पहले से घात लगाए बैठे नीरज पासी पुत्र पुत्ती पासी, सुनील कुमार पुत्र शिव बालक, नीरज पुत्र शिव बालक निवासी दीना का पुरवा मजरे गोंदवारा, गोंदवारा गांव के सागर पुत्र बिंदा दीन पासी, बृजेश कुमार मौर्य उर्फ रामू पुत्र गोवर्धन ने लाठी डंडे, सरियां से धावा बोल दिया।

हमलावरों ने हंस कुमार चौरसिया को जान से मार डालने के इरादे से जमकर मारा पीटा। जिससे उनके हाथ, पैर, शरीर में गंभीर रूप से चोटें लगी हैं। घायल को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया पूर्व प्रधान के भाई कृष्ण कुमार चौरसिया पुत्र राम नरेश चौरसिया की तहरीर पर डीह थाने में पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कराई गई है।

फरार दो आरोपी मुल्जिम बृजेश कुमार मौर्य उर्फ रामू पुत्र गोवर्धन और सुनील कुमार पुत्र शिव बालक पुलिस की नजरों मे ओझल बने हैं। अपना दल (एस) युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष विजय चौरसिया ने पुलिस महानिदेशक लखनऊ को लिखे गए पत्र में फरार चल रहे हैं दोषी मुलजिमों को तत्काल गिरफ्तार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही है।

# झूलनोत्सव के दौरान कजरी की धुन से गुंजायमान हो रही अयोध्या नगरी

**संवाददाता।** अयोध्या



**श्रावण** मास की एकादशी तिथि से अयोध्या के सभी मंदिरों में झूलनोत्सव प्रारंभ हो जाता है और झूलन महोत्सव अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंच जाता है पूरी अयोध्या नगरी कजरी की धुन से गूंजायमान वह उठती है चारों तरफ रिमझिम फुहारों के बीच झूलनोत्सव का आनंद लेने देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु पहुंच चुके हैं पूरी अयोध्या आनंद के भाव सागर में गोते लगा रही है। वही सरयू कूले बना रहे सावन श्यामा सदन में...वैष्णो नगरी अयोध्या के सिद्धपीठ श्यामा सदन के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 महंत श्रीधर दास महराज के सानिध्य में झूलनोत्सव की मची है धूम सखी झूलन पधारो झुकी आए बदरा,झुक आये बदरा झुकी आये बदरा, घिर आये बदरा,साजो सकल श्रृंगार नैना सारों कजरा। सखी झूलन पधारो झुकी आए बदरा जैसे पदों के गायन से पूरा परिसर गुंजायमान हो देश की कोने कोने से आए श्रद्धालु भाव मई अनुपम झूलनोत्सव देख भाव विभोर हो रहे है।

मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या में झूलन महोत्सव मनाया जा रहा है अन्य वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष का झूलन महोत्सव का आनंद देखते ही बनता है , झूलनोत्सव में लोगों का भाव देखकर ऐसा लग रहा है कि यह कलयुग की अयोध्या नहीं बल्कि त्रेता युग की है और सभी भक्तगण संत महंत भगवान राम और श्री किशोरी जी की सानिध्यता को प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त कर रहे है। महंत श्रीधर दास महाराज ने बताया कि अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आनंद ही आनंद है, क्योंकि हमारे आराध्य प्रभु श्री राम भव्य झूलन में विराजमान हो गए हैं चारों तरफ आनंद ही आनंद है।

मंदिर परिसर में साड़ियों की परंपरा के अनुसार श्रावण शुक्ल पक्ष तृतीया से झूलन महोत्सव प्रारंभ हो गया है जिसमें देश के कोने-कोने से आए हुए कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति दे रहे हैं महोत्सव का समापन श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन के दिन होगा।

## मारपीट में घायल की इलाज के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** गत दिनों भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत होने के बाद नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करते हुए आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सादीपुर के चौराहे पर कहासुनी के दौरान हुई मारपीट में गाजनपुर गांव निवासी दिलीप सिंह घायल हो गए थे। जिन्हे स्थानीय अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान दिलीप सिंह की मौत गई। मौत की जानकारी के बाद ग्रामीणों ने परिजनों के नेवादा गांव के पास सड़क पर उतर गए। प्रदर्शन की सूचना पर एसडीएम प्रीति तिवारी सीओ अतुल सिंह भाले सुल्तान शहीद स्मारक थानाध्यक्ष तनुज पाल व आसपास के थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया।

# एडी बेसिक के औचक निरीक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी की कागजी खानापूर्ति की खुली पोल

- आठ परिषदीय विद्यालयों में लटकता मिला ताला
- अधिकांश विद्यालयों में मिड-डे-मील भी कागजों पर
- बीईओ रामपुरा पर कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**शनिवार** को मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अरुण कुमार शुक्ला ने रामपुरा विकासखंड के 13 परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें 8 विद्यालयों में ताला लटकता मिला। एडी बेसिक के औचक निरीक्षण ने रामपुरा खंड शिक्षाधिकारी की कागजी खानापूर्ति की जहां पोल खोलकर रख दी तो वहीं ग्रामीणांचल के नौनिहालों के भविष्य को चौपट करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। निरीक्षण दौरान मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गुहार लगायी कि उनके बच्चों का जीवन अंधकार में पहुंचाने वाले बीईओ पर तत्काल कार्यवाही अमल में लायी जाये ताकि बेलगाम हो चुके शिक्षकों पर शिकंजा कसा जा सके।

एडी बेसिक सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय मड़ैया अगदेला सुबह 8.15 पर बंद मिला, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुरा सुबह 8.20 पर बंद मिला। प्राथमिक विद्यालय रिठौरा, प्राथमिक विद्यालय सिद्धपुरा भी बंद मिला। प्राथमिक विद्यालय किशनपुरा बंद मिला और ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में मिड डे मील कभी नहीं बनता है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जमालपुरा में 27 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 14 उपस्थित मिले। जबकि शौचालय खराब स्थिति में मिला, किचन बंद था रसोइया अनुपस्थित थी। प्राथमिक विद्यालय जायघा में तैनात शिक्षिका स्मृति पांडे 23 जुलाई 2024 से 12 अगस्त 2024 तक अनुपस्थित रही। गांव वालों ने बताया कि महीने दो महीने में एक आद बार ही आती है। कन्या प्राथमिक विद्यालय जायघा में प्रधानाध्यापक पान सिंह अनुपस्थित थे, सहायक अध्यापक देवेंद्र स्वर्णकार 23 सितंबर 2023 से अगस्त 2024 तक प्राथमिक विद्यालय कर्रा में संबद्ध थे जहां छात्र संख्या मात्र 17 है, शिक्षा मित्र पूरन लाल को प्राथमिक विद्यालय कर्रा में संबद्ध किया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही की जाएगी। प्राथमिक विद्यालय हुकुमपुरा बंद मिला। जबकि चंद्रमणि दीक्षित सहायक अध्यापक एवं अध्यापक आनंद दोनों ही विद्यालय कभी कभी कभार आते है। प्राथमिक विद्यालय बिलौड़ में सहायक अध्यापक अमित कुमार अनुपस्थित थे। उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलौड़ बंद मिला विद्यालय में तैनात अमित कुमार गौतम कभी आते ही नहीं है। प्राथमिक विद्यालय जाखेता बंद मिला विद्यालय में तैनात कुलदीप तोमर महीने में एक बार ही आते है। कंपोजिट विद्यालय सुल्तानपुरा बंद मिला। सभी अनुपस्थित शिक्षकों के खिलाफ गंभीर अनुशासनात्मक कार्यवाही की संस्तुति की गई है। सहायक शिक्षा निदेशक ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी रामपुरा अमर सिंह पटेल द्वारा कार्य को गंभीरता से नहीं लेना व शिक्षण कार्य प्रभावित करने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को व्यवस्थित तरीके से कराने के दिये निर्देश

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा 23, 24, 25, 30, 31 अगस्त 2024 को होने वाली परीक्षा के संबंधित में ब्रीफिंग की। यह परीक्षा पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने परीक्षा को संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, ताकि परीक्षा नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन समस्त केंद्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षक, सेक्टर एवं स्ट्रेटिक व जोनल मजिस्ट्रेट कर लें, जिससे परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में आसानी रहे।

उन्होंने समस्त केंद्र व्यवस्थापकों को सीटिंग प्लान के अनुसार केंद्रों पर पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था, पेयजल, पुरुष एवं महिला शौचालय तथा प्रकाश की उचित व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को त्रुटि रहित संपन्न कराने हेतु केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर्यवेक्षक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की भूमिका महत्वपूर्ण बताते हुए बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहनता से अध्ययन कर लें तथा निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। अफवाह की स्थिति में तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश भी पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप वर्मा ने परीक्षा भर्ती में लगे सभी संबंधित अधिकारियों को पीपीटी स्क्रीन के माध्यम से विधिवत प्रशिक्षण दिया।

# रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन के पदाधिकारियों ने ग्रहण किया अपना पदभार




**गोंडा।** रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन के नए सत्र के पदाधिकारियों ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण समारोह मे निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन अरविंद श्रीवास्तव ने नए अध्यक्ष गोपाल मित्तल एवं सचिव चेतन अग्रवाल को कालर पहनाकर पदभार सौंपकर शपथ दिलाई। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के प्रांत प्रचारक (अवध क्षेत्र) कौशल जी एव असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन डा. आलोक अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोपाल मिततल ने अपनी नई टीम की घोषणा करते हुए बताया कि सचिव चेतन अग्रवाल के साथ इस वर्ष रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन के द्वारा वर्ष भर किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। कार्यक्रम में रोटेरियन डा. आलोक अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन का उद्देश्य सामाजिक हित में कार्य करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में खाने की एवं पानी की बहुत बड़ी समस्या होगी, इसीलिए खाने की बर्बादी एवं पानी बर्बादी को रोकना होगा। मुख्य अतिथि कौशल जी ने रोटरी क्लब गोंडा ग्रीन के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 43 शिकायतें, नौ का तत्काल समाधान

**संवाददाता।** कोंच, जालौन



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने नगर पालिका परिषद कोंच के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण संबंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष राजस्व विभाग, नगर पालिका, पुलिस, विकास खण्ड, विद्युत, जिला पंचायत कार्यालय आदि विभाग की कुल 43 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 9 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया, शेष शिकायतो के शीघ्र ही निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए साथ ही निस्तारण के संबंध में फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का वह स्वयं रेंडम जांच करेंगे यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नही मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि शिकायतो का निस्तारण पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें: डीएम

● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील निघासन के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 212 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 103, पुलिस 45, विकास 24, नपं, आपूर्ति, विद्युत 8-8, स्वास्थ्य, सिंचाई 3-3, बैंक, जलनिगम, कृषि, शिक्षा 02-02, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण 1-1 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

## नन्हें बच्चों ने डीएम को बांधी राखी, मिला आशीर्वाद



**लखीमपुर खीरी।** बहन-भाई के बीच स्नेह,अटूट विश्वास,अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन पर्व से एक दिन पूर्व शनिवार को जिलाधिकारी आवास पर शिक्षिकाओं संग पहुंची सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर मिश्राना की नन्ही बालिकाओं ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के स्नेहस्वरूपी राखियां बांधी। नन्ही बालिकाओं ने एक-एक कर डीएम की कलाई पर राखी बांधी। जैसे ही नन्ही बालिकाएं राखी बांधने के लिए आगे बढ़ीं, डीएम ने स्नेहपूर्ण मुस्कान के साथ उनका स्वागत किया, उनके नाम और क्लास पूछीं। इस मौके पर डीएम ने छोटे बच्चों से बात की और उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान बच्चों के बीच डीएम भी बेहद खुश नजर आई। वहीं बच्चे भी डीएम से मिलकर खुश थे।

## जयपुरिया स्कूल के बच्चों ने लिया वृक्ष रक्षा का संकल्प



**लखीमपुर।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में बच्चो को पर्यावरण रक्षा हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से रक्षाबंधन के अवसर पर वृक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक महोदय श्री आशीष कुमार गुप्ता जी की प्रेरणा एवम प्रधानाचार्य श्री बिनोद कुमार तिवारी जी के निर्देशन में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के सभी कक्षाओं के बच्चो ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। प्राथमिक कक्षा के बच्चो ने विद्यालय प्रांगण में वृक्ष लगाए वहीं कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चो ने नगर के प्रमुख पार्कों में जाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। नगर के मोहल्ला छाउछ स्थित पार्क में बच्चों ने वृक्ष लगाए।

# अवैध कब्जों की शिकायत पर डीएम ने लेखपाल व राजस्व निरीक्षकों को लगाई फटकार

● डीएम व एसपी ने खागा संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी लोगों की शिकायतें

**संवाददाता।** खागा, फतेहपुर



सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील खागा के सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाएं, शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाये। डीएम ने ग्राम उमरा में नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर लेखपाल अशर्फीलाल को कड़ी फटकार लगाते हुए जांच के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए।

ग्राम दुनौली जलालपुर हथगाम में जमीन की नापजोख में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर राजस्व निरीक्षक लक्ष्मी शंकर गुप्ता को कड़ी फटकार लगाते हुए लेखपाल प्रमोद कुमार के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए। उन्होंने सभी राजस्व निरीक्षक लेखपाल को निर्देश दिए कि बिना धारा-24 एवं बिना दाखिल खारिज हुए जमीन की नाप की गई तो संबंधित के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। ग्राम मुबारकपुर गिरिया के लेखपाल अनुपम एवं राजस्व निरीक्षक दयाशंकर पाण्डेय को अवैध पट्टा करने की शिकायत पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की। करीकान धाता में तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर मुआयना करने के निर्देश दिए। अधिशाषी अभियंता हाईड्रिल को निर्देशित किया कि तहसील क्षेत्रांतर्गत जहा भी ट्रांसफर्मर खराब है, को तत्काल बदले तथा जर्जर पोल एवं ढीले विद्युत तारो को प्राथमिकता से सही करवाए साथ ही यह भी निर्देश दिए कि आम जन मानस को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जाय।

# कोलकाता घटना पर चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल जारी

**फतेहपुर।** पश्चिम बंगाल प्रांत के कोलकाता की घटना को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व नर्सिंग होम ऑनर एसोसिएशन की हड़ताल लगातार जारी है। चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने घटना को लेकर जहां गुस्से का इजहार किया वहीं दिवंगत बेटी को न्याय दिलाए जाने की आवाज बुलंद की गई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को चार सूत्रीय ज्ञापन भेजकर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिए जाने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव के नेतृत्व में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया कि कोलकाता की घटना ने एक बार फिर समाज को सोंचने पर मजबूर कर दिया है। आज देश के अस्पतालों में चिकित्सकों को विभिन्न प्रकार के खतरों व भय के बीच काम करना पड़ रहा है। अक्सर अस्पताल में घटनाएं होने के बाद चिकित्सक वर्ग को न्याय नहीं मिल पाता। आज चिकित्सक अपनी सुरक्षा को लेकर सशंकित है। कोलकाता की घटना से निष्पक्ष व विश्वसनीय जांच करने की मांग देश भर के चिकित्सक कर रहे हैं और आंदोलन के लिए बाध्य हैं। इस प्रकरण में कार्रवाई कुछ ऐसी होनी चाहिए जिसका कठोर संदेश अराजकतत्वों पर जाए। मांग किया कि कोलकाता केस के दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर मामले में त्वरित सुनवाई कर दोषियों को अधिकतम सजा दिलाई जाए, डाक्टरों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सभी प्रकार की अराजक घटनाओं से बचाने के लिए एक केंद्रीय कानून बनाया जाए, सभी स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को विशेष संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए व राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद को देश के किसी भी इलाके में काम कर रहे मेडिकल छात्रों व सभी आधुनिक चिकित्सा डाक्टरों की सुरक्षा से संबंधित सख्त नियमों को लागू करने का अधिकार दिया जाए।

# समाधान दिवस पर 56 शिकायतों में केवल दो का निस्तारण

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर.





**नगर** में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आए साढ़े चार दर्जन से अधिक शिकायती मामलों में केवल दो मामलों का ही निस्तारण मौके पर हो सका। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी के अलावा क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।

नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार ने की। इस मौके पर कुल 56 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अपर जिलाधिकारी के समक्ष रख उनके निस्तारण की गुहार लगाई जिसमें मौके पर दो ही मामलों का निस्तारण हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। इस मौके पर ग्राम पाटनपुर के देवनाथ साहु गुलबदन यादव फूलचंद माहेश्वरी दीन व पुष्पेंद्र कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा गांव के विकास कार्यों में लापरवाही बरतने की शिकायत करते हुए विकास कार्यों की जांच की मांग की इसके अलावा उन्होंने ग्राम गौशाला की 20 बीघा जमीन पर प्रधान द्वारा धान की खेती करने की शिकायत भी की।

वार्ड संख्या 21 के राम रूप पुत्र राम अवतार ने अपर जिलाधिकारी को बताया कि उन्होंने नगर पालिका में भवन संख्या 8 का नामांतरण करने का प्रार्थना पत्र दिया था। इस मामले में नगर पालिका द्वारा भवन उनके नाम नहीं चढ़ाया जा रहा है वहीं ग्राम मकरांव के ग्रामीणों ने गांव में घूम रहे अन्ना जानवरों को गौशाला में बंद करवाने की मांग की है ताकि उनकी फसलों की रक्षा हो सके। इस मौके पर उप जिला अधिकारी राजेश चंद्रा व तहसीलदार मनोज सिंह के अलावा क्षेत्र के आलाधिकारी मौजूद रहे।

## सिविल कोर्ट में गंदा पानी भरा होने से बढ़ा महामारी का खतरा

**राठ, हमीरपुर।** शनिवार को तहसील परिसर में जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 112 में 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान डीएम व एसपी ने जल्द शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जमुनादीन राजपूत ने बताया कि सिविल कोर्ट में कई दिनों से बरसात का पानी भरा हुआ है। जिससे कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं व वादकारियों को जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गंदा पानी कई दिनों तक भरा रहता है। जिससे कई बीमारियां फैलने का भय रहता है। इसी तरह औड़ेरा गांव निवासी केशव प्रसाद ने गांव के बजरंगबली के मंदिर की सड़क पर कब्जा करने, कस्बे के फर सौलियाना मोहल्ला निवासी रजिया ने कोटेदार पर अभद्रता करने व राशन न देने, बहर गांव निवासी नंदराम ने तालाब पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जा करनेए पहाड़ी गढ़ी गांव निवासी हरी सिंह ने नलकूप का ताला तोड़ कर स्टार्टर चोरी करने की शिकायत की है।

# जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनीं लोगों की समस्याएं

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**जिला** स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आलोक सिंह ने तहसील डेरापुर में लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 160 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 8 शिकायतों का निस्तारण किया गया, इन शिकायतों में राजस्व विभाग 64, पुलिस 23, विकास 19, विद्युत 41, अन्य 5 रहीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त समस्याओं/ शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें, शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्यवाही की जायें।

तहसील समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों द्वारा रखी गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर, निस्तारण आख्या से जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिये। तहसील दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति द्वारा भी पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुन कर निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा एके सिंह, उप जिलाधिकारी डेरापुर, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार डेरापुर, परियोजना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, डीपीआरओ, डीडीएजी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नव अधिवक्ताओं का वरिष्ठ अधिवक्ता ने किया स्वागत



**कानपुर देहात।** अधिवक्ताओं के लिए व्यावसायिक नैतिकता आवश्यक शिष्टाचार हैं,इसका पालन हर अधिवक्ता को करना चाहिए।यह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने नव पंजीकृत अधिवक्ता संजय सिंह सेंगर एवं सौरभ कुशवाहा का बैड बांध कर अधिवक्ता व्यवसाय में जुड़ने पर स्वागत करते हुए उन्हें सीख देते हुए कही।जितेन्द्र चौहान ने कहा कि वकालत में व्यावसायिक नैतिकता और कुछ नहीं बल्कि अधिवक्ता द्वारा पालन किए जाने वाले कर्तव्य हैं।कहा कि वकालत की नैतिकता का मुख्य विषय कानूनी पेशे के सम्मान, गरिमा को बनाए रखना और वकीलों के बीच किसी भी पक्षपात और झगड़े के बिना अदालत में एक मैत्रीपूर्ण माहौल बनाना है।

# एबी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में हुईं मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिताएं



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के एबी गर्ल्स इण्टर कालेज में रक्षाबंधन त्योहार से पूर्व मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे सैकडों छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व विद्यायक/संचालक जमालुददीन सिददीकी नें छात्राओं का उत्साहबर्धन करते हुये कहा कि छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं में निखार लानें के लिये प्रतियोगिताओं का आयोजन बेहद जरूरी है। शनिवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित एबी गर्ल्स इण्टर कालेज मे प्रधानाचार्या फरहीन एजाज के निर्देशन में आयोजित मेंहदी एवं राखी प्रतियोगिता में सैकडो छात्राओ ने प्रतिभाग कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूर्व विद्यायक जमालुददीन सिददीकी ने कहा कि समय समय पर प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्राओं में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। सपा नेता अरशद जमाल सिददीकी नें कहा कि प्रतियोगिताओं में लक्ष्य को पानें के लिये कडी मेहनत करें। इस दौरान प्रधानाचार्या ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें बाली छात्राओं को जल्द ही को पुरस्कृत किया जायेगा।

## क्विक न्यूज

### राज्यमंत्री ने पतारा गांव जाकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी छोटे लाल प्रजापति की दिन दहाड़े हत्या के मामले में मृतक के परिजनों से उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पीड़ित परिवार से मिलकर से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बीती सोमवार को पतारा गांव निवासी छोटे लाल प्रजापति की हत्या लाठी डंडे से पीटकर की गई थी। जिसमे राजनेतिक दलों के नेता मृतक के घर जा रहे हैं। आज उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति पीड़ित परिवार से मिले। परिजनो को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार आपके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री योगी जी ने आपसे मिलने के लिए भेजा है। मैं सारी जानकारी मुख्यमंत्री जी को उपलब्ध करवा कर शासन स्तर से हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। तथा उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे मे आकर समाज का माहौल खराब न करे। दोषी व्यक्तियों के खिलाफसख्त कार्रवाई होगी। जो भी लोग दोषी होंगे वह बक्शे नही जायेंगे।

### साईं सिटी में हुई राखी प्रतियोगिता, विजेता पुरस्कृत



**फतेहपुर।** साईं सिटी इंटर कॉलेज /मां सरस्वती ज्ञान मंदिर में राखी प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की निदेशक रेखा सिंह गौर की देखरेख में हुआ। निर्णायक मंडल द्वारा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान मनीष पाल (कक्षा 7), द्वितीय- वैशाली (कक्षा 6), तृतीय- स्पर्श (कक्षा 6 ), सीनियर वर्ग में प्रथम राशिका पाल (कक्षा 11), द्वितीय दिव्या सिंह (कक्षा 12), तृतीय तेजस्वी नारायण (कक्षा 11) रहीं। विद्यालय के प्रबंधक पवन सिंह गौर ने छात्र-छात्राओं के रचनात्मक कार्यों के लिए उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, संजय सिंह, फारुख खान, रवि सिंह, मनोरमा, रेखा श्रीवास्तव, जयश्री, अतुल, अनुराधा, प्रिंसी, चंद्रप्रकाश, रावेंद्र, राजेंद्रपाल, राजेंद्र प्रसाद, रतन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### एसडीएम से शिकायत कर ब्रेकर हटाने की मांग की

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के हैदरिया मोहल्ले में नगर पालिका द्वारा बनवाई गई सीसी निर्माण के बाद एक व्यक्ति द्वारा अपने दरवाजे पर बनवाये गए स्पीड ब्रेकर का मोहल्ला के लोगो ने विरोध करते हुए अधिशासी अधिकारी से शिकायत कर स्पीड ब्रेकर को मानक अनुसार या हटाये जाने की मांग की है। बताते चले कि सड़क हो सीसी निर्माण नई बनते ही लोग अपने दरवाजों के सामने मानक विहीन स्पीड ब्रेकर बना देते हैं जो दुर्घटनाओं को अंजाम देते हैं।इसी क्रम में हैदरिया मोहल्ला के भुइँया रानी के पास नगर पालिका द्वारा निर्मित सीसी का निर्माण कराया गया है जिस पर मोहल्ले के बंटा ताले वाले के घर के सामने लोगों ने खड़ा स्पीड ब्रेकर बना दिया जिसका विरोध मोहल्ला वासियों ने करते हुए एक शिकायती पत्र पालिका के अधिशासी अधिकारी को देकर बने स्पीड ब्रेकर के अगल बगल से सीमेंट बालू डालकर ढाल दार बनाया जाए अन्यथा उसे हटवाने की मांग की है।

### डंफर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**राठ।** शनिवार शाम उरई नहर बाईपास स्थित आरा मशीन के पास गलत साइड से जा रहे 22 चक्का बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस हादसे में सड़क पर गिरे युवाओं को रौंद डाला। दोनों युवक के शव के लोथड़े सड़क पर बिखर गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक के पहिए में फंसे शवों को बाहर निकाल एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जनपद झांसी के भगवंतपुरा गांव निवासी ममेरे भाई रोहित ने बताया कि 18 वर्षीय योगेंद्र लोधी निवासी घटेरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा राठ कस्बे में स्थित एक महाविद्यालय में बीए सेकंड ईयर का छात्र था। नहर बाईपास के पास किराए के मकान में रहता था। इसके अलावा वह फोटोशूट का काम भी करता था। बताया कि शुक्रवार को योगेन्द्र का जन्मदिन था। जिससे वह गांव गया था। जन्मदिन की फोटो के लिए शनिवार को वह बाइक से अपने दोस्त 19 वर्षीय देवेश निवासी महुआ को लेकर राठ आया था। बताया कि शाम को 19 वर्षीय दोस्त देवेश के साथ घर जा रहा था। तभी नहर बाईपास स्थित आरा मशीन के पास गलत साइड से आ रहे 22 चका डंफर ने टक्कर मार दी।

### सीएचसी की तरफ से ग्राम चहलुवा में लगा हेल्थ शिविर

**रमिया बेहड़, खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एन सी डी यूनिट की तरफ से व सीएमओ संतोष गुप्ता के निर्देशनऔर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर मृदुल कुमार शुक्ला की देखरेख में आज रमिया बेहड के ग्राम चहलुवा में हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मधुमेह उच्च रक्तचाप ब्लड प्रेशर आदि के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई और रोगों से बचा तथा खान-पान के बारे में बताया गया कैंप में योग के फायदे बताए गए कैंप में ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और लोगों ने कैंप में आकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया कैंप में डॉक्टर तौहीद अहमद यूनानी य डॉ अरुण कुमार एन सी डी काउंसलर अजमत अली आरती वर्मा सुबोध कुमार फार्मा एवं क्षेत्र की आशा सुनीता मिश्रा उपस्थिति रही जहां पर लगभग 100 लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें कई मरीज बीपी एवं मधुमेह के पाए गए जिन्हें दवाये भी उपलब्ध कराई गई एवं खान-पान के बारे में बताया गया।

### सूबेदार का पुरवा के लिए शहर से मांगी विद्युत सप्लाई

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले वार्ड अजगवां के सभासद विवेक सिंह ने विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता को एक ज्ञापन सौंपकर सूबेदार का पुरवा की बदहाल विद्युत व्यवस्था में सुधार करते हुए विद्युत सप्लाई शहर से किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि सूबेदार का पुरवा में 10 केवीए के ट्रांसफार्मर से लगभग 150 घरों की विद्युत आपूर्ति होती है। आए दिन एबीसी केबल ओवर लोड में टूटकर नीचे गिरती है जिस कारण वहां के निवासियों को जानमाल का खतरा बना रहता है। 11 हजार लाइन गांव के अंदर से हटाई जाए। दस केवीए ट्रांसफार्मर को हटवाकर 250 केवीए ट्रांसफार्मर लगवाया जाए तथा एबीसी केबल लगवाई जाए। नगर पालिका शहर के अंतर्गत लगने वाला एक मोहल्ला है जहां पर लाइट देहात फीडर से मिल रही है। इसको शहर की लाइन से जोड़ा जाना चाहिए। मांग किया कि कोई दुर्घटना न हो इसलिए जल्द से जल्द मोहल्ले में ग्यारह हजार लाइन हटवाकर एबीसी केबल डाली जाए तथा ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाकर 250 केवीए की व्यवस्था कराई जाए।

### दुकान का शटर काट लाखों रुपये नकद व सामान चुराया

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** चोर एक के बाद एक नई चोरी की घटना को लगातार अंजाम देते जा रहे हैं। एक बार फिर बीती रात बेखौफ चोरों ने किराने की दूकान में डबल शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। व्यस्त एवं घनी आबादी वाले मार्केट में हुई चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया । नगर के मोहगा चिलांका निवासी महमूद पुत्र मकसूद की महमूद किराना स्टोर के नाम से नगर के मेन चौराहे के पास स्थित जवाहरगंज सब्जी मंडी में दुकान है। चोर बीती रात उसकी दुकान के दो शटर ग्राइंडर मशीन से काटकर दुकान में रखें लगभग दो लाख रुपए नगद एवं 80 हजार रुपए का किराने का सामान चुरा ले गए । मुझे आज सुबह आसपास के लोगों द्वारा मोबाइल पर सूचना दी गई। उसने तहरीर में कहा कि बीती रात लगभग 9. 00 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर गया था। बताते चले बेखौफ चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि बीती रात जिस चोरी की घटना को उन्होंने बखूबी अंजाम दिया ।

# बीईओ ने निपुण विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बीआसी कार्यालय में खण्ड शिक्षाधिकारी की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2023-24 मे निपुण हुए विद्यालयों के शिक्षकों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि बच्चों को निपुण बनानें में शिक्षकों की अहम भूमिका है।

शनिवार को क्षेत्र के गाम सरायप्रयाग स्थित बीआरसी में आयोजित निपुण भारत मिशन के तहत ब्लाक तालग्राम के 30 विद्यालयों को निपुण विद्यालय घोषित किया गया था।

निपुण प्राथमिक विद्यालय झूसी नागर के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह यादव उर्फ गोलू व प्राथमिक विद्यालय नेहरू नगर संतोषा की प्रधानाचार्य योग्यता सहित कक्षा 1,2,3 को पढानें बाले सहायक अध्यापकों को खण्ड शिक्षाधिकारी रमेश चंद्र चौधरी ने शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करनें के उपरान्त कहा कि निपुण विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता को बनायें रखें एवं बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन एआरपी अरविंद चौहान ने किया।

# वीरांगना अवंतीवाई की जयंती हर वर्ष त्योहार की तरह मनाएं: बीएल वर्मा



**फर्रुखाबाद।** अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतिवाई का 193 वा जन्मोत्सव व सम्मान समारोह लोदी महासभा के बैनर तले नरेश चंद्र राजपूत एड. की अध्यक्षता में नवभारत सभा भवन में हुआ। संचालन सहसंयोजक ईश्वर चंद्र राजपूत ने किया। सबसे पहले सांसद मुकेश राजपूत सहित लोधी नेताओं ने महारानी अवंतीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय, अधिकारिता,उपभोक्ता खांड व सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री बी एल वर्मा ने रानी अवंतीबाई का इतिहास बताते हुए कहा कि अवंतीवाई उनका जन्म म. प्र. में हुआ और राजा विक्रमादित्य के साथ उनका विवाह हुआ था। राजा की अस्वस्थता के कारण रामगण का शासन अवंतीवाई ने संभाला। रानी ने अंग्रेजो के रामगढ़ को खाली करो के फरमान के खिलाफलड़ाई का बिगुल फूक दिया और रामगढ़ की चार हजार सेना अंग्रेजो के खिलाफ जमकर लड़ी और वीरगति को प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि विपक्ष भाजपा पर संविधान को समाप्त करने का आरोप लगाता है पर बाबू कल्याण सिंह के समय 1992 में जब बाबरी मस्जिद ढहाई गई थी तब कांग्रेस ने म. प्र.,उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल की सरकारों को बर्खास्त कर दिया था इस तरह कांग्रेस ने उस समय संविधान को समाप्त करने का काम किया था। उन्होंने फर्रुखाबाद में मेडिकल कालेज की मांग पर कहा कि मैं जनपद में सांसद मुकेश राजपूत के साथ मेडिकल कालेज स्थापित कराने का पूरा प्रयास करूंगा।

# तहसील समाधान दिवस में 111 के सापेक्ष केवल तीन का निस्तारण



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के.सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 40, विकास विभाग की 12, पुलिस विभाग की 30, विद्युत विभाग की 8 व अन्य विभागों की 21, कुल 111 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संवंधित अधिकारियो को दिये गए। इस अवसर विधायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर व अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोलकता डॉक्टर मर्डर मामले में 24 घंटे की हड़ताल

**फर्रुखाबाद।** कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उग्र हो गई है, लिहाजा संगठन ने 24 घंटे की हड़ताल करने का निर्णय लिया है। 24 घंटे की हड़ताल से मरीजों को काफी समस्या होने की संभावना बन गयी है स इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया की बीते 9 अगस्त को आर जी केयर हॉस्पिटल कोलकता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की दुः खद घटना को अंजाम दिया गया था, घटना के बाद से पुलिस ने अभी तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंकीपॉक्स को लेकर स्थिति की समीक्षा की

# भारत में संक्रमण का कम जोखिम

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है, हालांकि इस बीमारी को फैलने से रोकने और नियंत्रित करने के लिए एहतियाती कदम उठाए जाएंगे। समीक्षा बैठक में आगामी हफ्तों में बाहर से आने वाले कुछ मामलों का पता चलने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है, लेकिन यह आकलन किया गया कि निरंतर संचरण के साथ बड़े प्रकोप का जोखिम वर्तमान में भारत के लिए कम है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा 2022 में पहली बार स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा के बाद से भारत में कुल 30 मामले



पाए गए, जिनमें से अंतिम इस साल मार्च में आया। मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल भारत में मंकीपॉक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है। बयान में कहा गया कि मंत्रालय द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है। डब्ल्यूएचओ द्वारा 14 अगस्त को मंकीपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआईसी) घोषित किए जाने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने यहां मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मंकीपॉक्स की स्थिति और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूर्ण रूप से सावधानी बरतने के लिए सभी हवाई अड्डों, बंदरगाहों और सीमा प्रवेश स्थलों पर स्वास्थ्य इकाइयों को सतर्क करना, जांच प्रयोगशालाओं (कुल 32) को तैयार करना, किसी भी मामले का पता लगाना, उसे पृथक करना और उसका प्रबंधन करने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को तैयार करना, जैसे उपाय किए जाएं। बैठक में यह बात सामने आई कि मंकीपॉक्स का सामान्यत: 2-4 सप्ताह का संक्रमण होता है और रोगी आमतौर पर सहायता संबंधी प्रबंधन से ठीक हो जाते हैं। संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक निकट संपर्क से और आमतौर पर यौन संपर्क, शरीर, घाव के तरल पदार्थ के साथ सीधे संपर्क या संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़े, चादर का इस्तेमाल करने से होता है। डब्ल्यूएचओ ने इससे पूर्व जुलाई 2022 में मंकीपॉक्स को पीएचईआईसी घोषित किया था और बाद में मई 2023 में इसे रद्द कर दिया था। 2022 से वैश्विक स्तर पर डब्ल्यूएचओ ने 116 देशों से मंकीपॉक्स के कारण 99,176 मामले और 208 लोगों की मृत्यु की सूचना दी है। बैठक में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), डब्ल्यूएचओ, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम केंद्र (एनवीबीडीसीपी), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, केंद्र सरकार के अस्पतालों, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

## चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात, आंध्र प्रदेश के लिए मांगी वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और कर्ज में डूबे दक्षिणी राज्य के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने की मांग की। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय बजट के बाद मोदी के साथ अपनी पहली बैठक में नायडू ने अमरावती के विकास के लिए वित्तपोषण सहित आंध्र प्रदेश के लिए की गई प्रमुख घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बजट में आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए 15,000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और राजकोषीय चुनौतियों से निपटने, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने के लिए अधिक केंद्रीय सहायता का अनुरोध किया।

## राजनाथ सिंह कल चेन्नई में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र भवन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को चेन्नई में एक नवनिर्मित अत्याधुनिक भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) बल के समुद्री बचाव समन्वयन केंद्र (एमआरसीसी) भवन का उद्घाटन करेंगे। मंत्रालय की तरफ से यह जानकारी दी गई। रक्षामंत्री रविवार को ही दो अतिरिक्त प्रमुख सुविधा केंद्रों: चेन्नई में क्षेत्रीय सामुद्रिक प्रदूषण प्रतिक्रिया केंद्र (आरएमपीआरसी) और पुडुचेरी में तटरक्षक वायु एन्क्लेव (सीजीएई) का भी उद्घाटन करेंगे। मंत्रालय की तरफ से एक बयान में कहा गया, यह ऐतिहासिक अवसर सामुद्रिक सुरक्षा और क्षेत्रीय समन्वय में एक बड़ी उन्नति को दर्शाता है, जो भारतीय तटरेखा के साथ सामुद्रिक सुरक्षा और आपातकालीन प्रतिक्रिया को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों ने कहा कि नया एमआरसीसी एक प्रतिष्ठित संरचना बनने जा रहा है जो समुद्र में संकट में फंसे नाविकों और मछुआरों के लिए सामुद्रिक बचाव कार्यों के समन्वयन और प्रभावशीलता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।चेन्नई बंदरगाह परिसर में स्थित आरएमपीआरसी समुद्री प्रदूषण प्रबंधन में एक अग्रणी कदम का प्रतिनिधित्व करता है।

## वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष बने, प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता संजय जायसवाल करेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल को संसद की महत्वपूर्ण समिति माने जाने वाली लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद संजय जायसवाल को प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन में पांच संसदीय समितियों के गठन की जानकारी दी गई है। बुलेटिन में कहा गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कल्याण से संबंधित संसदीय समिति तथा अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के कल्याण से जुड़ी समिति गठित की गई हैं। ओबीसी कल्याण के संबंधित समिति के अध्यक्ष भाजपा के गणेश सिंह होंगे, जबकि उनके पार्टी सहयोगी फग्गन सिंह कुलस्ते एससी-एसटी कल्याण से संबंधित संसदीय समिति के अध्यक्ष होंगे। भाजपा सांसद बैजयंत पांडा सार्वजनिक उपक्रम संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे। लोक लेखा समिति, सार्वजनिक उपक्रम संबंधी समिति (सीओपीयू) और प्राक्कलन समिति संसद की प्रमुख वित्तीय समितियां हैं, जिनका काम सरकार के खातों और सार्वजनिक उपक्रमों के कामकाज पर नजर रखना है। तीनों समितियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है और इनमें लोकसभा और राज्यसभा, दोनों के सदस्य शामिल होते हैं, जिनका चयन दोनों सदनों द्वारा किया जाता है। इनके अलावा विभाग-संबंधी अन्य स्थाई समितियां भी हैं जो विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों पर नजर रखती हैं। संसदीय परिपाटी के अनुसार, पीएसी की अध्यक्षता मुख्य विपक्षी दल के किसी नेता को सौंपी जाती है। पिछली लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पीएसी के अध्यक्ष थे। पीएसी में लोकसभा के जिन 15 सदस्यों को जगह दी गई है उनमें द्रमुक के टी आर बालू, भाजपा के रविशंकर प्रसाद, निशिकांत दुबे और जगदंबिका पाल, तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव तथा कई अन्य सांसद शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ के नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचने की तैयारी :कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि छत्तीसगढ़ में अब नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचने की तैयारी है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि इसका निजीकरण नहीं किया जाएगा।कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक खबर का हवाला देते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि इस इस्पात संयंत्र का निजीकरण वित्त वर्ष 2025 के अंत से पहले तय है।मेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, क्या हुआ तेरा वादा, वो कसम वो इरादा। ऐसा लगता है कि बस्तर के एनएमडीसी (राष्ट्रीय खनिज विकास निगम) के इस्पात संयंत्र का वित्त वर्ष 2025 के अंत से पहले निजीकरण तय है। इसकी क्रोनोलॉजी समझिए। उन्होंने दावा किया, तीन अक्टूबर 2023 को नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने इस्पात संयंत्र का उद्घाटन किया था। इस अवसर पर उन्होंने वादा किया था कि नगरनार इस्पात संयंत्र बस्तर के लोगों की संपत्ति है और उनकी ही रहेगी। स्वयंभू चाणक्य ने 19 अक्टूबर 2023 को प्रधानमंत्री के वादे को दोहराते हुए कहा कि एनएमडीसी के बस्तर इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं किया जाएगा। रमेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इस बात पर आम राय बन गई कि इस्पात संयंत्र को नहीं बेचा जाना चाहिए। उनके मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने अप्रैल 2017 में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संयंत्र के निजीकरण पर आपत्ति जताई थी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कई मौकों पर निजीकरण को लेकर आपत्ति जताते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। कांग्रेस के महासचिव ने कहा, नीति आयोग की 21 फरवरी 2021 की बैठक में तो उन्होंने (भूपेश बघेल ने) एक कदम आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा था कि राज्य सरकार संयंत्र के संचालन की जिम्मेदारी लेने को तैयार है।

## न्यायालय ने जालसाजी के लिए मामला दर्ज करने से पूर्व सरकार से कानूनी राय लेने के निर्देश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जारी हाल के उन निर्देशों पर रोक लगा दी है, जिसमें पुलिस को निर्देश दिया गया था कि वह उन मामलों में धोखाधड़ी, जालसाजी या आपराधिक विश्वासघात के लिए प्राथमिकी दर्ज करने से पहले सरकार की कानूनी राय ले, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक दीवानी विवाद है। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया और उच्च न्यायालय के फैसले के कुछ पैराग्राफ पर रोक लगा दी, जिनमें प्राधिकारों को कई निर्देश जारी किए गए थे। पीठ ने 14 अगस्त के अपने निर्देश में कहा, नोटिस जारी किया जाता है। इस पर चार सप्ताह में जवाब दिया जाए। आपराधिक याचिका पर पारित 18 अप्रैल, 2024 के आदेश के पैराग्राफ 15 से 17 का संचालन और कार्यान्वयन अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा।

## चांदीपुरा वायरस के संदिग्ध मरीज की मौत, जांच रिपोर्ट मे संक्रमण की पुष्टि नही

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के एक निजी अस्पताल मे चांदीपुरा वायरस के संदिग्ध मरीज की शनिवार को मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि जांच रिपोर्ट मे मरीज मे इस विषाणु के संक्रमण की पुष्टि नही हुई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. बीएस सैत्या ने बताया कि शहर के एक निजी अस्पताल मे भर्ती 21 वर्षीय युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि युवक मे चांदीपुरा वायरस के संक्रमण सरीखे लक्षण पाए गए थे, जिसके बाद उसके नमूने को जांच के लिए 10 अगस्त को पुणे के राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) को भेजा गया था। युवक की मौत के बाद सीएमएचओ ने कहा, जांच मे युवक मे चांदीपुरा वायरस का संक्रमण नही मिला। उन्होंने बताया कि अस्पताल मे दम तोड़ने वाला युवक खरगोन जिले का रहने वाला था और उसे बेहतर इलाज के लिए छह अगस्त को इंदौर के अस्पताल भेजा गया था। सैत्या ने बताया कि इंदौर जिले मे अब तक चांदीपुरा वायरस के एक भी मामले की पुष्टि नही हुई है।

## वायुसेना, थलसेना ने 15 हजार फुट की ऊंचाई पर पैरा ड्रॉप अभियान को अंजाम दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और थलसेना ने संयुक्त रूप से लगभग 15 हजार फुट की ऊंचाई पर आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब पहल के तहत अपनी तरह के पहले सटीक पैरा-ड्रॉप अभियान को अंजाम दिया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान मे कहा कि इन क्रिटिकल ट्रॉमा केयर क्यूब को परियोजना भीष्म (सहयोग, हित और मैत्री के लिए भारत स्वास्थ्य पहल) के अंतर्गत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। इस अभियान को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के रूप मे प्रभावित क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण आपूर्ति प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप अंजाम दिया गया। बयान मे कहा गया कि वायुसेना ने क्यूब को एयरलिफ्ट करने और सटीक रूप से पैरा-ड्रॉप करने के लिए अपने उन्नत सामरिक परिवहन विमान सी-130जे सुपर हरक्यूलिस का इस्तेमाल किया। इसमे कहा गया कि थलसेना की पैरा ब्रिगेड ने अपने उन्नत सटीक ड्रॉप उपकरणों का इस्तेमाल करके ट्रॉमा केयर क्यूब की सफल तैनाती मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन ने दूरदराज के और पर्वतीय क्षेत्रों मे भी मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों मे प्रभावी ढंग से सहयोग को लेकर ऐसी विशेष सैन्य क्षमता को रेखांकित किया।

# राज्यों के आगामी चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराए जा रहे

**नागपुर।** (भाषा) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को इस बात को लेकर हैरानी जताई कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक देश एक चुनाव पर जोर दिए जाने के बावजूद राज्यों के आगामी चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराए जा रहे हैं। पवार ने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं उसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में एक देश एक चुनाव की वकालत की थी।



निर्वाचन आयोग ने सितंबर-अक्टूबर में जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों और हरियाणा में एक चरण में मतदान कराने की शुक्रवार को घोषणा की थी। आयोग ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की आवश्यकता और महाराष्ट्र में त्योहारों के दौरान होने वाली भीड़ का हवाला देते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा बाद में की जाएगी। पवार ने कहा, दो राज्यों (जम्मू-कश्मीर और हरियाणा) में चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। इसलिए, उनकी (प्रधानमंत्री मोदी की) बातों में कोई सच्चाई नहीं है। विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के सहयोगी दलों शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने पहले चुनाव कार्यक्रम को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना की थी और कहा था कि ऐसा लगता है कि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति अपने झूठे वादों के साथ महाराष्ट्र के लोगों को मूर्ख बनाने के लिए और समय चाहती है। महंत रामगिरि महाराज द्वारा पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर नासिक और छत्रपति संभाजीनगर में तनाव के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि यह समाज के हित में नहीं है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बारे में पवार ने कहा कि भारत में कुछ जगहों पर इस पर कुछ प्रतिक्रियाएं हुई हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, हमें कभी नहीं लगा कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, उस पर महाराष्ट्र से प्रतिक्रिया आएगी।

## मुंबई में कांग्रेस की रैली में राहुल के साथ शामिल होंगे उद्धव और शरद पवार

मुंबई। महाविकास आघाडी (एमवीए) के नेता उद्धव ठाकरे और शरद पवार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त को मुंबई में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राहुल गांधी के साथ शामिल होंगे। कांग्रेस ने शनिवार को बताया कि बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महाराष्ट्र के एआईसीसी प्रभारी रमेश चेन्निथला भी शामिल होंगे। कांग्रेस ने राजीव गांधी की जन्मस्थली मुंबई में उनकी जयंती मनाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन करने का फैसला किया है।महाविकास आघाडी (एमवीए) में शामिल कांग्रेस, राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया है, हालांकि अभी उनके बीच सीट-बटवारे पर सहमति नहीं बन पाई है। एमवीए के घटक दलों के बीच 16 अगस्त को एक बैठक हुई थी, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मांग की थी कि गठबंधन को अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रत्एक घटक को मिलने वाली सीटों की संख्या पर गौर करने के बजाय पहले ही अपना मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर देना चाहिए।

# अधिकांश श्रमिक नौकरियों में मासिक वेतन 20हजार से कम

**मुंबई।** भारत में कारखानों में या अन्य श्रम प्रधान नौकरियों (ब्लू-कॉलर) में ज्यादातर का वेतन 20,000 रुपए प्रति माह या उससे कम है। एक रिपोर्ट में कहा गया कि इससे पता चलता है कि कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा वित्तीय तनाव से जूझ रहा है, तथा आवास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रौद्योगिकी से जुड़े श्रम प्रधान भर्ती मंच वर्कइंडिया ने रिपोर्ट में कहा कि 57.63 प्रतिशत से अधिक श्रम प्रधान नौकरियां 20,000 रुपए प्रति माह या उससे कम वेतन सीमा में आती हैं। यह दर्शाता है कि कई श्रमिक न्यूनतम मजदूरी के करीब कमाते हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि लगभग 29.34 प्रतिशत श्रम प्रधान नौकरियां मध्यम आय वर्ग में हैं, जिनमें वेतन 20,000-40,000 रुपए प्रति माह है। इसमें कहा गया है कि इस श्रेणी में आने वाले श्रमिकों को वित्तीय सुरक्षा में मामूली सुधार का अनुभव होता है, लेकिन वे आरामदायक जीवन स्तर प्राप्त करने से बहुत दूर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस सीमा में आय से आवश्यकताएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बचत या निवेश रिपोर्ट के अनुसार, इस सीमा में आय से आवश्यकताएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बचत या निवेश के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है, जो इस श्रेणी के कार्यबल के एक बड़े हिस्से की आर्थिक कमजोरी को उजागर करता है। वर्कइंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक नीलेश डूंगरवाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, आंकड़ों से पता चलता है कि श्रम क्षेत्र में कम वेतन वाली नौकरियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उच्च आय के लिए सीमित अवसर हैं। यह असमानता न केवल कार्यबल के एक बड़े हिस्से के सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों को दर्शाती है, बल्कि सामाजिक स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के लिए भी व्यापक निहितार्थ रखती है।

# मप्र सरकार ने अधिकारियों को वित्तपोषित मदरसों में फर्जी नामांकन की जांच करने का आदेश दिया

**भोपाल।** (भाषा) मध्यप्रदेश सरकार ने अधिकारियों को सरकारी अनुदान प्राप्त करने वाले मदरसों में नामांकित छात्रों को सत्यापित करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि माता-पिता या अभिभावकों की सहमति के बिना उन्हें धार्मिक शिक्षा न दी जाए।शनिवार को एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की सिफारिश पर आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि कुछ मदरसों ने छात्रों के नाम फर्जी तरीके से दर्ज किए हैं। आदेश में कहा गया है कि एनसीपीसीआर, नई दिल्ली और समाचार पत्रों के संज्ञान में लाया गया है कि सरकारी अनुदान प्राप्त करने के लिए कई गैर-मुस्लिम बच्चों के नाम फर्जी तरीके से मदरसों में दर्ज किए गए हैं।आयुक्त (लोक शिक्षण या सार्वजनिक निर्देश) शिल्पा गुप्ता ने आदेश जारी कर अधिकारियों को मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी अनुदान प्राप्त करने के लिए बच्चों (मुस्लिम या गैर-मुस्लिम) के नाम धोखाधड़ी से पंजीकृत नहीं किए गए हैं। आदेश के अनुसार, यदि मदरसों में बच्चों के नाम धोखाधड़ी से पंजीकृत किए गए थे, तो उनका अनुदान रोक दिया जाएगा, मान्यता रद्द कर दी जाएगी और उचित दंड प्रावधानों के तहत कानूनी कार्वाई की जाएगी।

इसमें संविधान के अनुच्छेद 28 (3) का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है, राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त या राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में भाग लेने वाले किसी भी व्यक्ति को ऐसी संस्था में दी जाने वाली किसी भी धार्मिक शिक्षा में भाग लेने या ऐसी संस्था में या उससे जुड़े किसी परिसर में आयोजित किसी भी धार्मिक पूजा में भाग लेने की आवश्यकता नहीं होगी, जब तक कि ऐसा व्यक्ति या यदि ऐसा व्यक्ति नाबालिग है, तो उसके अभिभावक ने अपनी सहमति नहीं दी हो। आदेश में कहा गया है कि इस प्रावधान के मद्देनजर, यदि राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों या राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके धर्म की शिक्षाओं के विपरीत धार्मिक शिक्षा दी जा रही है या उन्हें उनकी सहमति के बिना धार्मिक शिक्षा लेने या किसी पूजा में शामिल होने के लिए मजबूर किया जा रहा है (यदि वे नाबालिग हैं, तो उनके अभिभावक), तो सभी अनुदानों को रोककर ऐसे मदरसों की मान्यता रद्द करने की कार्वाई की जानी चाहिए और अन्य उचित कानूनी कार्वाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। राज्य जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि निर्देश निदेशक, सार्वजनिक निर्देश और मप्र मदरसा बोर्ड के सचिव को जारी किए गए हैं।

## पेज 1 का शेष

### आईएमए...

उन्होंने कहा कि वे अपने चाचा के इलाज के लिए राजस्थान से दिल्ली आए हैं क्योंकि यहां सबसे अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। एकजुटता प्रदर्शित करने और केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम की मांग करते हुए, राजधानी भर के डॉक्टरों ने भी दिल्ली पुलिस के प्रतिरोध के बावजूद जंतर-मंतर की ओर मार्च किया। गैर-आवश्यक सेवाओं के बंद होने से बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और वैकल्पिक सर्जरी निलंबित हो गईं, वरिष्ठ डॉक्टर हड़ताल में शामिल हो गए और मरीजों को लौटा दिया। इससे विशेष रूप से कम आय वाले रोगियों के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवधान उत्पन्न हुआ जो देखभाल के लिए लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। पश्चिम बंगाल त्रासदी पर अपनी एकजुटता और आक्रोश व्यक्त करने के लिए नर्सें भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं और धरना दिया। जंतर-मंतर तक मार्च में शामिल प्रदर्शनकारी डॉक्टर डॉ. अर्पित ने कहा, हमारी मांगें स्पष्ट हैं। हम पश्चिम बंगाल जैसी दूसरी घटना नहीं चाहते। सरकार को सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को अंतिम रूप देना होगा. यह राजनीति के बारे में नहीं है; यह न्याय और सुरक्षा के बारे में है। अपनी चिंताओं को दोहराते हुए, डॉ. आकांक्षा ने कहा, हम अपनी सुरक्षा के आश्वासन के बिना काम नहीं कर पाएंगे। सरकार को जागने की जरूरत है।' जैसे-जैसे विरोध जारी रहा, न्याय के लिए डॉक्टरों के नारे राजधानी में गूंजते रहे। हड़ताल में भाग लेने वाले एक अन्य डॉक्टर एसके पोद्दार ने टिप्पणी की, पश्चिम बंगाल में त्रासदी बेहद परेशान करने वाली है। मुख्य संदिग्ध को अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है, और जांच की प्रगति पर कोई स्पष्ट अपडेट नहीं है। यह अस्वीकार्य है। डॉ. ज्योति शर्मा ने चिकित्सा समुदाय के भीतर व्याप्त निराशा पर प्रकाश डाला। आईएमए का 24 घंटे की हड़ताल का आह्वान हमारी मांगों पर प्रगति की कमी के प्रति हमारी निराशा को दर्शाता है। आठ साल पहले संसद में पेश किया गया केंद्रीय संरक्षण अधिनियम रोक दिया गया है। हम पीड़िता के लिए न्याय और सभी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों को हिंसा से बचाने के लिए एक केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम बनाने के लिए सर्जन, दंत चिकित्सा, निदान, रेडियोलॉजिस्ट और यहां तक कि मनोवैज्ञानिकों के संघों सहित संयुक्त आधुनिक चिकित्सा डॉक्टरों की राष्ट्रव्यापी मांग ने केंद्र को यह घोषणा करने के लिए मजबूर किया कि वे ऐसे सभी सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन करेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, राज्य सरकार सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली के निजी अस्पताल भी सरकारी अस्पतालों के साथ विरोध में शामिल हो गए, जिससे उन मरीजों के लिए हालात बदतर हो गए, जो वैकल्पिक सेवाओं के लिए ऐसे अस्पतालों पर निर्भर थे क्योंकि सर गंगा राम, फोर्टिस और अपोलो जैसे अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी अस्पतालों में अपनी ओपीडी बंद कर दी है। सर गंगा राम अस्पताल में प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप ने कहा, हमने ओपीडी, वैकल्पिक ओटी और आईपीडी कार्यों को पूरी तरह से बंद करने की घोषणा की है। दुर्भाग्य से, मेरा मानना है कि दबाव बनाने के लिए विरोध प्रदर्शन और कर्तव्यों को बंद करना अब आवश्यक हो गया है।

### कोलकाता...

का निर्देश दिया था। परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को आर जी कर अस्पताल के सेमिनार कक्ष में मिला था। पुलिस ने इस सिलसिले में अगले दिन एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। इस बीच, सीबीआई अधिकारियों का एक दल शनिवार दोपहर आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल गया और वहां कुछ जांच की।

### कर्नाटक...

रूप से लड़ने के लिए तैयार है। अधिवक्ता-कार्यकर्ता टी जे अब्राहम द्वारा दायर अर्जी के आधार पर कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 26 जुलाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें मुख्यमंत्री को उन पर लगाए पर आरोपों पर जवाब देने और यह बताने के निर्देश दिए गए थे कि उनके खिलाफ अभियोजन की अनुमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए। कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को मुख्यमंत्री को जारी कारण बताओ नोटिस वापस लेने की सलाह एक अगस्त को दी थी। उसने राज्यपाल पर संवैधानिक कार्यालय के घोर दुरुपयोग का आरोप लगाया था। आरोप हैं कि सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को मैसुरू में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था जिसका संपत्ति मूल्य उनकी उस भूमि की तुलना में अधिक था जिसे एमयूडीए ने अधिग्रहीत किया था। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे।

### कानपुर के...

इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और उत्तर प्रदेश पुलिस घटना में शरारती या असामाजिक तत्वों की संलिप्तता की जांच कर रही हैं, क्योंकि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इंजन पटरी पर रखी किसी वस्तु से टकरा गया। उन्होंने कहा, ट्रेन के 16वें डिब्बे के पास हमें एक संदिग्ध वस्तु मिली है। इंजन के कैटल गार्ड को पहुंचे नुकसान को देखकर ऐसा लगता है कि इंजन इसी संदिग्ध वस्तु से टकराया और पटरी से उतर गया। उन्होंने कहा, हमने साक्ष्य सुरक्षित रखे हैं। आईबी और उत्तर प्रदेश पुलिस दोनों इस पर काम कर रही हैं। अधिकारी के अनुसार, जिस ट्रैक पर दुर्घटना हुई, उसी पर पटना-इंदौर एक्सप्रेस शुक्रवार देर रात एक बजकर 20 मिनट पर बिना किसी व्यवधान के गुजरी थी। अधिकारी के मुताबिक, टक्कर की तेज आवाज के बाद जब ट्रेन रुकी, तब उसमें सवार ज्यादातर यात्री सो रहे थे।

### तहव्वुर...

जूरी ने राणा को एक विदेशी आतंकवादी संगठन को सहायता प्रदान करने और डेनमार्क में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की नाकाम साजिश में सहायता प्रदान करने की षड्यंत्र रचने का दोषी ठहराया था। हालांकि, इस जूरी ने भारत में हमलों से संबंधित आतंकवादी कृत्यों में सहायता प्रदान करने की साजिश रचने के आरोप से राणा को बरी कर दिया था। राणा को जिन आरोपों के तहत दोषी ठहराया गया था, उसने उनके लिए सात साल जेल में काटे और उसकी रिहाई के बाद भारत ने मुंबई हमलों में उसकी संलिप्तता के मामले में उस पर मुकदमा चलाने के लिए उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया था।

### गुरुग्राम...

बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड सहित पुलिस की टीमें मॉल के हर कोने की गहनता से जांच कर चुकी हैं। मॉल में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। प्राथमिक जांच में यही सामने आ रही है कि यह ईमेल केवल डराने के उद्देश्य से भेजा गया है। ऐसे ही नोएडा के डीएलएफ मॉल में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। डीएलएफ प्रबंधन के मेल आईडी पर मेल आया था। पूरे मामले पर डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने कहा कि लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। हमने मॉकड्रिल किया है।

### पेरिस से....

नारंग ने लिखा, वह खेल गांव में पहले दिन चैंपियन के रूप में पहुंची थी और वह हमेशा हमारी चैंपियन रहेगी। कुछ अवसरों पर करोड़ों लोगों को प्रेरित करने के लिए ओलंपिक पदक की जरूरत नहीं पड़ती। विनेश फोगाट आपने लोगों को प्रेरित किया है। आपके जज्बे को सलाम। विनेश के भाई हरविंदर फोगाट ने कहा, हमारे गांव में लोग उनका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे हैं। लोग उनसे मिलने को लेकर उत्साहित हैं। इस दिग्गज पहलवान ने अयोग्य ठहराए जाने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि विभिन्न परिस्थितियों में वह 2032 तक खेल सकती हैं क्योंकि उनमें अभी काफी कुश्ती बची है, लेकिन अभी वह अपने भविष्य को लेकर अनिश्चित है क्योंकि हो सकता है कि चीजें पहले की तरह न हों। अयोग्य ठहराए जाने के बाद विनेश ने खेल से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

### लखनऊ हवाईअड्डे...

लगाने के लिए बुलाए गए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने खेप को सुरक्षित घोषित कर दिया है। हवाईअड्डा अधिकारियों ने अलार्म बजने पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और अधिकारियों को सूचित किया। इस घटना से उड़ान संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। बयान में कहा गया, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और जान-माल का कोई खतरा नहीं है। हवाईअड्डे पर परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है और इस पर कोई असर नहीं पड़ा है।

# भारत को वृद्धि पथ पर रहने, रोजगार सृजन के लिए अधिक सुधारों की जरूरतः गीता गोपीनाथ

भाषा। नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत को आर्थिक वृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ने तथा देश में पर्याप्त रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए, और अधिक सुधार करने की आवश्यकता होगी।यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोपीनाथ ने कहा कि यदि भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण भागीदार बनना चाहता है तो उसे आयात शुल्क कम करना होगा।उन्होंने कहा, संरचनात्मक सुधारों के संदर्भ में सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं।गोपीनाथ ने कहा कि विश्व ऐसे माहौल में है जहां व्यापार एकीकरण पर सवाल उठ रहे हैं, तथा भारत के लिए वैश्विक व्यापार के लिए खुला रहना महत्वपूर्ण है।प्रमुख अर्थशास्त्री ने कहा, भारत में शुल्क दरें अन्य समकक्ष अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अधिक हैं। यदि वह विश्व मंच पर एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहता है, तो उसे उन शुल्क को कम करना होगा। गोपीनाथ ने कहा कि विकसित देश का दर्जा प्राप्त करना एक बड़ी आकांक्षा है, लेकिन यह अपने आप नहीं हो जाता। इसके लिए कई क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर निरंतर, सुसंगत प्रयास की आवश्यकता होती है।उन्होंने कहा, भारत की समग्र वृद्धि दर अच्छी रही है और सात प्रतिशत की दर से यह विश्व में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। गोपीनाथ ने कहा, प्रश्न यह है कि इस गति को कैसे बनाए रखा जाए तथा इसे और कैसे बढ़ाया जाए, ताकि भारत में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो सके तथा यह एक उन्नत अर्थव्यवस्था बन सके।

### जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए भारत को 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियों की जरूरतः गोपीनाथ

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत रोजगार सृजन के मामले में जी-20 देशों में पिछड़ा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए देश को 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के हीरक जयंती कार्यक्रम में कहा कि 2010 से शुरू होने वाले दशक में भारत की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रही, लेकिन रोजगार दर दो प्रतिशत से कम रही। गोपीनाथ ने कहा कि इसलिए भारत की रोजगार दर, अन्य जी-20 देशों की तुलना में काफी कम है। उन्होंने कहा, यदि आप जनसंख्या वृद्धि के लिहाज से भारत के अनुमानों को देखें, तो भारत को अब से लेकर 2030 तक कुल मिलाकर छह करोड़ से 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करनी होंगी... हम पहले से ही 2024 में है, इसलिए हमें कम समय में बहुत सारी नौकरियां पैदा करनी होंगी। इसके लिए भूमि सुधार और श्रम संहिताओं को लागू करने सहित बुनियादी सुधारों की जरूरत होगी।

# समान नागरिक संहिता लाने का प्रयास अस्वीकार्य, पीएम की टिप्पणी आपत्तिजनक : मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

भाषा। नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी द्वारा धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत करने के कुछ दिन बाद, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने विधि आयोग के 2018 के इस कथन को शनिवार को रेखांकित किया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय है। एआईएमपीएलबी ने कहा कि यूसीसी लाने का कोई भी प्रयास अस्वीकार्य होगा। इसने कहा कि वह प्रधानमंत्री के धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के आह्वान और धार्मिक पर्सनल लॉ को सांप्रदायिक बताने को अत्यधिक आपत्तिजनक मानता है। एआईएमपीएलबी ने स्पष्ट किया कि यह मुसलमानों को अस्वीकार्य है, क्योंकि वे मुस्लिम पर्सनल लॉ के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे। एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता एस. क्यू. आर. इलियास ने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लाने संबंधी प्रधानमंत्री की टिप्पणी को लेकर हैरानी जताई। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश बताया जिसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने एक बयान में कहा कि बोर्ड यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण समझता है कि भारत के मुसलमानों ने कई बार यह स्पष्ट किया है कि उनके पारिवारिक कानून शरिया कानून पर आधारित हैं, जिससे कोई भी मुसलमान किसी भी कीमत पर विचलित नहीं हो सकता। इसमें कहा गया है कि देश की विधायिका ने स्वयं शरीयत एप्लीकेशन एक्ट, 1937 को मंजूरी दी है और भारत के संविधान ने अनुच्छेद 25 के तहत धर्म को मानने, उसका प्रचार करने और उसका पालन करने को मौलिक अधिकार घोषित किया है।

### आईएमएफ से सहयोग बढ़ाने के तरीके तलाशने को भारत तैयारः सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आईएमएफ की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ के साथ बैठक की। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए और अधिक तरीके तलाशने को तैयार है। बैठक में गोपीनाथ ने राजकोषीय समेकन के लिए भारत सरकार के उपायों के लिए वित्त मंत्री को बधाई दी। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत आईएमएफ के साथ अपने संबंधों और निरंतर जुड़ाव को बहुत महत्व देता है। भविष्य में भारत सरकार आईएमएफ के साथ अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए और अधिक तरीके तलाशने को तैयार है। भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता के जिक्र करते हुए गोपीनाथ ने आईएमएफ के साथ भारत के मजबूत संबंधों की सराहना की।

### भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में कोई जानकारी नहीं: चंपई सोरेन

**रांची।** झामुमो नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शनिवार को कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मीडिया की कुछ खबरों में शुक्रवार को दावा किया गया कि चंपई सोरेन झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो सकते हैं। जमशेदपुर रवाना होने से पहले चंपई ने संवाददाताओं से कहा, मुझे ऐसी अटकलों और खबरों के बारे में कुछ नहीं पता... मैं जहां हूं, वहीं हूं... । चंपई सोरेन ने यह भी कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम के साथ उनकी मुलाकात एक नियमित मामला था। चंपई ने कहा, उन्होंने (हेम्ब्रम) मुझसे मुलाकात की, लेकिन हमारी चर्चा सामान्य थी। हेम्ब्रम कथित तौर पर भाजपा नेताओं के संपर्क में है। हेम्ब्रम को हाल में दल-बदल विरोधी कानून के तहत झामुमो विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

### तालाब में डूबने से चार चचेरी बहनों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में बीकानेर जिले के नोखा थाना क्षेत्र में शनिवार को तालाब में पानी लेने गई चार चचेरी बहनों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि बिहारी निवासी चार चचेरी बहनें सोनम साहनी (आठ), शिवानी साहनी (12), मुस्कान साहनी (12), चांदनी साहनी (9) राणाराव तालाब मे पानी लेने गईं और उनकी डूबने से मौत हो गई। उसने बताया कि तालाब में पानी भरते समय एक बहन का पैर फिसल गया और वह डूब गई, उसे बचाने की कोशिश में तीन और बहनें भी डूब गईं। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सिट्रोएन देगा विरासत को पहचान

**लखनऊ।** सिट्रोएन इंडिया गर्व से बेसाल्ट के लॉन्च की घोषणा करता है, भारत की पहली मुख्यधारा एसयूवी कूप जो एक एसयूवी के बीहड़ आकर्षण को एक कूप के आकर्षक लालित्य और विशाल परिशोधन के साथ जोड़ती है। सिट्रोएन बेसाल्ट एक बेजोड़ ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है, जो अपने बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, क्लास.लीडिंग, विशालता और एयरोडायनामिक सिल्हूट द्वारा प्रतिष्ठित है। नवाचार और आराम के लिए सिट्रोएन की प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए, जो इसकी 100 साल की विरासत की पहचान है , बेसाल्ट ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के एक नए युग की शुरुआत करता हैए जिसमें उन्नत सुविधाओं और ड्राइविंग आनंद पर जोर दिया गया है। बेसाल्ट की डिलीवरी सितंबरए 2024 के पहले सप्ताह से देश के 85 ला मैसन सिट्रोएन फिजिटल शोरूम के माध्यम से शुरू होगी। नई सिट्रोएन बेसाल्ट के लॉन्च की घोषणा करते हुए स्टेलेंटिस इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक शैलेश हजेला ने कहा कि सिट्रोएन बेसाल्ट का आधिकारिक लॉन्च हमारे लिए गर्व का क्षण हैए क्योंकि यह ऐसे वाहन देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो नवाचार को सुलभता के साथ जोड़ते हैं।

# वैश्विक व्यवस्था के समक्ष जब गंभीर चुनौतियां थीं, तब बहुपक्षीय संस्थाओं से समाधान नहीं निकलाः जयशंकर

भाषा। नई दिल्ली



**भारत ने शनिवार** को एक बार फिर प्रमुख बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि यह एक निर्विवाद तथ्य है कि जब वैश्विक व्यवस्था को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा, तो संबंधित संस्थाएं समाधान नहीं दे पाईं।जयशंकर ने तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन में अपने संबोधन में विकासशील देशों को कम लागत वाले वित्तपोषण और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां प्रदान करने का भी आह्वान किया। भारत ने डिजिटल रूप से इस सम्मेलन की मेजबानी की। उन्होंने कहा, यह एक निर्विवाद तथ्य है कि वैश्विक व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां होने के बावजूद बहुपक्षीय संस्थाओं से समाधान नहीं निकल पाया। शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों के सत्र में उन्होंने कहा कि इसका कारण बहुपक्षीय संगठनों का ध्रुवीकरण है। उन्होंने कहा, यहां भी भारत ने सुधारवादी बहुपक्षवाद की वकालत की है और जी-20 के माध्यम से बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार की मांग की है। एक समूह के रूप में, हमें अपने मुद्दे को मजबूती से आगे बढ़ाने की जरूरत है। भारत संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष समेत बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार के लिए लगातार दबाव बनाता रहा है और तर्क देता रहा है कि इनमें वर्तमान विश्व की वास्तविकताएं प्रतिबिंबित होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन, बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने और डिजिटल बदलावों को लोकतांत्रिक बनाने के चार विशिष्ट क्षेत्रों में अपने विचार रखे। आर्थिक लचीलेपन के बारे में उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी, संघर्षों और जलवायु संबंधी घटनाओं ने विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं की आवश्यकता को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, केवल इतना ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को जोखिम मुक्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन में विविधता लाने की भी बहुत आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन पर चर्चा करते हुए जयशंकर ने कहा कि इसके जोखिम, बदलाव के लिए उपायों की लागत और संसाधनों तक पहुंच तीन बड़े मुद्दे हैं।

## पश्चिम बंगाल में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की जरूरतः जीतन मांझी

भाषा। पटना

**केंद्रीय मंत्री** जीतन राम मांझी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की जरूरत पर जोर दिया, जहां एक चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के बाद कानून-व्यवस्था की स्थिति सवालों के घेरे में है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और कहा कि इस जघन्य अपराध के विरोध में आयोजित प्रदर्शन पर हमला करने वाले गुंडों पर लगाम लगाने में उनका प्रशासन विफल रहा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री मांझी ने कहा, यह बेतुका है कि (ममता) बनर्जी ने कल खुद जुलूस निकालने का फैसला किया। पूरा प्रशासन उनके नियंत्रण में है। वह किसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता ने मामले में आरोपियों को मौत की सजा देने की मांग करते हुए जुलूस निकाला था। कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एक सप्ताह पहले यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### प्राचीन ज्ञान, दर्शन विकसित राष्ट्र की दिशा में मार्गदर्शक बन सकते हैंः एसोचैम महासचिव

**मुंबई।** उद्योग मंडल एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान और दर्शन विकसित राष्ट्र की दिशा में मार्गदर्शक बन सकता है। उन्होंने शुक्रवार देर शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक पुस्तक के विशेष विमोचन समारोह में कहा कि हाल के वर्षों में भारत ने जो वृद्धि और उन्नति देखी है, वह देश के नेतृत्व का परिणाम है। सूद ने कहा कि इस पुस्तक ने हमें बताया है कि हमने अपने लक्ष्य की ओर कितनी प्रगति की है। उन्होंने कहा, हमें प्राचीन ज्ञान और दर्शन का आशीर्वाद प्राप्त है, जो विकसित राष्ट्र की दिशा में हमारा मार्गदर्शक प्रकाश बन सकता है। अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक और इस समय क्षमता निर्माण आयोग में सदस्य (मानव संसाधन) आर बालासुब्रमण्यम की किताब पावर विदिनः द लीडरशिप लिगेसी ऑफ प्राइम मिनिस्टर नरेन्द्र मोदी भारत के सभ्यतागत ज्ञान को दर्शाती है। इस किताब में यह बताया गया है कि किस तरह मोदी के रूप में स्वदेशी और प्राचीन ज्ञान ने आधुनिक समय में वैश्विक नेतृत्व को आकार दिया है। इस पुस्तक का लोकार्पण टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने किया। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान, पीरामल समूह की वाइस चेयरमैन स्वाति पीरामल, क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई और आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु मौजूद थे।

### सीबीडीटी ने आयकर विभाग से होटल, अस्पतालों में बड़े नकद लेनदेन की पहचान करने को कहा

**नई दिल्ली।** देश मे प्रत्यक्ष कर प्रशासन के शीर्ष निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग से होटल, लक्जरी ब्रांड की बिक्री, अस्पताल और आईवीएफ क्लीनिक जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नकद लेनदेन की जांच करने को कहा है। बोर्ड ने कहा कि यह जांच गैर जरूरी हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए। सीबीडीटी ने कर विभाग से बकाया मांगो की वसूली के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा है, जिसमें पिछले वित्त वर्ष से तेज वृद्धि देखने को मिली है। इस संबंध में बोर्ड ने हाल में केंद्रीय कार्य योजना (सीएपी) 2024-25 जारी की है। वरिष्ठ अधिकारियों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वित्तीय संस्थानों के दो लाख रुपए से अधिक के नकद लेनदेन को वित्तीय लेनदेन के विवरण (एसएफटी) के जरिए बताना आवश्यक था, लेकिन ऐसा नही हो रहा था। बोर्ड ने आयकर विभाग से कहा है कि ऐसी रिपोर्टों की जांच करने पर पाया गया कि इन प्रावधानों का उल्लंघन व्यापक रूप से किया जा रहा है। इसमें आगे कहा गया कि उच्च मूल्य वाले उपभोग व्यय को करदाता के बारे में जानकारी के साथ सत्यापित करने की जरूरी है। विभाग ने इस संबंध में होटल, बैंक्वेट हॉल, लक्जरी ब्रांड के खुदरा विक्रेताओं, आईवीएफ क्लीनिक, अस्पताल, डिजाइनर कपड़ों की दुकानों और एनआरआई कोटा मेडिकल कॉलेज सीटें की पहचान की है, जहां इन नियमों का पालन नही किया जा रहा है और बड़ा नकदी लेनदेन हो रहा है।

### सतर्क रहें सुरक्षित रहें पुस्तक का अनावरण

**मुंबई।** यूपी के शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने सतर्क रहें सुरक्षित रहें नामक किताब का अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने दृष्टि दिव्यांगों के लिए पॉक्सो अधिनियम संवेदीकरण सामग्री निर्माण के प्रथम प्रयास का भी शुभारंभ किया। यह पहल इंडिया पेस्टी साइड्स लिमिटेड और समाधान अभियान द्वारा संचालित चुप्पी तोड़, हल्ला बोल परियोजना के अंतर्गत की गई। अर्चना अग्निहोत्री, संस्थापक, समाधान अभियान ने कहा कि इस किताब को लिखने में इंडिया पेस्टीसाइड्स के ईएसजी और सीएसआर प्रमुख रामकृष्णन सुब्रमण्यम जी की मुख्य प्रेरणा रही। उन्होनें प्रेरित किया कि हम लोग इस विषय पर बच्चों के लिए किताब लिखें। इसके अलावा जस्ट लर्न की प्रेजिडेंट आकृति ने भी हम लोगो से कहा कि हमारा कंटेंट इतना अच्छा है हमें इस पर किताब लिखनी चाहिए। इस किताब में बच्चों को विभिन्न प्रकार के खतरों, जैसे कि शारीरिक, मानसिक, और यौन शोषण से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बच्चों को सरल भाषा में उनकी आयु के अनुरूप उदाहरणों से समझाया गया है। किताब का प्रमुख संदेश बच्चों को सुरक्षित माहौल में रहने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित करना हैं। जिससे ज़्यादा बच्चों को जागरूक किया जा सके। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और अतिथि उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, डॉ.अमिता दुबे उपाध्यक्ष नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड रामकृष्णन सुब्रमण्यम ईएसजी और सीएसआर प्रमुख और सुश्री आकृति चौधरी अध्यक्ष जस्ट लर्न समाधान अभियान की संस्थापक श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री, श्रीमती शीलम बजपई और सुम्या द्विवेदी निदेशक समाधान अभियान शामिल है।

### मप्रः रेत माफिया ने राजस्व अधिकारी की गाड़ी पर ट्रैक्टर ट्रॉली चढ़ाकर उन्हें मारने की कोशिश की

**राजगढ़ (मप्र)।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में ड्यूटी पर तैनात राजस्व विभाग के एक अधिकारी उस समय बाल-बाल बच गए, जब कथित तौर पर एक अवैध रेत परिवहनकर्ता द्वारा चलाई जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस घटना मे कोई घायल नही हुआ। लिमोचोहन थाने के प्रभारी अनिल राहोरिया ने बताया कि शुक्रवार को संडावता-सारंगपुर रोड पर हुई इस घटना के बाद पुलिस ने भगवान सिंह पाल, पवन भिलाला और नीरज भिलाला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता नायब तहसीलदार सुरेश सिंह ने बताया कि पाल ने इससे पहले आठ अगस्त को उन्हें कॉल की थी और अवैध रूप से खनन की गई रेत जब्त करने के लिए उन्हें ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे कुचलने की धमकी दी थी। थाना प्रभारी ने कहा कि पाल, भिलाला और नीरज भिलाला के खिलाफ हत्या के प्रयास, ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारी और अन्य पर हमला करने के आरोपों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। राहोरिया ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया गया है और प्राथमिकी में नामजद तीनो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### भद्रा काल में भूल कर भी न बांधे भाई को राखी

**लखनऊ।** रक्षाबंधन यानी रक्षा का बंधन इस दिन बहने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है और उनके बेहतर कल के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं, वही भाई अपने बहन की आजीवन रक्षा के लिए संकल्प लेते हैं। डा. ज्योतिषाचार्य एवं वामा एप के फाउंडर आचार्य देव ने बताया पंचांग के अनुसारए इस वर्ष रक्षाबंधन 19 अगस्त को मनाया जाएगा। आपको बता दें 19 अगस्त के दिन प्रातः 3रू04 पर पूर्णिमा तिथि की शुरुआत हो रही है। इसी दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार रक्षाबंधन के दिन ही शुक्ल यजुर्वेद के अनुयाई उपाक्रम अर्थात जनेऊ संस्कार करते हैं। ये त्योहार श्रावन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। रक्षाबंधन का पर्व पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। रिक्ता तिथि के अंत की 6 घटी और पूर्ण तिथि के प्रारंभ की चार घाटी के दौरान भद्रा काल होता है। इस समय में कोई भी शुभ कार्य वर्जित होता है। इस वर्ष 19 तारीख प्रातः 3. 04 बजे पूर्ण तिथि पूर्णिमा शुरू हो जाएगी। जिससे चार घटी के अनुसार लगभग दोपहर 1रू30 बजे तक भद्रा काल का विचार किया जाएगा। 1रू30 के बाद रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा सकता है। रक्षाबंधन में भद्रा विचार-जैसा कि हमने ऊपर बताया भद्रा तिथि के अंत की 6 घाटी और पुण्यतिथि के आरंभ की चार घाटी भद्रा काल में मानी जाती हैं। उस समय में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित है। भद्रा का विचार तीन प्रकार से किया जाता है।रक्षाबंधन भद्रा पूछ विचार 9. 51 से सुबह 10. 53 तक किया जाएगा। भद्रा मुख विचार सुबह 10. 53 से 12. 37 तक किया जाएगा। इसके अलावा दोपहर 1.30 के बाद भद्रा का अंत माना जाएगा। रात्रि 9 बज कर 8 मिनट तक रक्षा बंधन का शुभ मुहूर्त रहेगा। इस समय मे शुभ समय दोपहर 1.45 से शाम के 4. 20 तक रहेगा यह अवधि कल 2 घंटे 37 मिनट रहने वाली है इस समय में रक्षाबंधन का त्योहार मनाएं।

## पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी के लिए रामगिरी महाराज पर ठाणे जिले में प्राथमिकी दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हिंदू धर्म से जुड़े नेता रामगिरी महाराज के खिलाफ मामला दर्ज किया है।पुलिस ने बताया था कि हाल में नासिक जिले में सिन्नर तालुका के शाह पंचाले गांव में एक धार्मिक आयोजन के दौरान रामगिरी महाराज ने कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मुंब्रा पुलिस ने रामगिरी महाराज के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से बात कहना) और कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिनमें धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धर्म के आधार पर समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना और आपराधिक धमकी देने से संबंधित धाराएं शामिल हैं। रामगिरी महाराज के खिलाफ राज्य के नासिक और छत्रपति संभाजीनगर जिलों में भी प्राथमिकियां दर्ज हैं। रामगिरी महाराज ने कहा है कि उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में यह बयान दिया था।

## सिंघवी कांग्रेस के विधि विभाग के अध्यक्ष नियुक्त

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस ने** शनिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को अपने विधि, मानवाधिकार और आरटीआई विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। सिंघवी को इस विभाग का अध्यक्ष नियुक्त करने के कुछ दिनों पहले ही तेलंगाना से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित किया गया था। राज्यसभा में संख्याबल के हिसाब से सिंघवी के राज्यसभा पहुंचने की प्रबल संभावना है। कांग्रेस के इस विभाग की अध्यक्षता पहले विवेक तन्खा कर रहे थे, जिन्हें बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता इस विभाग के पैनल में जगह दी गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और केटीएस तुलसी को भी विधि विभाग के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में शामिल किया गया है। इसमें हरीन रावल, प्रशांत सेन, देवदत्त कामथ और विपुल माहेश्वरी भी शामिल हैं। कांग्रेस के विधि विभाग के कार्यकारी पैनल में मुहम्मद अली खान सचिव बनाए गए हैं। उनके साथ ही अमन पंवार, उमर होदा, ईशा बख्शी, अर्जुन शर्मा, निशांत मंडल, अमित भंडारी, तरन्नुम चीमा, निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई, लालनुन्हलुई राल्ते और स्वाति ढ्रैक भी कार्यकारी पैनल के सदस्य हैं। कांग्रेस ने इसी के साथ महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के लिए वाररूम प्रमुखों की नियुक्ति की है।

# उदयपुर में छात्र पर हमले की घटना से सांप्रदायिक हिंसा के बाद मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद

भाषा। जयपुर

**राजस्थान के** उदयपुर में एक सरकारी स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र द्वारा अपने सहपाठी को चाकू घोंपने के बाद पैदा हुए सांप्रदायिक तनाव के बीच जिले के कई इलाकों में शुक्रवार रात से 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं।उदयपुर के सभी सरकारी और निजी स्कूल में आगामी आदेश तक अवकाश घोषित कर दिया गया है।पुलिस ने बताया कि हमले में घायल छात्र का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और आरोपी छात्र को हिरासत में ले लिया गया है। दोनों छात्र नाबालिग हैं। उदयपुर के जिलाधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए उदयपुर शहर और उदयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सभी सरकारी और निजी स्कूल शनिवार से अगले आदेश तक बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि घायल छात्र के इलाज के लिए जयपुर से विशेष विमान से तीन चिकित्सकों की टीम उदयपुर भेजी गई है।उदयपुर शहर, बेदला, बड़गांव, ब्लीचा, देबारी, एकलिंगपुरा, कानपुर, ढीकली और भुवाना क्षेत्र में शुक्रवार रात 10 बजे से 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इंटरनेट बंद करने का आदेश संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने जारी किया। जिलाधिकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर तीन चिकित्सकों की टीम विशेष विमान से जयपुर से उदयपुर आ रही है। उन्होंने बताया कि घायल छात्र की हालत स्थिर है। पोसवाल ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।उदयपुर में शुक्रवार को 10वीं कक्षा के छात्र द्वारा सहपाठी को चाकू घोंपने के बाद सांप्रदायिक तनाव के बीच भीड़ ने कई वाहनों में आग लगा दी।

और पथराव किया। हालात को देखते हुए शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह वारदात भट्टियानी चोहट्टा

# बिहार में गंगा पर बन रहे पुल का एक हिस्सा गिरा

भाषा। भागलपुर

**बिहार में गंगा** नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा शनिवार सुबह गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि इस पुल को तोड़ा जा रहा था और शनिवार को अचानक इसका एक हिस्सा गिर गया।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।भागलपुर और खगरिया जिलों को जोड़ने वाले इस पुल का एक स्लैब गिर गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें स्थानीय लोग दूर खड़े होकर यह चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं कि ढांचा एक बार फिर से गिर गया है।उल्लेखनीय है कि पुल का कुछ हिस्सा 2022 की शुरुआत में और एक साल बाद फिर से ढह गया था। खगड़िया के जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे ने कहा कि निर्माणाधीन पुल की पूरी संरचना को दोषपूर्ण माना गया और पटना उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार ठेकेदार द्वारा इसे तोड़ा जा रहा है। पुल का हिस्सा गिरने की इस घटने के कारण राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर नीतीश कुमार सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

# कुछ लोग राजनीतिक हित को राष्ट्र हित से ऊपर रखते हैं : उपराष्ट्रपति



**वेंकटचलम (आंध्र प्रदेश)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को यहां कहा कि देश में कुछ लोगों ने अपने राजनीतिक हित को राष्ट्र हित से ऊपर रखा है और उम्मीद है कि उन्हें सद्बुद्धि आएगी। उपराष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि ऐसे लोग देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए सर्वोच्च बलिदानों से कुछ सीखेंगे। नेल्लोर जिले के वेंकटचलम में स्वर्ण भारत ट्रस्ट की बैठक को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, देश में कुछ लोगों ने अनुचित कारणों से अपने राजनीतिक हित को राष्ट्र हित से ऊपर रखा है। उम्मीद करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि उनमें समझ आए। धनखड़ ने इस बयान से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार को चिंता व्यक्त की थी कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति उच्चतम न्यायालय से स्वतः संज्ञान लेने के लिए कह रहा है ताकि हमारी अर्थव्यवस्था को नष्ट करने के उद्देश्य वाले विमर्श को हवा दी जा सके। उनका इशारा संभवतः लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर था। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च बलिदानों के माध्यम से प्राप्त स्वतंत्रता को हर पल पोषित किया जाना चाहिए। इसके अलावा धनखड़ ने कहा कि प्रत्एक भारतीय को आर्थिक राष्ट्रवाद में विश्वास करना चाहिए और उन्होंने इसे स्थानीय वस्तुओं को बढ़ावा देने का परिचायक बताया।

# हिमंत ने झामुमो सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया

भाषा। गिरिडीह (झारखंड)



**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर राज्य में तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव सह-प्रभारी शर्मा ने शनिवार को गिरिडीह जिले के बेंगाबाद का दौरा किया। शर्मा ने हवलदार चौहान हेब्राम के परिजनों से मुलाकात की। चौहान की 12 अगस्त को हजारीबाग के एक अस्पताल में एक सजायाफ्ता कैदी ने हत्या कर दी थी। हेब्राम की मां से मुलाकात के बाद शर्मा ने कहा, झामुमो या कांग्रेस के किसी भी विधायक ने अभी तक आदिवासी पीड़ित परिवार से मुलाकात नहीं की है। आजीवन कारावास की सजा काट रहा कैदी शाहिद अंसारी हजारीबाग जिले के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) में हेब्राम पर रॉड से वार कर और सेलाइन पाइप से गला घोंटकर उसकी हत्या करने के बाद फरार हो गया था। अंसारी का अस्पताल में इलाज चल रहा था। असम के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि फरार कैदी को पकड़ने के लिए प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। शर्मा ने कहा कि जब उन्हें घटना के बारे में पता चला तो उन्होंने शनिवार सुबह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के प्रमुख बाबूलाल मरांडी के साथ हेब्राम के परिवार से मिलने का फैसला किया। शर्मा ने कहा, जब मैं यहां पहुंचा तो मुझे बताया गया कि पुलिस सुबह-सुबह हेब्राम के परिवार के सदस्यों को अपने साथ ले गई। यहां तक कि उनके साथ रहने वाले उनके ससुराल वालों को भी बाद में अपने साथ ले गई। इस सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति की सारी हदें पार कर दी हैं। शर्मा ने कहा कि उन्हें बताया गया कि पुलिस हेब्राम के परिवार के सदस्यों को कुछ कागजी कार्वाई के लिए हजारीबाग ले गई है।

# दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमले में 10 की मौत



● एक महिला और दो बच्चे भी शामिल

नाबातीह। दक्षिणी लेबनान में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए एक हमले में कम से कम 10 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हमास के दक्षिणी इजराइल पर हमले के एक दिन बाद आठ अक्टूबर को हिजबुल्ला उग्रवादी समूह और इजराइली सेना के बीच एक-दूसरे पर हमले किए जाने के बाद से नाबातीह प्रांत के वादी अल-कफूर पर यह हमला लेबनान पर किए गए सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है।हिजबुल्ला का कहना है कि जब तक गाजा पट्टी में युद्ध विराम नहीं हो जाता तब तक वह अपने हमले बंद नहीं करेगा।मंत्रालय के मुताबिक, मृतकों में एक महिला और उसके दो बच्चे शामिल हैं। पांच अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।इजराइली मंत्रालय के प्रवक्ता अविचय अद्री ने बताया कि दक्षिणी प्रांत में हुए इस हमले में हिजबुल्ला के हथियार डिपो को निशाना बनाया गया था।वादी अल-कफूर में बूचड़खाना चलाने वाले मोहम्मद शोएब ने बताया कि हमला एक औद्योगिक और नागरिक क्षेत्र में किया गया, जहां ईंट, धातु और एल्युमीनियम बनाने वाली फैक्टरियां और एक डेरी फार्म भी था।हमले में मारे गए तीन लोगों के संबंधी ने बताया कि वे (मृतक) फैक्टरी के कर्मचारी थे, जो हमले के वक्त उस गोदाम में रह रहे थे।उन्होंने इस बात से इनकार किया कि गोदाम में हथियार थे।हुसैन शाहीद ने बताया, ऐसा कुछ भी नहीं था। गोदाम में इमारतों के निर्माण के सभी तरह के औजार मौजूद थे। हिजबुल्ला ने बाद में इस हवाई हमले के जवाब में उत्तरी इजराइल में सफद के नजदीक ऐलेट हाशाहर समुदाय पर एक के बाद एक कई रॉकेट दागने की घोषणा की।बयान के मुताबिक, लेबनान में मारे गए सभी 10 लोग आम नागरिक थे।हिजबुल्ला आमतौर पर अपने सदस्यों के मारे जाने पर मौत की सूचना जारी करता है।इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से दागे गए 55 तोप के गोलों की पहचान की गई, जिनमें से कुछ खुले इलाकों में गिरे।

## मध्यस्थों की युद्धविराम की उम्मीदों के बीच गाजा में घातक हिंसा जारी

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता कराने के मध्यस्थों के प्रयासों के बीच इजराइल द्वारा शनिवार को गाजा पट्टी पर किए गए एक हवाई हमले में एक ही परिवार के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। पिछले 10 महीने से जारी इजराइल-हमास युद्ध में गाजा में मरने वालों की संख्या 40,000 से अधिक होने की स्वास्थ्य मंत्रालय की घोषणा और अमेरिका, मिस्र तथा कतर के अधिकारियों द्वारा दो दिन की संघर्षविराम वार्ता समाप्त करने के कुछ ही घंटे बाद यह हमला हुआ। वार्ता में समझौते पर मुहर लगाने की उम्मीद जताई गई है। दीर अल-बलाह स्थित एक अस्पताल के मुताबिक, गाजा के जावैदा शहर में एक घर और निकटवर्ती एक गोदाम पर शनिवार सुबह हवाई हमला हुआ।इस गोदाम में विस्थापित लोग रह रहे थे। इसी अस्पताल में हताहतों को ले जाया गया और एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने वहां लाए गए मृतकों की गिनती की। मारे गए लोगों में एक थोक व्यापारी भी शामिल है, जिसकी पहचान सामी जावेद अल-अजलाह के रूप में हुई है। सभी गाजा में मांस और मछली लाने के लिए इजराइली सेना के साथ समन्वय करता था।अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई गई मृतकों की सूची के अनुसार, मृतकों में उसकी दो पत्नियां, दो से 22 वर्ष की आयु के उसके 11 बच्चे, बच्चों की दादी और तीन अन्य रिश्तेदार भी शामिल हैं। हमले में मामूली रूप से घायल हुए पड़ोसी अबू अहमद ने कहा, वह (सामी) एक शांतिपसंद व्यक्ति था। उसने बताया कि हमले के समय घर और गोदाम में 40 से अधिक नागरिक शरण लिए हुए थे। एसोसिएटेड प्रेस की फुटेज में क्षतिग्रस्त गोदाम से बुलडोजर मलबा और ट्रक को हटाते दिखाई दिए। अबू अहमद ने बताया कि ट्रक का इस्तेमाल इजराइल से गाजा में मांस और मछली लाने के लिए किया जाता था।

# कांगो में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों के हमले में 16 ग्रामीणों की मौत, 20 का अपहरण

**भाषा**। किंशासा



उत्तर-पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध आतंकवादियों के हमलों में कम से कम 16 ग्रामीणों की मौत हो गई और 20 अन्य का अपहरण कर लिया गया। एक स्थानीय नागरिक समाज समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। न्यू सिविल सोसायटी ऑफ कांगो के समन्वयक जॉन बुल्वेरियो ने बताया कि एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज के हमलावरों ने इटुरी प्रांत के मम्बासा क्षेत्र में बुधवार और शुक्रवार के बीच स्थानीय लोगों पर उस समय हमले किए, जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया, मृतकों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि जो 20 अन्य लोग अपहृत किए गए हैं, उनकी कोई जानकारी नहीं है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि अपहृत किए गए लोगों में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी गिल्बर्ट शिवमवेदा की मां और बहन भी शामिल हैं। कांगो के कई गांवों को सत्ता और मूल्यवान खनिज संसाधनों के लिए लड़ने वाले स्थानीय विद्रोहियों या चरमपंथी विचारधारा वाले आतंकवादी समूहों ने घेर लिया है।

## रूस ने यूक्रेन के सुमी शहर पर मिसाइल दागी, यूक्रेनी बल कुर्स्क क्षेत्र में आगे बढ़े

**मॉस्को**। यूक्रेनी बलों के रूस के कुर्स्क क्षेत्र में प्रवेश करने के बीच मॉस्को ने यूक्रेन पर शनिवार को हमले जारी रखे। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि रूसी मिसाइल के हमले में सुमी शहर में दो लोग घायल हो गए तथा कारों और आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने शुक्रवार रात में कीव समेत अन्य शहरों में 14 रूसी ड्रोन को नष्ट कर दिया। वहीं, रूस के कुर्स्क क्षेत्र में लड़ाई जारी है जहां छह अगस्त से यूक्रेनी सैनिक डटे हैं। बृहस्पतिवार को यूक्रेनी सेना ने कहा था कि उसने रूसी सीमा में 10 किलोमीटर दूर सुदजा शहर पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। युद्ध-पूर्व लगभग 5,000 की आबादी वाला यह शहर, आक्रमण शुरू होने के बाद से यूक्रेन के सैनिकों के कब्जे में आने वाला सबसे बड़ा शहर है।

## नेपाल की विदेश मंत्री राणा भारत की यात्रा करेंगी

**काठमांडू**। नेपाल की नई विदेश मंत्री आरजू देउबा राणा रविवार से भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आएंगी। इस दौरान वह विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने और सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करेंगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राणा जयशंकर के निमंत्रण पर 18 से 22 अगस्त तक भारत की यात्रा करेंगी।

## हॉलीवुड के संगीतकार ग्रेग किहन का निधन

**सैन फ्रांसिस्को**। अस्सी के दशक के लोकप्रिय गीतों जेओपार्डी और द ब्रेकअप सॉन्ग के लिए मशहूर रॉक एंड रोल संगीतकार ग्रेग किहन का निधन हो गया है। वह 75 वर्ष के थे। किहन की वेबसाइट पर जारी एक बयान में उनकी प्रबंधन टीम ने बताया कि संगीतकार का अल्जाइमर बीमारी से मंगलवार को निधन हो गया। बाल्टीमोर में 10 जुलाई 1949 को जन्मे किहन 1970 के दशक में सैन फ्रांसिस्को चले गए थे जिसके बाद उन्होंने बेसर्क्ली रिकॉर्ड्स के साथ अनुबंध किया। ग्रेग किहन बैंड को पहली सफलता 1981 में द ब्रेकअप सॉन्ग से मिली। उन्होंने कई उपन्यास एवं लघु कथाएं भी लिखी।

## पंकज त्रिपाठी गणमान्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित

**न्यूयॉर्क**। अभिनेता पंकज त्रिपाठी को भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में आयोजित होने वाली इंडिया डे परेड के लिए गणमान्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। त्रिपाठी फिलहाल न्यूयॉर्क में हैं, जहां मैनहेटन में मेडिसन एवेन्यू में भारतीय समुदाय का प्रमुख संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन एनवाई-एनजे-सीटी-एनई (एफआईए) रविवार को 42वीं इंडिया डे परेड आयोजित करेगा। त्रिपाठी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि परेड में वसुधैव कुटुंबकम के संदेश के साथ-साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। अभिनेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम अमेरिका में लोगों को वसुधैव कुटुंबकम का अपना संदेश देंगे।

## लंदन के समरसेट हाउस में लगी आग

**लंदन**। मध्य लंदन में स्थित समरसेट हाउस में शनिवार को आग लग गई। समरसेट हाउस को कला स्थल के रूप में जाना जाता है।इमारत से धुआं और छत से लपटें निकलती हुई दिखाई दे रही थी। अग्निशमन दल आग को बुझाने का प्रयास कर रहा था। लंदन अग्निशमन विभाग ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नही चल पाया है।विभाग के मुताबिक, दमकल की 10 गाड़ियां और करीब 70 अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है।

## गाजा में 10 माह के बच्चे में पोलियो का पहला मामला सामने आया

**रामल्ला**। युद्ध प्रभावित गाजा में वर्षों बाद पोलियो का पहला मामला सामने आया है। दीर अल-बलाह शहर में 10 माह के एक बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई है। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बच्चे में पोलियो के लक्षण दिखाई देने के बाद जांच कराई गई, जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। इस बच्चे को पोलियो रोधी टीके की एक भी खुराक हासिल नही हुई थी। यह संक्रमण आम तौर पर पांच साल के कम उम्र के बच्चों में होता है और दूषित जल आदि से फैलता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान ऐसे देश है, जहां पोलियो का संक्रमण कभी थमा ही नही। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नही दी है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी (यूनिसेफ) ने इजराइल और हमास से सात दिन के लिए युद्ध रोकने की मांग की है, ताकि 6,40,000 फलस्तीनी बच्चों को पोलियो से बचाव का टीका दिया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि पिछले महीने गाजा के दो प्रमुख शहरों के अपशिष्ट जल मे पोलियो का वायरस पाया गया था।

# ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टरों ने कोलकाता बलात्कार मामले में न्याय की मांग को लेकर खुला पत्र लिखा

**भाषा**। लंदन



**ब्रिटेन में** भारतीय डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के एक समूह ने इस सप्ताहांत एक खुला पत्र जारी कर उस स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की है, जिसकी कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। पत्र में अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की निंदा की गई है और इस घटना को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार की निष्क्रियता की भी निंदा की गई है। इस घटना के खिलाफ लंदन में इंडिया हाउस के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए गए थे। ब्रिटेन के एडिनबर्ग और लीड्स जैसे शहरों में इसी तरह के प्रदर्शन किए गए थे। खुले पत्र में कहा गया है, यह घटना महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा और नागरिकों के प्रति सरकार की लापरवाही का नतीजा है। इसमें कहा गया है, आर जी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की मौत की घटना देश के सभी कार्यस्थलों पर सुरक्षा उपायों और आंतरिक शिकायत तंत्र को लागू करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को 31 वर्षीय महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई।

## ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने प्रदर्शन किया

**ढाका**। बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय के छात्रो ने पड़ोसी देश भारत में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में जारी प्रदर्शनो में शामिल होकर एकजुटता दिखाई। समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार शुक्रवार को आवाज तोलो नारी (आवाज उठाओ महिलाओं) के बैनर तले आयोजित यह प्रदर्शन ढाका विश्वविद्यालय में राजू स्कल्प्चर (ढाका विश्वविद्यालय में एक छात्र की स्मृति में बनाया गया स्मारक) के निकट किया गया। प्रदर्शनकारियो ने तख्तियां भी ले रखी थी जिन पर लिखा था बलात्कारियो को फांसी दो , क्या मै अगली हूं? , हिंसा बंद करो। ढाका ट्रिब्यून ने भौतिकी विभाग की छात्रा रहनुमा अहमद निरेट के हवाले से अपनी खबर में कहा, हम बंगाल में बलात्कार के मामले में मेडिकल कॉलेज प्रशासन के असहयोगपूर्ण रवैए से अवगत है।

## अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की नाबालिग ने की गोली मारकर हत्या

**वाशिंगटन**। अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना प्रांत में एक किशोर ने एक स्टोर में लूटपाट करने के बाद भारतीय मूल के 36 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सैलिसबरी पोस्ट के अनुसार 2580 एयरपोर्ट रोड स्थित टोबैको हाउस स्टोर के मालिक मेनांक पटेल की मंगलवार सुबह गोलीबारी में मौत हो गई। रोवन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार इस अपराध के लिए एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, चूंकि वह वयस्क नहीं है इसलिए पुलिस अधिकारी उसका नाम उजागर नहीं कर सकते। आरोपी को मंगलवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन कोई अतिरिक्त विवरण जारी नहीं किया गया।

# बिल गेट्स ने सिएटल में पहले भारत दिवस समारोह की शुरुआत की

**सिएटल-न्यूयॉर्क**। प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और अरबपति परोपकारी बिल गेट्स ने सिएटल क्षेत्र में पहले भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि सुरक्षित टीकों के निर्माण से लेकर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे तक हर क्षेत्र में भारत की कुशलता न केवल भारतीयों, बल्कि पूरे विश्व की मदद कर रही है। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष गेट्स ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में प्रथम भारत दिवस समारोह का उद्घाटन किया। सिएटल वाणिज्य दूतावास द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि गेट्स ने समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 2,000 से अधिक सदस्यों को संबोधित करते हुए भारत को प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व नवोन्मेष करने वाला एक वैश्विक नेता बताया। गेट्स ने इस बात पर जोर दिया कि कम लागत का सुरक्षित टीका बनाने और प्रवासी भारतीयों द्वारा दिखाए गए उल्लेखनीय नेतृत्व से लेकर भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी (डीपीआई) ढांचे तक-भारत की कुशलता न केवल भारतीयों, बल्कि पूरी दुनिया की मदद कर रही है। ग्लोबल साउथ के देश अपनी डीपीआई प्रणाली




बनाने के लिए भारत के अनुभव का लाभ उठा रहे हैं। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से अल्प विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। ग्लोबल साउथ शब्द आम तौर पर लातिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशेनिया के क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसका मतलब यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाहर दक्षिणी गोलार्द्ध और भूमध्यरेखीय क्षेत्र में स्थित खासकर ऐसे देशों से है, जो कम आय वाले हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में गेट्स ने कहा कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और भारतीय प्रवासियों के साथ मिलकर सिएटल वाणिज्य दूतावास में पहले भारत दिवस समारोह में भाग लेना सम्मान की बात है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशकर को टैग करते हुए पोस्ट में लिखा, भारत प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में ऐसे अभूतपूर्व नवोन्मेष करने वाला वैश्विक नेता है, जो जीवन की रक्षा कर रहे हैं और उसे सुधार रहे हैं। भारत सरकार, परोपकारी लोगों, निजी क्षेत्र, गैर-लाभकारी संस्थाओं और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ सहयोग करना सम्मान की बात है।

# बांग्लादेश में हाल में हुई हिंसा में लगभग 650 लोग मारे गएः संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट




**भाषा**। ढाका-जिनेवा

**संयुक्त राष्ट्र** मानवाधिकार कार्यालय (यूएनएचसीआर) ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच बांग्लादेश में अशांति के दौरान हिंसक घटनाओं में लगभग 650 लोग मारे गए। इस रिपोर्ट में न्याएतर हत्याओं, मनमानी गिरफ्तारियों और लोगों को हिरासत में लिए जाने की गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का सुझाव दिया गया है। बांग्लादेश में हालिया विरोध प्रदर्शन और अशांति का प्रारंभिक विश्लेषण शीर्षक वाली 10-पृष्ठ की रिपोर्ट के अनुसार, 16 जुलाई से चार अगस्त के बीच करीब 400 मौतें हुईं, वहीं पांच और छह अगस्त के बीच विरोध प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद लगभग 250 लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शनों के सत्ता विरोधी आंदोलन का रूप लेने के बाद शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। मीडिया और आंदोलन समूहों द्वारा उपलब्ध सार्वजनिक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच, भेदभाव-विरोधी छात्र प्रदर्शनों के बाद हिंसा की घटनाओं में 600 से अधिक लोग मारे गए। जिनेवा में शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि उस समय से प्रतिशोध में की गई हत्याओं की संख्या अभी निर्धारित की जानी बाकी हैं। यूएनएचसीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि सात से 11 अगस्त के बीच कई मौतें हुईं, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनकी हिंसा में लगी चोटों के कारण चिकित्सा उपचार के दौरान मौत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मरने वालों में प्रदर्शनकारी, राहगीर, पत्रकार और सुरक्षा बल के कई जवान शामिल थे। इसमें कहा गया है कि हजारों प्रदर्शनकारी और राहगीर घायल हुए तथा अस्पताल अत्यधिक मरीजों से भरे हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौतों की संख्या संभवत: कम आंकी गई है, क्योंकि कर्फ्यू और इंटरनेट बंद होने के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सूचना संग्रह में बाधा आ रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अधिकारियों ने अस्पतालों को मारे गए और घायल हुए लोगों का विवरण देने से रोका।

## बांग्लादेश में अंतरिम सरकार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्धः मोहम्मद यूनुस

**ढाका**। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त किया कि वह समावेशी और बहुलवादी लोकतंत्र की स्थापना सुनिश्चित करने तथा ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सके। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार यूनुस ने तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। भारत ने डिजिटल रूप से इस सम्मेलन की मेजबानी की।नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस (84) ने अपने देश में राजनीतिक उथल-पुथल और पांच अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे का जिक्र करते हुए कहा, आप सभी जानते है कि बांग्लादेश ने पांच अगस्त 2024 को एक दूसरी क्रांति देखी, जो हमारे बहादुर छात्रों के नेतृत्व में हुई जिसमें आम जनता भी शामिल हुई। यूनुस ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली वर्तमान अंतरिम सरकार ने आठ अगस्त को शपथ ली थी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार समावेशी और बहुलवादी लोकतंत्र में परिवर्तन सुनिश्चित करने और ऐसा माहौल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें स्वतंत्र, निष्पक्ष और भागीदारीपूर्ण चुनाव हो सके।अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और तोड़फोड़ के बीच यूनुस ने अंतरिम सरकार का कार्यभार संभाला था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति मे आयोजित शिखर सम्मेलन में यूनुस ने कहा, अब हमारा काम हमारी चुनाव प्रणाली, न्यायपालिका, स्थानीय सरकार, मीडिया, अर्थव्यवस्था और शिक्षा मे महत्वपूर्ण सुधार करना है। उन्होंने कहा, मै आपको जल्द ही ढाका आने के लिए आमंत्रित करता हूं। नही तो, आप कुछ महत्वपूर्ण जानकारी से चूक सकते है। युवा छात्र और 12-13 वर्ष की आयु के बच्चे इस 400 साल पुराने शहर की दीवारो पर नए लोकतांत्रिक पर्यावरण-अनुकूल बांग्लादेश की तस्वीरे बना रहे है। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, इसके लिए कोई केंद्रीय योजना या मार्गदर्शन नही है। किसी से कोई बजट समर्थन नही है। यह सिर्फ उनकी भावनाओं की अभिव्यक्ति और दूसरी क्रांति के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता है। सरकारी नौकरियो मे आरक्षण के खिलाफ विद्यार्थियो के व्यापक प्रदर्शन के बाद शेख हसीना (76) को इस्तीफा देना पड़ा था और पांच अगस्त को वह देश छोड़कर भारत चली गई थी।यूनुस ने कहा, हमें युवाओं और छात्रों को अपनी रणनीतियों के केंद्र में रखना चाहिए।

# अफ्रीका में एमपॉक्स के प्रकोप को नजरअंदाज किया गया

**भाषा**। जोहानिसबर्ग

● अब यह अगली वैश्विक महामारी बन सकता है



अफ्रीका में एमपॉक्स का प्रकोप इस तथ्य का एक और उदाहरण है कि कैसे संक्रामक रोगों को किसी दूसरे की समस्या समझा जाता है। विशेष तौर पर गरीबों व विकासशील देशों को प्रभावित करने वाली यह बीमारी अचानक विश्व के लिए अप्रत्याशित रूप से नया खतरा बन सकती है। नजरअंदाज की गई अन्य बीमारियों के उदाहरण वेस्ट नाइल, जीका और चिकनगुनिया वायरस हैं। एमपॉक्स का पता 1958 (बंधक बनाए गए बंदरों में, इसलिए मूल रूप से इसका नाम मंकीपॉक्स रखा गया) में चला था और इंसानों में इसके सबसे पहले मामले की पहचान 1970 में हुई थी। इसके बाद दशकों तक वैज्ञानिकों और जन स्वास्थ्य समुदायों ने इस संक्रामक रोग को नजरअंदाज किया क्योंकि यह अफ्रीका के ज्यादातर दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों में फैलने वाला एक असामान्य संक्रमण था, जिसका बाकी दुनिया में कोई नामोनिशान नहीं था।जब एमपॉक्स ने 2022 में विकसित देशों को प्रभावित करना शुरू किया तब जाकर शोधकर्ताओं ने शोध शुरू किए और वैज्ञानिक अध्ययनों की संख्या में इजाफा हुआ। अप्रैल 2022 के बाद से केवल एक मेडिकल सर्च इंजन पर ही पिछले 60 वर्षों की अपेक्षा अधिक शोध किए गए हैं।अफ्रीकी शोधकर्ताओं ने एमपॉक्स के निदान, उसके उपचार और संक्रमण को रोकने वाले उपकरणों में वैश्विक निवेश को बढ़ाने की जरूरत को लेकर बार-बार आह्वान किया, जिसके बावजूद 2022-23 में एमपॉक्स एक वैश्विक प्रकोप के रूप में सामने आया।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मध्य अफ्रीका में एमपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक जन स्वास्थ्य आपात स्थिति के रूप में घोषित कर दिया है।यह उन बीमारियों के लिए उच्चतम चेतावनी स्तर है, जो अन्य देशों के लिए जन स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न करती हैं और इनके लिए समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।हैरानी की वजह बना 2022 का प्रकोप-इस बीमारी को एमपॉक्स के रूप में नया नाम दिया गया लेकिन वायरस का नाम अब भी मंकीपॉक्स (एमपीएक्सवी) ही है। इसका स्मॉलपॉक्स वायरस से करीबी संबंध है। एमपीएक्सवी को मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में फैली बीमारी के रूप में जाना जाता था। यह मुख्य रूप से जंगली स्तनधारियों के साथ निकट संपर्क के माध्यम से फैलती है, लेकिन इस संक्रमण के मानव-से-मानव में फैलने का कोई प्रमाण नहीं है। कुछ चुनिंदा इलाकों के बाहर इस संक्रमण के इक्का-दुक्का मामले ही कभी-कभार सामने आते थे और उसमें भी संक्रमण के मामले संक्रमित यात्रियों या फिर संक्रमित छोटे स्तनधारियों के आयात के कारण सामने आते थे। हालांकि 2022 में अचानक इसमें बदलाव आया और इसका वैश्विक प्रकोप दिखा जब 116 देशों में 99,000 से अधिक मामले दर्ज किए गए। सिर्फ और सिर्फ अगस्त 2022 में प्रत्एक सप्ताह एमपॉक्स के 6,000 से अधिक मामले सामने आए।अचानक से फैला यह प्रकोप हैरान करने वाला था क्योंकि अधिकांश मामले ऐसे देशों से सामने आए थे, जहां ज्यादातर पुरुष हाल ही में पुरुषों के साथ यौन संबंध बनाने के दौरान संक्रमित हुए थे। भले ही ज्यादातर मामले चिकित्सकीय रूप से गंभीर नहीं थे और मरने वालों की संख्या 200 से कुछ ही अधिक रही, लेकिन 23 जुलाई 2022 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संक्रमण के वैश्विक प्रकोप को देखते हुए इसे जन स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया।

## क्विक न्यूज

### नेपाल में एवरेस्ट क्षेत्र में हिमनद झीलों के फटने से गांव में तबाही हुई थीः विशेषज्ञ

काठमांडू। सेना के अधिकारियो, नगर निकाय के अधिकारियो और वैज्ञानिकों ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की कि नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में ऊंचाई पर स्थित एक गांव में आई भीषण बाढ़ दो हिमनद झीलों के फटने के कारण आई थी, जिसने व्यापक तबाही मचाई थी। हिमनद झील फटने के कारण बड़ी मात्रा में अचानक पानी बह जाने के बाद शुक्रवार को बाढ़ आई। इसके कारण खुम्बू पासंग ल्हामू ग्रामीण नगर पालिका-5 के थामे गांव के आधे से अधिक मकान तबाह हो गए जो अब कीचड़ और गाद से ढक गए हैं। यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न लगभग 1.30 बजे हुई थी। समाचार पोर्टल माय रिपब्लिका की खबर के अनुसार दूधकोशी नदी की सहायक नदियों में से एक, थामे नदी में बाढ़ आने से हालांकि अभी तक किसी की मौत की खबर नही है, लेकिन एक व्यक्ति लापता बताया जा रहा है।

### नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 20 छात्रों का अपहरण किया

अबुजा। नाइजीरिया के उत्तर-मध्य क्षेत्र में बंदूकधारियो ने एक विश्वविद्यालय के छात्रों के वाहनों पर घात लगाकर हमला कर कम से कम 20 छात्रों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बेन्यू राज्य पुलिस प्रवक्ता कैथरीन एनेन ने बताया कि छात्र जब मेडिकल छात्रों के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए दक्षिण की ओर जा रहे थे, तभी बृहस्पतिवार शाम को बेन्यू में उन पर घात लगाकर हमला किया गया। यह हमला बेनुए ओटुक्पो मार्ग पर हुआ, जहां अपहरण की घटनाएं अक्सर होती रहती है। उत्तरी नाइजीरिया के कुछ हिस्सो में अपहरण की इस तरह की घटनाएं आम हैं। दर्जनों सशस्त्र समूह सीमित सुरक्षा व्यवस्था का फायदा उठाकर गांवो और प्रमुख सड़कों पर हमले करते है। अधिकतर पीड़ितो को फिरौती की रकम चुकाने के बाद ही छोड़ा जाता है। इन हमलों की वजह से कई लोगो ने सड़क मार्ग से यात्रा करना छोड़ दिया है। बेन्यू में जिन छात्रों का अपहरण किया गया, वे उत्तरी नाइजीरिया के मैदुगुरी विश्वविद्यालय और जोस विश्वविद्यालय के थे। इन विश्वविद्यालयो के छात्र समूहो ने हमलो की निंदा की और अधिकारियो से अपहृत यात्रियो की रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### फिक्की फ्लो बिजनेस प्रतिनिधिमंडल ने विदेश में स्वतंत्रता दिवस मनाया

रीगा (लातविया)। राष्ट्रीय अध्यक्ष जॉयश्री दास वेमा के नेतृत्व में फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) बिजनेस प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में, वर्तमान में फिनलैंड, स्वीडन, एस्टोनिया और लातविया का दौरा कर रही 63 महिला उद्यमियों और पेशेवरों ने यूरोपीय संघ के सदस्य देश लातविया की राजधानी रीगा में देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। समारोह के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फिक्की एफएलओ उन अजेय महिलाओं को सलाम करता है जो बाधाओं को तोड़कर सफलता की राह पर आगे बढ़ रही हैं। उद्यमिता, कौशल और शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना, जमीनी स्तर से लेकर कॉर्पोरेट तक महिलाओं का समर्थन करके एक उज्जवल, समावेशी भविष्य के लिए एफएलओ का मिशन है, एफएलओ अध्यक्ष सुश्री जॉयश्री दास वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोलते हुए कहा। बाद में फिक्की एफएलओ को लातविया गणराज्य के विदेश मंत्रालय में एक व्यावसायिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया। लातविया की ओर से उपस्थित लोगों में विदेश मंत्रालय के संसदीय सचिव डेस मेलबार्डे, विदेश व्यापार संवर्धन विभाग की उप निदेशक सोलविता गुलबे, लातविया गणराज्य के अर्थशास्त्र मंत्रालय में अंतरिक्ष और नवाचार नीति की वरिष्ठ विशेषज्ञ एंजेलिना बेकासोवा, विदेश मंत्री की आर्थिक सलाहकार एगिटा पोलांस्का, रीगाटेक गर्ल्स की सीईओ और सह-संस्थापक अन्ना एंडरसन, लातविया मदारा ग्रिंस्टीन मार्टा सेंटर, विकास सहयोग परियोजना प्रबंधक शामिल थे। एफएलओ अध्यक्ष ने बताया कि एफएलओ किस तरह भारत-लातविया व्यापार संबंधों को बढ़ाने की संभावनाओं और अवसरों की खोज करने की दिशा में काम कर रहा है, खासकर महिला उद्यमियों के बीच। फिनलैंड, स्वीडन, एस्टोनिया और लातविया के व्यापार मिशन के हिस्से के रूप में, फिक्की एफएलओ ने 12 अगस्त, 2024 को एस्टोनिया के तेलिन में भारत-एस्टोनिया महिला व्यापार मंच की मेजबानी की। एस्टोनियाई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा समर्थित, इस कार्यक्रम ने नेटवर्किंग और सहयोग के लिए एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया। मंच को एस्टोनिया में भारत के राजदूत महामहिम श्री अजनीश कुमार ने संबोधित किया, जिन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में बात की। अन्य उल्लेखनीय वक्ताओं में विदेश मंत्रालय सी अरवो एंटोन, एंटरप्राइज एस्टोनिया से श्रीमती इवा-क्रिस्टीना पोनोमारजोव, एस्टोनियाई संसद की सदस्य हनाह लाहे और एस्टोनियाई व्यापार समुदाय की कई प्रमुख हस्तियाँ शामिल थीं।

### जैकेट्स में मिस बुद्धिराजा ने बिखेरा कॉमेडी का जलवा

**हालीवुड**। जैकेट लॉस एंजेल्स के रोमांटिक अनुभवों और वातावरण की कहानी है। इस फिल्म में गीतिका सोफी का किरदार निभा रही हैं। वह एक बहुत आकर्षक लड़की है, जिससे इज़ाक एक कॉफी शॉप में मिलता है और वह उसकी रोमांटिक फैंटेसी बन जाती है। सोफी एलए की रहने वाली है और वहाँ के मजनुओं को अच्छी तरह से जानती है। इसलिए उसका ध्यान आकर्षित करना इतना आसान नहीं होगा। सोफी में आत्मविश्वास और सॉफिस्टिकेशन भरा हुआ है। वह जिससे भी मिलती हैए उस पर अपनी अमिट छाप छोड़ती है। उसे अपने इस आकर्षण के बारे में मालूम है और इसका उपयोग बहुत कुशलता से करती है। वह अपनी सुंदरता और बुद्धि एवं कौशल के बीच संतुलन बनाकर रखती है। इज़ाक के सपनों में सोफी के रूप में गीतिका का किरदार खतरनाक सुंदरी के प्यार में पड़ने की कहानी हैए जो हर दृश्य को अपेक्षाओं से अलग हास्य में ले जाती है। वास्तविकता और कल्पनाओं के बीच झूलते ये नाटकीय दृश्य सोफी के मोहक सौंदर्य और इज़ाक की कल्पनाओं के टकराव के साथ हास्यपूर्ण परिस्थितियाँ उत्पन्न करते हैं। जैकेट में डायरेक्टर एवं अभिनेता गेडी मेयर इज़ाक की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं गीतिका और बेंजामिन कार्लटन 2020 बीईटी अवार्ड . नॉमिनेटेड, गोल्डन ग्लोब अवार्ड , नॉमिनेटेड, क्रिटिक च्वाईस अवार्ड , विजेता नेटफ्लिक्स फिल्म एडी मर्फी अभिनीत डोलेमाईट इज़ माई नेमद्ध भी इसमें मुख्य किरदारों में हैं। इस फिल्म में अपने किरदार के लिए उत्साहित मिस बुद्धिराजा ने कहा कि स्लैपस्टिक कॉमेडी ने हमेशा से मुझे आकर्षित किया है,लेकिन इसके क्रियान्वयन के लिए बहुत सटीक और असाधारण टाईमिंग की जरूरत होती है।

### ग्रैमी विजेता सिंगर रोज़ा लिया के साथ गांएगी लीसा

**मुंबई**। विश्व की मशहूर रैपर,सिंगर, डांसर और स्टाईल आईकन लीसा लालीसा मनोबल ने ग्रैमी विजेता सिंगर .सॉंगराईटर रोज़ा लिया के साथ गठबंधन में एललाउड कोण आरसीए रिकॉर्ड्स के माध्यम से अपना नया सिंगल न्यू वीमैन रिलीज़ किया। न्यू वीमैन यहाँ सुना जा सकता है। मैक्समार्टिन एवं इल्या द्वारा निर्मित इस गीत में गायिका और रैपर के रूप में लीसा की प्रतिभा और रोज़ालिया की मीठी आवाज़ और विशिष्ट स्टाईल का बेहतरीन मिश्रण है। लीसा ने पहले इस नए सिंगल का टीज़र इस माह सोशल मीडिया पर देना शुरू किया था, जिसे पूरी दुनिया में फैन्स की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली। इस गीत की रिलीज़ के साथ लीसा ने न्यू वीमैन के लिए ऑफिशियल म्यूज़िक वीडियो भी साझा किया। डेव मेयर्स द्वारा निर्देशित और लॉस एन्जेल्स में फिल्माया गयाए वाई2के प्रेरित यह विज़ुअल अनेक हाई.फैशन विग्नेट्स द्वारा लीसा और रोज़ैलिया को उनके असाधारण स्टाईल में अद्भुत परफॉर्मर के रूप में पेश करता है। यहाँ देखिए। यह नया सिंगल उनके लेटेस्ट हिट सिंगल स्टॉकस्टारश् के रिलीज़ होने के बाद आया हैए जो रिलीज़ के बाद से ही चार्ट में सबसे ऊपर बना हुआ है। रयान टेडर एवं सैम होमी द्वारा निर्मित इस सिंगल की शुरुआत बिलबोर्ड ग्लोबल एक्स यूएस चार्ट में नंबर 1 पर और बिलबोर्ड ग्लोबल 200 वीकली में नंबर 4 पर हुई, जबकि स्पॉटिफी ग्लोबल डेली चार्ट में इसकी शुरुआत नंबर 8 पर हुई। यह पूरी दुनिया में 20 से ज्यादा बाजारों में चार्ट्स पर है।

# 90 मीटर की दूरी ऊपरवाले पर छोड़ दिया है : नीरज



**नई दिल्ली।** पेरिस खेलों में 90 मीटर के अपने लक्ष्य से मामूली अंतर से चूकने के बाद, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने इस लक्ष्य को अब भगवान के भरोसे छोड़ दिया है।नीरज ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में उनके छह प्रयास में से यह इकलौता वैध प्रयास था। लगातार दो ओलंपिक खेलों में पदक जीतना किसी भारतीय एथलीट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन नीरज लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। उनका प्रयास पाकिस्तान के अरशद नदीम के ओलंपिक रिकॉर्ड प्रयास से 92.97 मीटर से काफी कम था। नदीम इस दौरान व्यक्तिगत खेलों में पाकिस्तान के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। नीरज ने निकट भविष्य में अपने 90 मीटर के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा," अब लगता है कि इस तरह के लक्ष्य को ऊपरवाले पर छोड़ना होगा। उन्होंने जेएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं बस अच्छी तरह से तैयारी करना चाहता हूं और देखना चाहता हूं कि भाला कहां जाता है। 90 मीटर के बारे में पहले ही बात हो चुकी है, अब मुझे लगता है कि इसे रहने दो। पेरिस में मुझे लगा था कि यह होगा और यह हो सकता था। उन्होंने कहा, अब मैं अगले दो या तीन प्रतियोगिताओं में अपना 100 प्रतिशत दूंगा और देखूंगा कि क्या होता है। इस दौरान मैं अपनी खामियों को सुधारने पर काम करूंगा। नीरज लंबे समय से कमर की चोट से परेशान हैं लेकिन वह अपने खेल को जारी रखते हुए डायमंड लीग मीट में भाग लेंगे। वह 22 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगे और फिर ब्रुसेल्स में 13-14 सितंबर को डायमंड लीग फाइनल में भाग लेने के बाद चिकित्सकों से परामर्श लेंगे। आठ अगस्त को ओलंपिक फाइनल के बाद कुछ दिनों की व्यस्तता के बाद नीरज ने स्विट्जरलैंड में अभ्यास शुरू कर दिया है और चोट के बावजूद सत्र को शानदार ढंग से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।उन्होंने कहा कि उन्हें अपने खेल में थोड़ी तकनीकी बदलाव करने की जरूरत है।इस 26 साल के खिलाड़ी ने कहा, जब मैं भाले के साथ दौड़ता हूं तो क्रॉस स्टेप लेने पर कमर पर भी काफी दबाव पड़ता है। लेकिन अभी मैं अपनी तकनीक में बदलाव नहीं कर पा रहा हूं। इसके अलावा मेरी भाले की लाइन भी सही नहीं थी। उन्होंने कहा, पेरिस में आर्क स्पीड अच्छी थी लेकिन लाइन सही नहीं हो पा रही थी, अगर यह सीधी होती तो मैं इससे दो तीन मीटर दूर निकल सकता था। मैंने एक बार भी नहीं सोचा कि अरशद के थ्रो से बेहतर नहीं किया जा सकता। मेरा दिमाग तैयार था लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा था। ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग के फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए चोपड़ा को डायमंड लीग मीट सीरीज के शीर्ष छह में रहना होगा।उन्होंने कहा, मैं डायमंड लीग से पहले प्रशिक्षण के लिए स्विट्जरलैंड आया था। सौभाग्य से मेरी चोट नहीं बढ़ी क्योंकि मैंने इसका अतिरिक्त ख्याल रखा। मैं अन्य एथलीटों की तरह अपना सत्र जारी रखने के बारे में सोच रहा हूं। सत्र खत्म होने में एक महीना बाकी है। मैं इस बीच डॉक्टरों से मिलने की कोशिश करूंगा। भारत पेरिस पदक तालिका में पांच कांस्य और नीरज के रजत पदक के साथ बेहद खराब 71वें स्थान पर रहा। यह पूछे जाने पर कि भारत को एक खेल शक्ति बनने के लिए क्या करने की जरूरत है, नीरज ने कहा, विदेशों में प्रतिभाओं की खोज करने वाले अधिक लोग हैं। उदाहरण के लिए, मैंने भाला फेंकना सीखा, मुझे नहीं पता कि कैसे, मुझे यह पसंद आया इसलिए मैंने इसे अपनाया। लेकिन अगर हमारे पास प्रतिभा पहचान करने वाले हो तो हम और अच्छा कर सकते हैं। इसके अलावा, हम सिर्फ एक खेल पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते। हमें सभी खेलों में अच्छा होने की जरूरत है। मुझे लगता है कि पदक तालिका में जो देश शीर्ष (चीन, अमेरिका, जापान) पर हैं, वे सभी विभिन्न क्षेत्रों में शक्तिशाली देश हैं।

### चोपड़ा ने लुसाने डाइमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की

नई दिल्ली। भारत के दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शनिवार को 22 अगस्त को लुसाने में होने वाली आगामी डाइमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पुष्टि की। लंबे समय से ग्रोइन की चोट से परेशान नीरज ने हाल में संपन्न पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। तीन साल पहले उन्होने तोक्यो खेलो में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। नीरज ने वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा, मैंने अंततः 22 अगस्त को होने वाली लुसाने डाइमंड लीग में हिस्सा लेने का फैसला किया है। आठ अगस्त को ओलंपिक के भाला फेंक फाइनल के बाद कुछ दिन व्यस्त रहने के बाद नीरज ने स्विटजरलैंड मे ट्रेनिंग शुरू कर दी है और चोट के बावजूद सत्र को बेहतर तरीके से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्रुसेल्स मे 13-14 सितंबर को होने वाली सत्रांत डाइमंड लीग के बाद नीरज अपनी ग्रोइन की चोट को लेकर मे डॉक्टरो से परामर्श लेंगे और सर्जरी सबसे संभावित विकल्प है।

# अल्कराज ने हार के बाद रैकैट पर निकाला गुस्सा



**सिनसिनाटी।** चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में गेल मोनफिल्स से हारने के बाद अपना गुस्सा रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटककर तोड़ डाला। मोनफिल्स ने तीन सेट तक चले इस कड़े मुकाबले में 4-6, 7-6 (7-5), 6-4 से जीत दर्ज की। बारिश के कारण यह मैच गुरुवार को पूरा नहीं हो पाया था। दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कराज ने मैच के बाद कहा, मुझे ऐसा लगा जैसे यह मेरे करियर का अब तक का सबसे खराब मैच था। मैंने वास्तव में बहुत अच्छी तैयारी कर रही थी और मैं अच्छा महसूस कर रहा था लेकिन मैं उस तरह का खेल नहीं दिखा पाया। मैं इस मैच को भूल जाना चाहता हूं और अमेरिकी ओपन में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण माना जाता है।मोनफिल्स का सफर भी लंबा नहीं चला और शुक्रवार को बाद में खेले गए मैच में वह होल्गर रूण से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्त्युक पर 6-2, 6-2 की शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आर्यना सबालेंका भी एलिना स्वितोलिना पर 7-5, 6-2 से जीत के साथ आगे बढ़ने में सफल रही लेकिन फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उपविजेता रही जैस्मीन पाओलिनी को मीरा एंड्रीवा से 3-6, 6-3, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य मैच में अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन को 7-5, 6-। से हराया।

### मार्केटा वोंद्रोसोवा और कैम नॉरी अमेरिकी ओपन से हटे

**न्यूयॉर्क।** विबलडन 2023 की चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और कैम नॉरी चोटिल होने के कारण 26 अगस्त से शुरू होने वाली अमेरिकी ओपन टेनिस प्रतियोगिता से हट गए है।विश्व रैंकिंग में 18वें नंबर की खिलाड़ी वोंद्रोसोवा के हाथ में चोट लगी है जबकि नॉरी को बांह में समस्या है।चेक गणराज्य की 25 वर्षीय वोंद्रोसोवा ने पिछले साल विबलडन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी। उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक भी जीता था।अमेरिकी ओपन में महिलाओं के ड्रॉ में वोंद्रोसोवा की जगह पेट्रा मार्टिच को जबकि पुरुषों के वर्ग में नॉरी की जगह फ्रांसिस्को कोमेसाना को शामिल किया गया है।

### रेहान पीजीटीआई पर पदार्पण करते हुए जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

कोयंबटूर। दुबई के रहने वाले रेहान थॉमस ने पीजीटीआई में अपने पदार्पण को यादगार बनाते हुए शनिवार को यहां अंतिम दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कोयंबटूर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीता। चौबीस साल रेहान कल तक संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर थे लेकिन अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 अंडर 274 के कुल स्कोर से एक शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीतने में सफल रहे। वह पीजीटीआई में पदार्पण करते हुए जीत दर्ज करने वाले सिर्फ दूसरे गोल्फर है। थाईलैंड के परिया जुनहसवासदिकुल यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे जब उन्होंने 2016 में पीजीटीआई में पदार्पण करते हुए खिताब जीता था।गुरुग्राम के मनु गंडास अंतिम दौर में 67 के स्कोर से कुल 13 अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहे। वह तीसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से छठे स्थान पर थे।

### अदिति महिला स्कॉटिश ओपन में कट से चूकीं

इर्विन (स्कॉटलैंड)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रही। लेडीज यूरोपीय टूर पर पांच बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था। अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोन तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नही लगा पाईं। अदिति स्कॉटिश ओपन में आठ बार हिस्सा लेते हुए छह बार कट से चूकी है जबकि इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में आया जब वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। ऑस्ट्रेलिया की मिनजी ली (तीन अंडर 69) और मेगान खेग आठ अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही है।

### लाहिड़ी लिव गोल्फ ग्रीनबियर में संयुक्त 38वें स्थान पर

व्हाइट सल्फर स्प्रिंग्स (अमेरिका)। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी लिव गोल्फ ग्रीनबियर के शुरुआती दौर में पार 70 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। लाहिड़ी ने इस 54 होल की स्पर्धा के पहले दिन एक बोगी और एक बर्डी लगाई। पिछले साल के व्यक्तिगत चैम्पियन टेलोर गूच 54 खिलाड़ियों की प्रतियोगिता में बोगी रहित सात अंडर 63 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### जीव जांबिया गोल्फ लीजेंड्स में संयुक्त 19वें स्थान पर

लुसाका (जांबिया)। भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया गोल्फ लीजेंड्स के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर है। भारत में अगले हफ्ते लीजेंड्स टूर प्रतियोगिता की मेजबानी करने वाले जीव ने एक बर्डी और एक बोगी की जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। साइमन खान ने पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है और वह लीजेंड्स टूर पर पहली जीत दर्ज करने की ओर बढ़ रहे है।

### नदीम के स्वागत समारोह का निमंत्रण वापस लेकर हॉकी के दिग्गजो का अपमान किया: नाजिम

कराची। पूर्व हॉकी खिलाड़ी राव सलीम नाजिम ने शनिवार को दावा किया कि पाकिस्तान सरकार ने ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज के निमंत्रण को अतिथि प्रबंधन के नाम पर वापस लेकर कई ओलंपियन का अपमान किया है। नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान के पूर्व हॉकी खिलाड़ियों के मंच का नेतृत्व करने वाले नाजिम ने कहा, पीएम हाउस ने इस समारोह में शामिल होने के लिए हॉकी के कई दिग्गजो को निमंत्रण भेजा था और उन सभी को उनके निमंत्रण की पुष्टि करने वाले ईमेल मिले थे। लेकिन आखिरी समय में हमारे में

# प्रमोद का बाहर होना निराशाजनक पर पैरालंपिक पदक के दावेदार : झझड़िया

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय पैरालंपिक** समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि डोपिंग नियमों के उल्लंघन के कारण पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत का भारतीय दल से बाहर होना निराशाजनक है लेकिन इससे 28 अगस्त से शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए उनके 25 पदकों के लक्ष्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पेरिस पैरालंपिक का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होगा। इसमें भारत के 84 खिलाड़ी 12 खेलों में पदक के लिए जोर लगाएंगे। तोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता (पुरुष एकल एलएल तीन वर्ग) पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक वेयरअबारट (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल के विदाई समारोह के इतर झाझड़िया ने भाषा को दिए इंटरव्यू में प्रमोद के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इस तरह के मामले से निपटने की पूरी जिम्मेदारी खुद खिलाड़ी की होती है।उन्होंने कहा, देखिए, इस में कोई शक नहीं की प्रमोद भगत हमारे स्टार एथलीट और तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता हैं लेकिन मैंने 25 पदक का जो लक्ष्य बनाया है वह हमारे मौजूदा 84 खिलाड़ियों के दल से है। इसमें प्रमोद भगत शामिल नहीं है। बीडब्ल्यूएफ ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा था , बैडमिंटन विश्व महासंघ इसकी पुष्टि करता है कि भारत के तोक्यो 2020 पैरालम्पिक चैम्पियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिए निलंबित किया गया है और वह पेरिस पैरालम्पिक नहीं खेलेंगे। इसमें कहा गया , एक मार्च 2024 को खेल पंचाट (सीएएस) डोपिंग निरोधक प्रभाग ने भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन का दोषी पाया। वह एक साल में तीन बार अपना ठिकाना बताने में नाकाम रहे थे। छत्तीस वर्ष के एसएल3 खिलाड़ी भगत ने सीएएस (खेल पंचाट) के अपील विभाग में इस फैसले को चुनौती दी थी जो पिछले महीने खारिज हो गई। झाझड़िया ने कहा, प्रमोद की देश के लिए उपलब्धि काफी बड़ी है लेकिन खेल के जो नियम-कानून है उन्हें खिलाड़ी को किसी भी हालत में पूरा करना होता है। उनकी तरफ से कही ना कही कमी रही है। पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने वाले झाझड़िया ने कहा, प्रमोद का भारतीय दल में नहीं होना एक झटका है, क्योकि उन्होंने देश को पैरालंपिक का शीर्ष पदक दिलाया था। अबकी बार 25 पार लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैंने यह लक्ष्य कुछ परख कर बताया है। कई लोगों के दिमाग में यह है कि मैं बढ़ा-चढ़ा कर बोल रहा हूं। लेकिन मैंने खिलाड़ियों के अभ्यास को देखा है, हमने उनकी शारीरिक फिटनेस और मानसिक मजबूती पर काफी मेहनत की है। इस पूर्व भाला फेंक खिलाड़ी ने बताया कि इस बार हमारे खिलाड़ियों की संख्या पिछले आयोजन से काफी अधिक है और वे पहले की तुलना में अधिक खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित 19 पदक के साथ तालिका में 24वें स्थान पर था। उन्होंने कहा, मैंने 25 पदक और पदक तालिका में शीर्ष 20 में आने का लक्ष्य रखा है लेकिन हम इससे अधिक पदक जीतेंगे। तोक्यो पैरालंपिक में हमारे 56 खिलाड़ी थे, इस बार 84 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। हमरे खिलाड़ी पहली बार ब्लाइंड (दृष्टिबाधित) जूडो, पैरा नौकायन और पैरा साइकिलिंग में चुनौती पेश करेंगे।

# चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के विरोध में प्रदर्शन के कारण डूरंड कप का मैच रद्द

**कोलकाता।** मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच रविवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले डूरंड कप मैच को शहर में मौजूदा अशांति के कारण रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोलकाता पुलिस अधिकारियों और टूर्नामेंट के आयोजकों के बीच एक बैठक के बाद लिया गया।एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा, जबकि प्रशंसकों को खरीदे गए टिकटों का पूरा पैसा वापस मिलेगा। यह भी पता चला है कि कोलकाता में होने वाले डूरंड कप के सभी मैच जमशेदपुर में स्थानांतरित किए जा सकते हैं। इस मामले में हालांकि आधिकारिक बयान का इंतजार है। आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को मिला था, जिसके बाद से व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने अपने सहकर्मी के कथित बलात्कार और हत्या के विरोध में शनिवार को 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल फैन क्लब दोनों द्वारा विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद 66,000 क्षमता वाले स्टेडियम के पास लगभग एक लाख लोगों के इकट्ठा होने की उम्मीद है।

# डबल ट्रैप के दिग्गज निशानेबाज पीटर विल्सन ने भारतीय निशानेबाजी कोच पद के लिए आवेदन किया



**नई दिल्ली।** ग्रेट ब्रिटेन के महान डबल ट्रैप निशानेबाज पीटर विल्सन ने भारतीय टीम को कोचिंग देने में रुचि दिखाई है और उनका लक्ष्य 2028 लॉस एंजिल्स खेलों के लिए निशानेबाजों को प्रशिक्षित करना है। लंदन ओलंपिक 2012 में सबसे कम उम्र में डबल ट्रैप स्वर्ण पदक विजेता बने 37 वर्षीय विल्सन के नाम डबल ट्रैप में विश्व रिकॉर्ड है। वह क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन स्नो-बोर्डिंग दुर्घटना के बाद उन्होंने निशानेबाजी शुरू कर दी। ओलंपिक से डबल ट्रैप को हटाए जाने के बाद विल्सन ने ग्रेट ब्रिटेन के नाथन हेल्स को ट्रैप में प्रशिक्षण देना शुरू किया और पेरिस में उन्हें सफलता मिली जहां उनके शिष्य ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और इस स्पर्धा में देश के लिए पदक का 12 वर्षों का लंबा इंतजार खत्म किया। विल्सन ने इंग्लैंड से पीटीआई से कहा, मैंने अपना बायोडाटा भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को भेज दिया है और मुझे अब उनके जवाब का इंतजार है। उन्होंने कहा, मैं सीनियर टीम के साथ काम करके उन्हें लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों और जूनियर टीम को अगले आठ से 12 वर्षों के लिए तैयार करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य सफलता है और उन्हें भारत में काम करने में कोई परेशानी नहीं आएगी। इस दिग्गज निशानेबाज ने कहा, एशियाई खेल, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप जैसे आयोजन ओलंपिक पदक जीतने के लक्ष्य की दिशा में एक कदम है और वह इन आयोजनों में बेहतर नतीजे देने की कोशिश करेंगे। विल्सन को मेंबर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर (एमबीई) से सम्मानित किया जा चुका है।

# जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम चीन रवाना




**नई दिल्ली।** भारत ने अगले साल अपनी मेजबानी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले खिलाड़ियों का मजबूत पूल तैयार करने के इरादे से चीन के चेंगदू में 20 से 25 अगस्त तक होने वाली बैडमिंटन एशिया (अंडर-15।अंडर-17) जूनियर चैंपियनशिप के लिए 39 सदस्ईय टीम भेजी है। बेंगलुरू में व्यापक चयन ट्रायल के बाद चुनी गई भारतीय टीम का अंडर-17 वर्ग में नेतृत्व ज्ञान दत्तू और तन्वी रेड्डी एंडलुरी करेंगे जबकि अंडर-15 वर्ग में श्याम बिंदिगनविले और तन्वी पत्री शीर्ष एकल खिलाड़ी होंगे। चेंगदू में ही हुए बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के पिछले सत्र में भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था। बोर्निल चांगमेई ने अंडर-15 लड़कों के वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय और विदेशी कोचों के मार्गदर्शन में गुवाहाटी के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में व्यापक तैयारी शिविर के बाद भारतीय दल शनिवार को चेंगदू के लिए रवाना हुआ। टीम की संभावनाओं के बारे में बात करते हुए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, भारत बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के लिए सबसे बड़ी टीम में से एक को मैदान में उतार रहा है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम काफी पदक जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों और कोच ने शिविर में बहुत मेहनत की है और हमारे खिलाड़ी अब प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। शाइना मणिमुथु दो स्पर्धाओं में भाग लेने वाली एकमात्र खिलाड़ी होंगी। वह अंडर-17 वर्ग में लड़कियों के एकल अलावा एक्या शेट्टी के साथ युगल स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी।

### हमें महिला खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधा की जरूरत: नदीम

**कराची।** पेरिस ओलंपिक मे स्वर्ण पदक जीतने वाले पाकिस्तान के भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम ने कहा कि शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पाकिस्तान की महिला खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाओं की जरूरत है। व्यक्तिगत खेलो मे पाकिस्तान का पहला स्वर्ण पदक विजेता बनने के बाद नदीम पर पैसे और उपहारों की बारिश हो रही है। उन्हें अब तक 28 करोड़ (पाकिस्तानी) रुपए से ज्यादा की पुरस्कार राशि के साथ कई कार उपहार में मिली है।

# ग्रैंड शतरंज टूर: प्रज्ञानानंदा अंतिम स्थान पर, फिरोजा ने सेंट लुई चरण जीता

**भाषा।** सेंट लुई (अमेरिका)



**भारतीय ग्रैंडमास्टर** आर प्रज्ञानानंदा ने ब्लिट्ज वर्ग में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन इसके बावजूद सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रज्ञानानंदा के ब्लिट्ज वर्ग में आठ अंक रहे। वह इससे पहले रेपिड वर्ग में चार ही अंक जुटा पाए थे। इस ग्रैंड शतरंज टूर प्रतियोगिता में प्रज्ञानानंदा के कुल 12 अंक रहे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने रेपिड में 11 और ब्लिट्ज में 12 अंक से कुल 23 अंक के साथ खिताब जीता। फिरोजा ने दबदबा बनाते हुए दो दौर शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया था। इस जीत से फिरोजा को 40 हजार डॉलर की इनामी राशि मिली। प्रतियोगिता की कुल इनामी राशि एक लाख 75 हजार डॉलर थी। साथ ही इस नतीजे से फिरोजा ग्रैंड शतरंज टूर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। वह अमेरिका के फाबियानो करुआना से आगे निकल गए जो पिछली दो प्रतियोगिता जीतने के बाद यहां प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए। फिरोजा के 30.58 अंक हैं और वे करुआना से काफी आगे हैं जिनके 26.75 अंक हैं। टूर रैंकिंग में तीसरे स्थान के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत करने वाले प्रज्ञानानंदा 17.25 अंक के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए।प्रज्ञानानंदा को दो दिन में शुरू हो रही आखिरी प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप में पोडियम में जगह बनाने के लिए किसी चमत्कार की जरूरत है। इस प्रतियोगिता में विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश भी हिस्सा लेंगे।

## क्विक न्यूज

### कोठारी, सितवाला बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल से हारे

**मुंबई।** राष्ट्रीय चैंपियन सौरव कोठारी (स्नूकर) और ध्रुव सितवाला (बिलियर्ड्स) को वेस्टर्न इंडिया बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शनिवार को हार का सामना करना पड़ा जबकि पंकज आडवाणी अपने दोनों मैच जीतने में सफल रहे। रेलवे के पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन कमल चावला ने कोठारी (ओएनजीसी) को सीनियर स्नूकर स्पर्धा में 5-3 (71-38, 53-65, 96-0, 70-9, 29-79, 55-17, 26-96, 96-40) से हराया। तमिलनाडु के एस श्रीकांत ने बिलियर्ड्स के लगभग ढाई घंटे तक चले अंतिम आठ मुकाबले में सितवाला को 694-610 से हराया। श्रीकांत ने इस दौरान 248 का शानदार ब्रेक बनाया। श्रीकांत ने इसके बाद स्नूकर में लक्ष्मण रावत को 5-4 (15-65, 40-59, 64-62, 78-22, 87-29, 72-58, 19-68, 59-22, कलघ 69-31) से शिकस्त दी। आडवाणी ने स्नूकर में अनुज उप्पल को 5-0 (50-।, 78-18, 73-24, 109-5, कलघ 91-15) जबकि बिलियर्ड्स में रयान राजमी को 898-449 से हराया।

### अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 43 सदस्यीय भारतीय टीम लेगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियो का 43 सदस्ईय दल 27 से 31 अगस्त तक लिमा मे होने वाली अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेगा। इस दल में 23 पुरुष और 20 महिला खिलाड़ी है। प्रतियोगिता की प्रविष्टि सूची के अनुसार इसमे 134 टीमो के 1700 से अधिक खिलाड़ी एस्टाडियो एटलेटिको डे ला विडेना मे होने वाले आयोजन मे प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछले सत्र में दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर संयुक्त 25 वां स्थान हासिल किया था। भारतीय दलः पुरुषः हिमांशु, सचिन (10,000 मीटर पैदल चाल)अ कार्तिक राजा अरुमुगम, मुराद कालूभाई सिरमन (400 मीटर बाधा दौड़)अ अंकुल, रिहान चौधरी, बापी हांसदा, अबीराम प्रमोद, जय कुमार (4 गुणा 400 मीटर रिले)अ बापी हांसदा, जय कुमार (400 मीटर)अ सिद्धार्थ चौधरी, अनुराग सिंह क्लेर (गोला फेंक)अ मृत्युम जयराम दोंडापति (100 मीटर)अ हरिहरन कथैरवण, नयन प्रदीप सारदे (110 मीटर बाधा दौड़)अ साहिल खान (800 मी)अ सारुक खान, रणवीर अजय सिंह (3000 मीटर स्टीपलचेज़)अ देव कुमार मीना (पोल वॉल्ट)अ प्रतीक (तार गोला फेंक)अ रितिक (चक्का फेंक)अ मोहम्मद अत्ता साजिद (लंबी कूद)अ दीपांशु शर्मा, रोहन यादव (भाला फेंक)। महिलाः आरती (10,000 मीटर पैदल चाल)अ रुजुला अमोल भोंसले, नियोले अन्ना कॉर्नेलिया, सुदीक्षा वल्दुरी, अबिनया राजराजन, सिया अभिजीत सावंत (4 गुणा 100 मीटर रिले)अ नीरू पहतक, उन्नति अयप्पा बोलैंड (200 मीटर)अ नीरू पहतक, अनुष्का कुंभार (400 मीटर)अ तमन्ना (गोला फेंक)अ अबिनया राजराजन (100 मीटर)अ उन्नति अयप्पा बोलैंड (100 मीटर बाधा दौड़)

### द.अफ्रीका ने वेस्टइंडीज पर 239 रन की बढ़त बनाई

प्रोविडेंस। एडेन मार्करम और काइल वेरेन के अर्धशतको की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 239 रन की बढ़त हासिल कर ली।अपनी पहली पारी मे 160 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 223 रन बनाए है। वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 144 रन पर आउट हो गई थी।मार्करम ने 50 रन बनाए जबकि वेरेन 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर वियान मुल्डर 34 रन बनाकर खेल रहे है।इससे पहले वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर ने नाबाद 54 रन की पारी खेली। उन्होंने शमर जोसेफ (25) के साथ दसवे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके वेस्टइंडीज को दक्षिण अफ्रीका के स्कोर के करीब पहुंचाया।प्रोविडेंस स्टेडियम में शुरुआती दिन 17 और दूसरे दिन आठ विकेट गिरे। वियान मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले जेडेन सील्स ने दूसरी पारी मे अभी तक 52 रन देकर तीन विकेट लिए है।इन दोनो टीम के बीच त्रिनिदाद मे खेला गया पहला मैच बारिश से प्रभावित रहा था तथा ड्रॉ समाप्त हुआ था। दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के बाद इन दोनो टीमो के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

### ईशिता, अविधा, ईशान, दीपक को दोहरे स्वर्ण



**लखनऊ।** सृष्टि तिवारी ने 34वीं सीनियर लखनऊ जिला स्वीमिंग चैंपियनशिप-2024 में दमदार प्रदर्शन करते हुए तिहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के तरणताल में आयोजित इस चैंपियनशिप के पहले दिन ईशिता पाण्डेय, अविधा पंडित, ईशान रस्तोगी, दीपक प्रजापति ने दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। रेड रोज की सृष्टि तिवारी ने महिला 100 मीण्बटरफ्लाई स्ट्रोक के साथ 100 मी फ्री स्टाइल और 200 मी.व्यक्तिगत मिडले में भी पहला स्थान हासिल किया। इसके साथ सिटी कॉलेज की ईशिता पाण्डेय ने 200 मीण्ब्रेस्ट स्ट्रोक व 50 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण जीतने के साथ 100 मी.फ्री स्टाइल में रजत पदक जीता। आईटी कॉलेज की अविधा पंडित ने 100 मी.बैक स्ट्रोक व 400 मी फ्री स्टाइल में पहला स्थान हासिल किया। केकेसी के ईशान रस्तोगी ने पुरुष 100 मी.बटरफ्लाई स्ट्रोक व 200 मी.व्यक्तिगत मिडले में स्वर्णिम सफलता हासिल की। एमटी के दीपक प्रजापति ने 100 मी. फ्री स्टाइल व 50 मीण्ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण जीते। इसके अलावा सीएमएस गोमतीनगर प्रथम के आद्विक कौशिक ने पुरुष 1500 मी. फ्री स्टाइल, एक्सीलिया के अंश खुराना ने पुरुष 200 मी.ब्रेस्ट स्ट्रोक,सीएमएस आरएन के शीतां, गौतम ने पुरुष 100 मी.बैक स्ट्रोक केवि सीआरपीएफके अर्घोदीप विश्वास ने पुरुष 400 मी.फ्री स्टाइल ने भी स्वर्ण पदक जीते।

### भारत की रियोहलांग धर फीफा अंडर-17 महिला विश्व में सहायक रैफरी होंगी

**नई दिल्ली।** रियोहलांग धर डोमीनिकन गणराज्य में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए चुनी जाने वाली दूसरी भारतीय महिला सहायक रैफरी बन गई है। मेघालय की 34 वर्षीय रियोहलांग को शुक्रवार को फीफा ने 38 मैच अधिकारियों की सूची में शामिल किया जो 10 अक्टूबर से तीन नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में अधिकारी की भूमिका में मौजूद रहेंगी। उवेना फर्नांडिस विश्व कप में अधिकारी की भूमिका निभाने वाली पहली भारतीय महिला सहायक रैफरी है। उवेना ने जोर्डन में 2016 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में जिम्मेदारी निभाई थी। मेघालय पुलिस विभाग में काम करने वाली रियोहलांग ने कहा, विश्व कप के लिए मेरी नियुक्ति बहुत सम्मान की बात है। इस सहायक रेफरी ने कहा, मुझे फीफा की उम्मीदो पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। मै यह भी ध्यान रखूंगी कि मै वहां भारत के प्रतिनिधि के तौर पर रहूंगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।